श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 157, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बजट 2024

₹ 48.21 लाख करोड़ रुपये का बजट

निर्मल बजट

बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत, रोजगार सृजन, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन पर जोर

सीतारमण ने अपना सातवां और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया

मंगलवार को पेश आम बजट में आयकर मोर्चे पर मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत देने और अगले पांच साल में रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपये के आवंटन किया गया है। मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव हो गया है।



32.07 लाख करोड़ रुपये बजट अनुमान, ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियां

4.9% जीडीपी का वित्तीय घाटा

4.5% से घाटे को अगले साल तक नीचे लाने का लक्ष्य

25.83 लाख करोड़ रुपये सकल कर प्राप्ति

12 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3 .4 प्रतिशत) का प्रावधान पूंजीगत व्यय के लिए

स्टार्टअप में निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी/ ब्यूरो

आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत के साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के शासन वाले राज्यों- बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कई परियोजनाओं का भी ऐलान किया। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया। वहीं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है।

सीतारमण ने अपना सातवां और नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए स्टार्टअप में सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त करने की घोषणा की। जब कोई गैर-सूचीबद्ध या स्टार्टअप कंपनी शेयर जारी कर पूंजी जुटाती है और उसका मूल्य कंपनी के उपयुक्त बाजार मूल्य से अधिक होता है, तब उस पर एंजल कर लगाया जाता है। बजट में मोबाइल फोन एवं सोने पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है और पूंजीगत लाभ कर को सरल बनाया गया है। हालांकि, वित्त मंत्री ने प्रतिभूतियों के वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को बढ़ा दिया। बिहार के लिए एक्सप्रेसवे, बिजलीघर, हेरिटेज कॉरिडोर और नए हवाई अड्डों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन करने की घोषणा की। बिहार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू राज्य के लिए आर्थिक पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रही है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय सहायता के रूप में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) हाल ही में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुई है। सीतारमण ने कहा इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग और पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं और उपायों के लिए पांच साल की अवधि में दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का निर्धारण किया गया है। उन्होंने मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव किया। मानक कटौती के तहत आयकर की गणना करने से पहले वर्ष में अर्जित कुल वेतन में से निश्चित राशि घाटा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे करदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत सालाना 17,500 रुपये तक की बचत होगी। नई व्यवस्था में कर की दरें कम हैं। हालांकि, इसमें मिलने वाली छूट भी न के बराबर है। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बजट में कंपनियों के लिए प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इसमें पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक महीने के वेतन का भुगतान और रोजगार के पहले चार वर्षों में उनके सेवानिवृत्ति निधि अंशदान के संबंध में नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल के लिए 3,000 रुपये प्रति माह तक का 'रिम्बर्समेंट' शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि कौशल में सुधार के साथ छात्रों के लिए इंटर्नशिप के लिए एक कार्यक्रम चलाया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए रियायती कर्ज भी प्रदान किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में भारत की आधिकारिक बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत आंकी गई है, लेकिन निजी एजेंसियों के मुताबिक इसका स्तर कहीं अधिक है। सीतारमण ने कहा कि सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024-25 के लिए फरवरी में पेश अंतरिम बजट में अनुमानित 5.1 प्रतिशत से कम है। इसका कारण मजबूत कर संग्रह और भारतीय रिजर्व बैंक से अपेक्षा से अधिक लाभांश प्राप्ति है। उन्होंने सकल बाजार उधारी को मामूली रूप से घटाकर 14.01 लाख करोड़ रुपये कर दिया। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ किफायती आवासों के निर्माण के लिए सहायता, छोटे और मझोले उद्यमों को कर्ज सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्यमों के लिए कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये, 12 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में उधारियों को छोड़कर कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ और व्यय 48.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया है। शुद्ध कर प्राप्ति 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है।



बजट की प्राथमिकताएं

- खेती में उत्पादकता
- रोजगार और क्षमता विकास
- समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय
- विनिर्माण और सेवाएं
- शहरी विकास
- ऊर्जा सुरक्षा
- अधोसरंचना
- नवाचार, शोध और विकास
- अगली पीढ़ी के सुधार

4.1 करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार

15 हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रोत्साहन राशि

32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी किसानों की खेतीबाड़ी के लिए

1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए

15,000 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता आंध्र प्रदेश को मौजूदा वित्त वर्ष में मिलेगी

3 लाख करोड़ का आवंटन महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए

15,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती पर

1,000 करोड़ की उद्यम पूंजी निधि मिलेगी अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को पांच गुणा बढ़ेगी

3 दवाइयां कैंसर की ट्रेस्टूजुमाब डिरूक्सटीकेन, ओसिमर्टिनिब और डुर्वालुमैब को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट

6% सीमा शुल्क घटा सोने और चांदी पर, प्लेटिनम पर 6 .4 प्रतिशत

01 करोड़ किसानों को प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग के साथ दो वर्षों में देश में प्राकृतिक कृषि से जोड़ा जाएगा

10,000 आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे प्राकृतिक खेती के लिए

21,400 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत परियोजनाएं

500 करोड़ से घटाकर 250 करोड़ की गई खरीददारों को ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा

50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक छूट करने का प्रस्ताव

40% से घटाकर 35% होगी विदेशी कंपनियों पर कारपोरेट कर दर

30 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 14 बड़े शहरों के लिए कार्यान्वयन और वित्तपोषण रणनीति के साथ आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी

15% मूलभूत सीमा शुल्क घटाया मोबाइल फोन, मोबाइल प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेम्बली (पीसीबीए) और मोबाइल चार्जर पर

5% टीडीएस दर घट कर 2 प्रतिशत टीडीएस दर विभिन्न भुगतानों पर

20% प्रतिशत टीडीएस दर को समाप्त करने का प्रस्ताव म्युचुअल फंडों या यूटीआई द्वारा यूनिटों की पुन : खरीद पर

सीतारमण ने रिकॉर्ड सातवीं बार लगातार पेश किया बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को देश का आम बजट पेश कर दिया है। यह उनका रिकॉर्ड 7वां बजट था। वह लगातार 7 बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन गई हैं। उन्होंने मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं कीं। सफेद सिल्क साड़ी में वित्त मंत्री का बजट भाषण 1 घंटा और 25 मिनट तक चला। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सबसे लंबा बजट भाषण देने का रिकॉर्ड भी बनाया था। आइए एक नजर उनके सभी बजट भाषणों समेत अन्य रिकॉर्ड पर डाल लेते हैं।

पहला पेपरलेस बजट भी पेश कर चुकी हैं सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना पहला बजट साल 2019 में दिया था। उनका यह बजट भाषण पूरे 2 घंटे और 15 मिनट तक चला था। उसके अगले साल ही 2020 में बजट पेश करते हुए उन्होंने भारत के सबसे लंबे बजट भाषण का रिकॉर्ड बना दिया था। उस दौरान वित्त मंत्री 2 घंटे 42 मिनट तक बोली थीं। साल 2021 का बजट भाषण 1.40 मिनट का था। हालांकि, इसने भारत के पहले पेपरलेस बजट होने का रिकॉर्ड बनाया था। साल 2023 में निर्मला सीतारमण का बजट भाषण 1 घंटा और 30 मिनट चला था। इसके बाद इसी साल फरवरी में उन्होंने अंतरिम बजट के दौरान 57 मिनट का भाषण दिया था।

मनमोहन सिंह ने बोले थे सबसे ज्यादा शब्द

भारत के इतिहास में शब्दों के हिसाब से सबसे लंबा बजट भाषण मनमोहन सिंह ने साल 1991 में दिया था। उन्होंने अपनी स्पीच के दौरान 18,700 वर्ड बोले थे। उनके ठीक बाद अरुण जेटली का नंबर आता है। उन्होंने 18,604 शब्दों में अपना बजट भाषण दिया था। देश का सबसे छोटा बजट सिर्फ 800 शब्दों का था। इसे साल 1977 में हीरूभाई एम पटेल ने पेश किया था। यह अंतरिम बजट था। निर्मला सीतारमण अपने बजट भाषणों के जरिए देश के आर्थिक विकास के बदलते परिदृश्य का उल्लेख करती रही हैं।

प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी रकम, पुरानी पेंशन बहाली न होने पर राज्य कर्मियों में निराशा

उप्र को मिला पांच हजार करोड़ ज्यादा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: देश के आम बजट में इस बार प्रदेश को लगभग पांच हजार करोड़ रुपये ज्यादा रकम की व्यवस्था की गई है। ये रकम प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी। रोजगार, औद्योगिक विकास, महिलाओं के उत्थान समेत विभिन्न योजनाएं तेजी से आगे बढ़ सकेंगी।

लोकसभा चुनाव के पहले मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। इस बजट में केन्द्रीय करों में प्रदेश का अंश 2,18,816.84 करोड़ था जो इस बजट में बढ़कर 2,23,737.23 करोड़ हो गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार बजट से सोलर पैनल, सोलर सेल, कैंसर की दवाएं, एक्सरे मशीन, मोबाइल फोन, चार्जर, इलेक्ट्रिक वाहन, चमड़े के जूते, चप्पल, पर्स आदि सस्ते होंगे, इससे आम लोगों को सीधा फायदा होगा। बजट में ग्रामीण विकास के लिये 2.66 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर रू. 20 लाख की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिये 10 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्क स्थापित किये जायेंगे। 100 शहरों में या उसके आस-पास निवेश के लिये तैयार प्लग एण्ड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जायेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का चौथा चरण शुरू किया जाएगा। बजट में राज्य कर्मियों के पुरानी पेंशन की घोषणा न किये जाने से कर्मियों में निराशा है। ऊर्जा क्षेत्र के वितरण क्षेत्र के विकास के लिए कोई रकम आवंटित नहीं की गई है।



रोजगार को बढ़ावा देने को ईपीएफओ के जरिये तीन योजनाओं की घोषणा

नई दिल्ली। संगठित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले नये कामगारों के लिए ईपीएफओ के जरिए तीन योजनाओं की घोषणा की। रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से लाई गईं इन योजनाओं के लिए कुल केंद्रीय परिव्यय 1.07 लाख करोड़ रुपये है। ये योजनाएं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार इससे जुड़ने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन देंगी। इनसे कर्मचारियों और नियोक्ताओं को समर्थन मिलेगा। वित्त मंत्री ने बताया सभी संगठित क्षेत्रों में पहली बार ईपीएफओ की योजनाओं से जुड़ने वालों को योजना-क के तहत एक महीने का वेतन सरकार देगी। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को तीन किस्तों में एक महीने का वेतन दिया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगा।

इन बदलावों पर नजर जरूरी

- गिरवी या तृतीय पक्ष गारंटी के बिना मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए एमएसएमई को आवधिक ऋण की सुविधा देने के लिए ऋण गारंटी योजना
- 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से अगले पांच वर्ष में एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास जरूरतों का समाधान
- 100 साप्ताहिक 'हाट' या स्ट्रीट फूड हब के विकास में सहायता अगले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष चुनिंदा शहरों में
- विष्णुपद मंदिर गलियारा, महाबोधि मंदिर गलियारा और राजगीर का व्यापक विकास।
- टैक्स अधिकरणों, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में प्रत्यक्ष करों, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपीलों को दायर करने के लिए मौद्रिक सीमाओं को क्रमश: 60 लाख रुपये, दो करोड़ रुपये और पांच करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव
- सरकार नियोक्ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये हर महीना
- पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास के लिए नई योजना
- 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना
- सरकार की योजनाओं और नीतियों के तहत किसी लाभ के लिए पात्र नहीं होने वाले युवाओं को घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण
- तीन साल में किसानों और उनकी जमीन को शामिल करने हेतु कृषि में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) को लागू किया जाएगा।
- अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के साथ गया में औद्योगिक केंद्र का विकास
- जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विकास के 63,000 गांवों के पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे।
- उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 शाखाएं खोलना
- तरुण श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख
- इस वर्ष भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज रहित दीर्घावधि ऋण का प्रावधान
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध होगा बिहार में कोसी-मेची अंतर्राज्यीय लिंक और अन्य योजनाओं जैसी परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता
- सरकार बाढ़, भूस्खलन और अन्य संबंधित परियोजनाओं के लिए असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम को सहायता देगी
- ओडिशा के मंदिरों, स्मारक, शिल्प, वन्य जीव अभयारण्य, प्राकृतिक भू-दृश्य और प्राचीन समुद्री तट के विकास हेतु सहायता।
- अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के वित्तीय पूल व्यवस्था
- सभी भू-खण्डों के लिए अनन्य भूखंड पहचान संख्या (यूएलपीआईएन) अथवा भू-आधार
- कृषक रजिस्ट्री से जोड़ना वन स्टॉप समाधान के लिए ई-श्रम पोर्टल को अन्य पोर्टलों से जोड़ना
- नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों के योगदान से एक योजना के रूप में एनपीएस वात्सल्य
- चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के तहत एक्सरे ट्यूब और मेडिकल एक्सरे मशीनों में इस्तेमाल हेतु फ्लैट पैनल डिडेक्टरों पर मूलभूत सीमा शुल्क में बदलाव
- 25 महत्वपूर्ण खनिजों को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट
- सोलर सैल और पैनलों के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाली भारी वस्तुएं सीमा शुल्क के दायरे से बाहर
- लौह, निकेल और ब्लिस्टर तांबे पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- तांबा स्क्रैप पर 2.5 प्रतिशत रियायती मूलभूत सीमा शुल्क
- रेजिस्टरों के विनिर्माण हेतु ऑक्सीजन मुक्त तांबे पर कुछ शर्तों पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- अमोनियम नाइट्रेट पर मूलभूत सीमा शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत
- प्लास्टिक पीवीसी फ्लैक्स बैनरों पर मूलभूत सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत
- दूरसंचार उपकरण के पी.सी.बी.ए. पर बीसीडी को 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत
- फ्यूचर्स और ऑप्सन्स के विकल्पों पर सिक्यूरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स को बढ़ाकर क्रमश: 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत करने का प्रस्ताव

सोना-चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती का उद्यमियों ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

रत्न एवं आभूषण उद्योग ने आम बजट में सोने और चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती करने के सरकार के कदम का स्वागत किया। उद्योग ने कहा कि इससे आदान (इनपुट) लागत कम होगी, मूल्य संवर्धन बढ़ेगा, निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू विनिर्माण को लाभ मिलेगा।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा, 'देश में सोने और कीमती धातु के आभूषणों में घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ाने के लिए मैं सोने और चांदी पर सीमा शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत और प्लैटिनम पर 6.4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करती हूं।' पहले सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत था। सोने और चांदी के 'डोर' पर शुल्क पहले के 14.35 प्रतिशत से घटाकर 5.35 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्लैटिनम, पैलेडियम, ऑस्मियम, रूथेनियम और इरीडियम पर सीमा शुल्क 15.4 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन विपुल शाह के अनुसार, आयात शुल्क में कमी हमारे उद्योग के लिए एक बड़ा बढ़ावा है, जो कार्यशील पूंजी जारी करके उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य और विनिर्माण क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएगा। शाह ने कहा, 'विशेष अधिसूचित क्षेत्रों (एसएनजेड) में बिक्री के लिए कच्चे हीरों पर दो प्रतिशत समानीकरण शुल्क को समाप्त करने और सुरक्षित बंदरगाह नियम की शुरूआत भारत को वैश्विक हीरा व्यापार केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगी।'

उन्होंने कहा कि ये उपाय इस क्षेत्र के विकास को गति देंगे, छोटे पैमाने के हीरा तराशने वालों और पॉलिशरों के लिए लाखों नौकरियां पैदा करेंगे और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने कहा, 'स्वर्ण उद्योग के लिए, सोने पर मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) में कमी से घरेलू आभूषण उद्योग की समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।' उन्होंने कहा कि यह सोने पर कुल करों को प्रभावी रूप से जीएसटी सहित लगभग 18.5 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत कर देगा। उन्होंने कहा, ''यह सही दिशा में एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह सोने की तस्करी को हतोत्साहित करेगा। यह ईमानदार कारोबारियों को प्रतिस्पर्धा का समान अवसर देगा। सोने की कीमतें स्थानीय स्तर पर भी सही होंगी, जिससे खुदरा सोने की मांग को बढ़ावा मिलेगा, जो भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए एक और प्रोत्साहन है।

शुल्क में कमी से तस्करी में आएगी कमी

मालाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, 'उम्मीद है कि शुल्क में कमी से सोने की तस्करी में भारी कमी आएगी, जिससे अवैध व्यापार पर अंकुश लगेगा और कर राजस्व में वृद्धि होगी। इस कटौती से संगठित खुदरा आभूषण विक्रेताओं, उपभोक्ताओं और सरकार को लाभ होगा।' अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, 'सीमा शुल्क में कमी से घरेलू आभूषण निर्माताओं, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को लाभ होगा, जिससे उन्हें धीरे-धीरे औपचारिक चैनल की ओर संक्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।' इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा, 'हमारा मानना है कि यह फैसला आभूषण और सर्राफा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा और नए अवसर पैदा करेगा।' आयात शुल्क में कमी के साथ, पीएनजी ज्वैलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल को 'सोने की खपत में वृद्धि और सोने की कीमतों में नरमी की उम्मीद है, जो हाल ही में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है।'



श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 157, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़ 16

फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज 15

नई ऊर्जा, सुनहरे भविष्य, नए अवसर वाला बजट विकसित भारत की ठोस नींव रखेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में करेगा उत्प्रेरक का काम

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को नई उर्जा, बेहतर विकास और सुनहरे भविष्य के साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर लेकर आने वाला बताया और कहा कि यह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में 'उत्प्रेरक' का काम करेगा तथा विकसित भारत की ठोस नींव भी रखेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए 2024-25 के बजट को उन्होंने समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला करार दिया और कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन संबंधी योजना से देश में करोड़ों नए रोजगार पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है। ये ढेर सारे नए रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है। ये बेहतर वृद्धि (ग्रोथ) और सुनहरा भविष्य लेकर आया है। आज का बजट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने और उस पूरी प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और इससे नया मध्यम वर्ग बना है, यह उनके सशक्तीकरण की निरंतरता का भी बजट है। उन्होंने कहा कि यह नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। इस बजट से शिक्षा और स्किल (कौशल) को नई गति मिलेगी। यह मध्यम वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट है। यह जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और इससे छोटे व्यापारियों व लघु उद्योगों को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें विनिर्माण और अवसंरचना विकास पर भी बल दिया गया है जिससे आर्थिक विकास को नयी गति मिलेगी और निरंतरता मिलेगी। रोजगार और स्वरोजगार के 'अभूतपूर्व' अवसर को अपनी सरकार की पहचान करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश में करोड़ों नए रोजगार उत्पन्न होंगे और जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह सरकार देगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटेंसिव (प्रोत्साहन) की योजनाएं, इससे गांव के गरीब युवाओं को देश की शीर्ष कंपनियों में काम करने का अवसर मिलेगा, उनके सामने संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। हमें हर शहर, हर गांव में घर-घर उद्यमी बनाना है। बिना गारंटी मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।

भारतवासियों की आकांक्षाओं को साकार करेगा बजट : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह बजट भारतवासियों की आकांक्षाओं को साकार करेगा व देश को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किया गया बजट ऐतिहासिक, दूरदर्शी, समावेशी, सर्वस्पर्शी और सर्वग्राही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 में उत्तराखंड में दैवीय आपदा से होने वाले नुकसान के लिए विशेष सहायता पैकेज देने के लिए प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस विशेष पैकेज से आपदाओं से होने वाला नुकसान राज्य के विकास को बाधित नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने विकसित भारत के लिए 9 प्राथमिकताओं को बजट में शामिल किया है जो भारत के समग्र विकास को सशक्त करने कारगर सिद्ध होगा। यह बजट आम आदमी के जीवन में खुशहाली लाने का काम करेगा।

बजट में की गई उत्तर प्रदेश की उपेक्षा : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आम बजट में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए बिहार व आन्ध्र प्रदेश के विशेष पैकेज या विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। युवाओं को दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण व संविदा नौकरी को लेकर उन्होंने कहा कि युवाओं को एक-दो साल का प्रशिक्षण दिलाकर इस तरह की नौकरी के सपने दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस आधी-अधूरी नौकरी में आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश प्रधानमंत्री देता है, उसके किसानों के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं? देश का नौजवान पक्की नौकरी चाहता है। जब तक किसान के मसले हल नहीं होंगे और नौजवानों की पक्की नौकरी नहीं होगी तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा।

घटकों में रेवड़ी बांटकर कुर्सी बचाने का बजट : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बजट 2024-25 को 'कुर्सी बचाए' रखने के लिए गठबंधन के सहयोगियों की बात मानकर उन्हें खुश करने वाला बजट करार दिया और कहा कि इसमें कांग्रेस के न्याय एजेंडे की नकल का विफल प्रयास किया गया है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का यह 'नकलची बजट'। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बाँट रहा है, ताकि राजग बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है। गांधी ने कहा कि यह 'कुर्सी बचाओ' बजट है। सहयोगियों को खुश करें- अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे। अपने मित्रों को खुश करें- एए को लाभ, आमजन को कोई राहत नहीं। कॉपी और पेस्ट करें : कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले बजट।

एक नजर

तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर फरार

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक स्कार्पियो गाड़ी से तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि कानोड लसाडिया मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान आई स्कार्पियो गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। तलाशी में करीब तीन क्विंटल डोडा चूरा सहित स्कार्पियो गाड़ी को जब्त कर लिया। दो तस्कर भागने में सफल हो गए।

बलरामपुर में हाथियों का उत्पात, एक की मौत

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हाथियों के दलों का उत्पात जारी है। अभी तक हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल है जबकि रजखेता गांव में धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के बगरा गांव में सोमवार की रात राजा सिंह अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ किसी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। इसी बीच दोनों का सामना हाथियों के दल से हो गया। राजा राम को हाथियों ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं लक्ष्मण सिंह को घायल कर दिया।

युवक की मौत की जांच सीबीआई को सौंपी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था।

दोबारा नहीं होगी नीट-यूजी

सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई परीक्षा को रद कर दोबारा कराने की गुहार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने कहा- जांच में नहीं मिले प्रश्नपत्रों के सार्वजनिक होने के सबूत
- दोबारा परीक्षा कराने का निर्देश देना करीब 24 लाख छात्रों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा

सुप्रीम कोर्ट ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित 5 मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद कर दोबारा आयोजित कराने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाएं ठुकराते हुए कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद आंकड़े प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से सार्वजनिक होने के संकेत नहीं देते हैं।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उपलब्ध आंकड़ों की जांच में कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके की प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने समेत अन्य अनियमितताओं के पीछे परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की प्रणालिगत विफलता है।

पीठ ने कहा कि हमारा विचार है कि रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के आधार पर इस अदालत द्वारा प्रतिपादित स्थापित सिद्धांतों के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करने का आदेश देना उचित नहीं है।

पीठ ने हालांकि कहा कि यदि जांच में में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि का पता चलने पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद किसी भी स्तर पर ऐसे किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी अभ्यार्थी इस धोखाधड़ी में शामिल पाया जाता है या लाभार्थी है, उसे नामांकन जारी रखने में किसी भी निहित अधिकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा। पीठ ने कहा कि यह सच है कि नीट यूजी 2024 का प्रश्न पत्र हजारीबाग और पटना में सार्वजनिक हुआ था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि हजारीबाग और पटना के केवल 155 विद्यार्थी ही इसके (प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं) के लाभार्थी थे।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वर्तमान वर्ष के लिए नए सिरे से नीट कराने का निर्देश देना इस परीक्षा में बैठने वाले करीब 24 लाख से विद्यार्थियों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा। पीठ ने यह भी कहा कि दाखिले के कार्यक्रम में व्यवधान से भविष्य में योग्य चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर प्रभाव समेत अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद फैसला दिया गया। पीठ ने कहा कि नीट परीक्षा 05 मई को आयोजित की गई थी और परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परीक्षा में लगभग 23 लाख 33 हजार अभ्यर्थी उपस्थित हुए। मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए 1.08 लाख सीटें हैं, जिनमें से 56000 सीटें सरकारी कॉलेजों में और बाकी निजी संस्थानों में हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र और एनटीए का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा सहित अन्य की दलीलें चार दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुनाया।

भौतिकी के प्रश्न का केवल एक उत्तर सही था

नई दिल्ली। आईआईटी, दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नीट-यूजी 2024 में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प उक्त प्रश्न का सही जवाब है। पीठ ने कहा कि समिति के जवाब के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपनी उत्तर पुस्तिका में सही थी, जिसमें चौथे विकल्प को सही बताया गया था।

फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 20 लोग गिरफ्तार

- सरकारी योजनाओं में ऋण दिलाने के बहाने ऐंठते थे रुपये

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और सरकारी योजनाओं के तहत ऋण मुहैया कराने के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में नौ महिलाओं सहित 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने मंगलवार को कहा कि अनुमान है कि 400 से अधिक पीड़ित कॉल सेंटर की धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, जिसके कारण कुल 40 लाख रुपये की ठगी हुई है। पुलिस पहले ही देश भर में 50 से अधिक पीड़ितों की पहचान कर चुकी है। डीसीपी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के लाडो सराय इलाके से संचालित यह फर्जी कॉल सेंटर सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगता था। डीसीपी ने बताया कि वे एकत्रित किए गए विवरणों का इस्तेमाल अपने खातों में पैसे हस्तांतरित करने के लिए करते थे। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को नौ महिला टेली-कॉलर्स समेत 20 लोगों को गिरफ्तार किया गयाा है और उनके पास से कुल 32 मोबाइल फोन, 48 फर्जी सिम कार्ड, चार लैपटॉप और 23 बैंक खाते जब्त किए गए, जांच जारी है।

बजट में रेलवे के लिए दो लाख 62 हजार 200 करोड़ का प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेल संरक्षा पर खर्च होंगे एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये : वैष्णव

रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि के बीच आए आम बजट में रेलवे के पूंजीगत आवंटन में एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक संरक्षा के लिए व्यय करने का प्रस्ताव किया गया है। रेल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मीडिया को बजट प्रस्तावों की जानकारी देते हुए कहा कि बजट में रेलवे के लिए रिकॉर्ड दो लाख 62 हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि वर्ष 2014 में रेलवे के लिए पूंजीगत आवंटन 35 हजार करोड़ रुपये के आसपास रहता था। उन्होंने कहा कि इस दो लाख 62 हजार 200 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय में से एक लाख आठ हजार 795 करोड़ रुपये संरक्षा के मद में खर्च किए जाने हैं। संरक्षा के मद में पुरानी रेल पटरियों को बदलना, कवच का नया 4.0 संस्करण लगाना, इंजन एवं कोचों के अनुरक्षण, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने आदि में यह धनराशि खर्च की जाएगी।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों की सवारी है। इसलिए जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों की मांग बढ़ी है। पूंजीगत व्यय से करीब 10 हज़ार जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों के उत्पादन किया जाएगा। कवच के नए संस्करण के बारे में उन्होंने कहा कि कवच 4.0 में भारतीय रेलवे के सभी तरह की प्रणालियों को समाहित करते हुए नया साफ़्टवेयर बनाया गया है। जिसे दो तीन पहले ही आरडीएसओ लखनऊ से स्वीकृति हासिल हुई है। अब इसको तेजी से बड़े पैमाने पर उत्पादन करके अधिक से अधिक लाइनों पर लगाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि रोज़गार की दृष्टि से देखें तो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के 10 साल के शासनकाल में चार लाख 16 हजार नियुक्तियां हुईं थीं जबकि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पांच लाख से अधिक लोगों को रेलवे की नौकरी मिली है। इस वर्ष भी 38 से 40 हजार लोगों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

यूट्यूबर एल्विश यादव धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुआ

- कहा, यूके में था इसलिए 10 जुलाई को नहीं पहुंच सका

लखनऊ। यूट्यूबर एल्विश यादव मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। एजेंसी ने उनसे धनशोधन मामले के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर पूछताछ की। इस दौरान एल्विश यादव ने कहा कि मुझे जो कहना था, मैं पहले ही कह चुका हूं। जो मुझसे मांगा गया था, मैं उसे दे चुका हूं। अब हर उस सवाल का जवाब दूंगा, जो मुझसे पूछा जाएगा। बता दें कि ईडी ने बीती 10 जुलाई को यूट्यूबर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन एल्विश ने ईडी से मोहलत मांगी थी।

यूट्यूबर एल्विश यादव लंबे समय से स्नैक वेनम (सांप का जहर) मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्हें पुलिस एक बार गिरफ्तार भी कर चुकी है। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने भी एल्विश यादव को बीती 10 जुलाई को नोटिस जारी किया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। मीडिया के सवाल पर एल्विश ने कहा कि मैं यूके गया था, जिसके कारण पेश नहीं हो पाया। ऐसे में मैंने पेश होने के लिए मोहलत मांगी थी। इस पर उन्हें 23 जुलाई तक का समय दिया गया था। एल्विश ने कहा कि मेरे ऊपर जो आरोप लगे हैं, उसकी कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ईडी के अधिकारी जो भी सवाल करेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा। बताते चलें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एल्विश के करीबी और हरियाणा के मशहूर गायक राहुल यादव उर्फ फाजिल पुरिया समेत तीन लोगों से ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है।

युवक थाईलैंड में बंधक 22 लाख फिरौती मांगी

संवाददाता, प्रयागराज

- पांच अन्य भारतीयों को बनाया गया बंधक, सभी दुबई में कर रहे नौकरी

> मामला विदेश से जुड़ा है। परिवार वालों से बातचीत कर जो भी उचित होगा किया जाएगा। -पुष्कर वर्मा, एसीपी प्रयागराज

अमृत विचार : प्रयागराज जिले के एक युवक को थाईलैंड में बंधक बना लिया गया है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि करीब दस दिनों से बेटे से कोई बात नहीं हुई है। 22 जुलाई को युवक के फोन से 22 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई। रुपये डॉलर में ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा है। अब युवक का फोन बंद है। पीड़ित परिजनों ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय को पत्र लिखने के अलावा विदेश मंत्रालय से युवक को वापस लाने की गुहार लगाई है।

प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के दरियाबाद निवासी जिया पंजतन (26) दुबई की एक कंपनी में काम करता था। उसके साथ भारत के अन्य चार युवक भी थे। जिया पंजतन और अन्य युवक दुबई से थाईलैंड के लिए 10 जुलाई को इंडिगो की फ्लाइट से गए थे। आखिरी बार उनकी 13 जुलाई को परिजनों से बातचीत हुई थी। इसके बाद से जिया का संपर्क टूट गया। घरवालों का कहना है कि युवकों को बैंकॉक के एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया है। वॉट्सऐप, इंस्टा, फेसबुक, मैसेंजर पर ऑनलाइन नहीं हैं। जिया की बहन कनीज ने कहा- 22 जुलाई को मेरे भाई ने मुझे वॉट्सऐप पर कॉल किया। भाई ने कहा इन लोगों ने मुझे बंधक बना लिया है। ये लोग मुझसे 22 लाख रुपये डॉलर में मांग रहे हैं। मेरी तरह 5 लड़के यहां बंधक बने हैं। 23 जुलाई तक का समय दिया है। कनीज ने विदेश मंत्रालय और पीएमओ को ई-मेल के जरिए बेटे को छुड़ाने के लिए प्रार्थना पत्र भेजा है। जिया के बड़े भाई बक्शीश दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

थाईलैंड में बंधक बनाए गए जिया पंजतन के पिता आले पंतजन रिटायरमेंट के बाद अपनी पत्नी के साथ गांव में रहते हैं।

बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ निलंबित

- पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि

लखनऊ। बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इन अधिकारियों को दो दिनों में जवाब देने को कहा गया है। आपदा से हुई जनहानि व क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर शासन स्तर से यह कार्रवाई की गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया है। जिन पांच एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, उनमें बांदा, चित्रकूट, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर और मुजफ्फनगर के एडीएम एफआर क्रमशः संतोष सिंह, उमेश चंद्र निगम, उमा शंकर, एस सुधाकरन व गजेंद्र कुमार शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सिद्धार्थनगर की सदर तहसील के एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, हाथरस की शादाबाद तहसील के एसडीएम संजय कुमार सिंह व अलीगढ़ की अतरौली तहसील के एसडीएम अनिल कुमार कटियार से जवाब-तलब किया है। इन अधिकारियों को भी दो दिन में जवाब देने को कहा गया है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में आपदा से हुई जनहानि का सर्वे पूरा कर 24 घंटे में मुआवजा दिया जा रहा है, वहीं इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

पुंछ में घुसपैठ की कोशिश हाथरस के सुभाष शहीद

जम्मू, एजेंसी

- सेना के जवानों ने ध्वस्त किए आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया, जिस दौरान एक जवान शहीद हो गया। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सतर्क सैनिकों ने तड़के तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब देकर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। कोर ने कहा कि भारी गोलीबारी के दौरान एक वीर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है।

सूत्रों के अनुसार, सैनिकों को कृष्णाघाटी के बट्टल अग्रिम क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों का पता चला और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हाथरस (यूपी) के निवासी लांस नायक सुभाष कुमार भीषण मुठभेड़ में घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सैनिक का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद सेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। हाल के महीनों में जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे क्षेत्र में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने की आशंका बढ़ गई है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

असाधारण परिस्थितियों में ही बेल पर लगाएं रोक

- शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को किया खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अदालतों को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जमानत आदेश पर रोक लगानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए यह बात कही, जिसमें धन शोधन के एक मामले में एक आरोपी की जमानत पर रोक लगाई गई थी। पीठ ने कहा कि हालांकि, अदालत के पास जमानत पर रोक लगाने का अधिकार है, लेकिन ऐसा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेश पर रोक लगाने से बचना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह फैसला धन शोधन के एक मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर सुनाया।

बजट 48.21 लाख करोड़

16.13 लाख करोड़ की व्यवस्था उधार से

राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के बजट में कुल 48.21 लाख करोड़ के व्यय का अनुमान लगाया है और राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 5.1% रहने का अनुमान लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष में, संशोधित अनुमानों के अनुसार राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत था। बजट निर्माण में वित्त वर्ष 2024-25 में चालू कीमतों पर जीडीपी में 10.50 की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के दौरान पेश बजट पत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 3,26.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2023-24 के 2,95.36 लाख करोड़ की तुलना में 10.50 प्रतिशत अधिक है। बजट अनुमानों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में केंद्र की शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़, कर-भिन्न प्राप्तियां 5.46 लाख करोड़ तक रहेंगी तथा पूंजी प्राप्तियां 16.91 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

पूंजी गत प्राप्तियों में उधार और अन्य देयताताओं के मद में प्राप्तियां 16.13 लाख करोड़ अनुमानित हैं। विनिवेश से 50 हजार करोड़ प्राप्त होने का अनुमान है, जो अंतरिम बजट के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष में विनिवेश से 33122 करोड़ प्राप्त हुए थे। चालू वित्त वर्ष में सरकार के कुल 4820512 करोड़ के अनुमानित व्यय में राजस्व खाते पर व्यय 3709401 करोड़, ब्याज भुगतान पर 1162940 करोड़ तथा पूंजीगत सम्पत्तियों के सृजन के लिए अनुदानों पर 3.91 लाख करोड़ के व्यय का प्रावधान है।

प्रस्तावों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 प्रतिशत के रहेगा। सरकार की वित्तीय स्थिति को और मजबूत बनाने की राह पर आगे और प्रगति का विश्वास जताते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। उन्होंने कहा चालू वित्त वर्ष में सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से बाजार से सकल 14.01 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटायेगी। वर्ष के दौरान जुटाया गया कर्ज शुद्ध रूप में 11.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 में उन्होंने राजकोष को मजबूत बनाने की जो वृहद योजना प्रस्तुत की, उससे अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा हुई है, और सरकार अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखेगी। बुनियादी आर्थिक, सामाजिक और अनुसंधान एवं विकास ढांचे को बढ़ाने की योजनाओं के साथ बजट में 11 लाख 11,111 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है जो जीडीपी के 3.4 प्रतिशत के बराबर है। पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों के अनुसार 2023-24 में पूंजीगत व्यय 9.49 लाख करोड़ रुपये था।

पूंजीगत लाभ कर में बदलाव से सरकारी खजाने में 15 हजार करोड़ रुपये का इजाफा: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि बजट में पूंजीगत लाभ कर की दरों में प्रस्तावित बदलाव से सरकारी खजाने को 15,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त मिलने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने बजट में पूंजीगत लाभ कर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया। साथ ही प्रतिभूति और अचल संपत्ति समेत विभिन्न संपत्तियों को अपने पास रखने की अवधि को तर्कसंगत बनाया गया है। दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर के लिए सूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों को एक वर्ष से अधिक समय तक जबकि असूचीबद्ध वित्तीय परिसंपत्तियों तथा सभी गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों को कम से कम दो वर्षों तक रखना होगा। विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें गैर-सूचीबद्ध बॉण्ड तथा डिबेंचर शामिल नहीं है उसमें मौजूदा स्लैब दरें लागू होंगी। सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद कहा कि सरकार कराधान व्यवस्था को सरल बनाना चाहती है। सीतारमण ने कहा कि औसत कराधान घटकर 12.5 प्रतिशत रह गया है... हम इसे न्यूनतम स्तर पर ले आए हैं जिससे बाजार में निवेश को बढ़ावा मिला है। बजट में सूचीबद्ध शेयर, शेयर में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड और कारोबारी ट्रस्ट की इकाइयों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ कर (एसटीसीजी) को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भी है। वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन ने कहा कि बजट ने पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को बेहद सरल बना दिया है। सोमनाथन ने कहा कि इक्विटी 20 प्रतिशत पर है और बाकी सब कुछ अल्पावधि के लिए लागू दर पर है।

सरकार ने भेदभाव के बिना सभी राज्यों को धन दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ की सहायता का वादा, 50 वर्षों तक बिना ब्याज के रुपये देने का प्रावधान
- बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना का प्रस्ताव रखा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि सरकार ने बजट में उन राज्यों को विशेष सुविधा दी है, जहां उसके सहयोगी दलों की सरकार हैं। उन्होंने कहा कि जिनके गठबंधन को 230 से सीटें मिली हैं, उन्हें इस पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि केंद्र ने सभी राज्यों को धन मुहैया कराया है। बिहार के लिए घोषित करोड़ की परियोजनाओं और आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय सहायता उपलब्ध कराने के वादे पर उन्होंने कहा कि बजट में सभी राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व गठबंधन के साथ, हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आराम से सरकार बनाई है। यह ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कार्यकाल में विकास के लिए कई घोषणाएं की हैं, जिसमें राज्यों को 50 वर्षों तक बिना ब्याज के 1.50 लाख करोड़ रुपये देने का प्रावधान शामिल है। यह वित्त आयोग की सिफारिश से अलग है। बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना का प्रस्ताव रखा गया है।

पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ रुपये तक

पूंजीगत व्यय के लिये राजस्व खाते से दिए अनुदानों को जोड़ें तो वर्ष के दौरान प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ तक रहेगा। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 16.13 लाख करोड़ (जीडीपी के 4.9% के बराबर) रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष, संशोधित अनुमानों में 16.54 लाख करोड़ (जीडीपी के 5.6%) के बराबर था। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच साल तक अवसंरचना विकास को अपना ठोस समर्थन बनाये रखेगी। बजट में राज्यों को अवसंरचना विकास के लिये 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त दीर्घकालिक ऋण का प्रावधान किया गया है। बजट में केंद्र सरकार को करों से शुद्ध प्राप्ति प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में ग्रामीण इलाकों में 25,000 छोटी बस्तियों तक सड़क पहुंचाने का लक्ष्य है।

बजट में आम आदमी के हितों पर दिया गया ध्यान: उद्योग जगत

नई दिल्ली। उद्योग जगत ने बजट 2024-25 को आम आदमी के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजकोषीय मजबूती के मार्ग पर अग्रसर बताने के साथ ही कहा कि इसमें भारतीय निवेशकों के लिए कुछ और कदम उठाए जा सकते थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा कि बजट से पता चलता है कि मोदी सरकार का इस कार्यकाल में लक्ष्य राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की राह पर आगे बढ़ना है। कृषि क्षेत्र और किफायती एवं शहरी आवासीय अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करना ठोस कदम है और यह एक शुभ संकेत है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि वित्त मंत्री ने आम आदमी के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीम इंडिया के लिए मैच जीतने वाला बजट पेश किया। उद्योग मंडल सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि यह बजट समावेश के साथ वृद्धि तेज करने के लिए भारत की सफल समग्र आर्थिक रणनीति को निरंतरता प्रदान करता है। यह निवेश और सुधारों की अगुवाई में तथा समावेशन एवं सशक्तिकरण पर केंद्रित सरकार के पिछले दो कार्यकालों की सफल आर्थिक रणनीति को आगे बढ़ाता है। पीएचडी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि यह बजट विकासोन्मुख और समावेशी है। इसमें घोषित अनेक उपाय विकसित भारतकी दिशा में भारत की यात्रा को मजबूती प्रदान करेंगे।

बजट में बिहार को मिले 60,000 करोड़

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट में मंगलवार को बिहार के लिए कई बड़े कदम उठाए गए। इनमें राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया। इनमें तीन एक्सप्रेसवे, एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल बुनियादी ढांचे के लिए योजनाओं की रूपरेखा पेश की गई। आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन सड़क संपर्क परियोजनाओं - पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, तथा बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा एक्सप्रेसवे और बक्सर में गंगा नदी पर अतिरिक्त दो-लेन पुल के विकास के लिए केंद्र के समर्थन की घोषणा की। सीतारमण ने कहा कि इन चार परियोजनाओं की कुल लागत 26,000 करोड़ रुपये होगी। बिहार के लिए अन्य सौगातों में भागलपुर जिले के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट का विद्युत संयंत्र स्थापित करना शामिल है, जिसपर 21,400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सरकार बिहार में हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल संबंधी बुनियादी ढांचा भी स्थापित करेगी। इसके अलावा, केंद्र बिहार की बाढ़ में भी मदद करेगा। बिहार नेपाल से निकलने वाली कई नदियों की बाढ़ से अक्सर पीड़ित रहता है।



- एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों, नए हवाई अड्डे एवं खेल बुनियादी ढांचे के लिए योजनाओं
- तीन सड़क संपर्क परियोजनाएं : पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे, तथा बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा एक्सप्रेस-वे
- बक्सर में गंगा नदी पर एक अतिरिक्त दो-लेन पुल के समर्थन की घोषणा

विकास के लिए उठाए कदम सराहनीय

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक एवं स्वागत योग्य बताया और कहा कि बजट में बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिए उठाये गए कदम सराहनीय है। कुमार ने कहा कि इस बजट के माध्यम से देश के साथ-साथ बिहार के विकास की गति को बढ़ाने के लिये कई कदम उठाए गए हैं, जो सराहनीय है। संतुलित बजट पेश करने के लिये मैं केंद्र सरकार को बधाई देता हूं। देश में बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना के निर्माण का निर्णय भी स्वागत योग्य है।

जम्मू-कश्मीर के लिए 42,277.74 करोड़ आवंटित

नई दिल्ली। बजट में जम्मू-कश्मीर को 42,277.74 करोड़ आवंटित किए हैं जो पिछले वित्त वर्ष में दिए गए 41,751.44 करोड़ रुपये से 1.2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। जम्मू-कश्मीर को आकस्मिक निधि से अग्रिम राशि के रूप में स्वीकृत 7,900 करोड़ भी हैं। सरकार ने प्रदेश आपदा प्रतिक्रिया कोष में अनुदान के तौर पर जम्मू कश्मीर को 279 करोड़ आवंटित किए हैं, जो प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए होंगे। प्रदेश को 624 मेगावाट की किरु जल विद्युत परियोजना (एचईपी) के लिए इक्विटी योगदान के लिए 130 करोड़ आवंटित हुए हैं, 800 मेगावाट की रतले जल विद्युत परियोजना के लिए इक्विटी की खातिर 476.44 करोड़ मंजूर हुए हैं। झेलम और तवी बाढ़ रिकवरी परियोजना (जेटीएफआरपी) के खर्च को पूरा करने के लिए 500 करोड़ का अनुदान दिया गया है।

लद्दाख के लिए बजट आवंटन में 32 प्रतिशत की वृद्धि



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को घोषित केंद्रीय बजट 2024-25 में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए 5,958 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले साल के 4,500 करोड़ रुपये के आवंटन से 32 प्रतिशत अधिक है। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू और कश्मीर से अलग हुए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अपने सचिवालय से संबंधित खर्चों और अन्य विभागों और कार्यालयों की स्थापना के लिए केंद्र से स्थापना व्यय के लिए 2,035.49 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में लद्दाख को अन्य केंद्रीय क्षेत्र व्यय के लिए 3,922.51 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कृषि और संबद्ध योजनाएं, जल आपूर्ति और स्वच्छता, ग्रामीण विकास, बिजली, वानिकी और वन्यजीव, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा सहित अन्य विभाग शामिल हैं।

रोजगार-अवसरों के नए युग की शुरुआत: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बजट को दूरदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुखी करार दिया। उन्होंने कि यह रोजगार तथा अवसरों के एक नए युग की शुरुआत करेगा। देश को विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने की राह पर ले जाएगा। उद्यमशीलता बढ़ाने, व्यापार सुगम बनाने के साथ ही आर्थिक विकास को दिशा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें कर आकलन नियमों को सरल बनाकर करदाताओं को राहत दी गई है। उन्होंने हैशटैग बजटफॉरविकसितभारत के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों की शक्ति का उपयोग कर यह बजट रोजगार और अवसरों के एक नए युग की शुरुआत करेगा। देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और विश्वास को पूरा करेगा। यह मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के संकल्प का परिचायक भी है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा परिवर्तनकारी सिद्ध होने वाली है।

बजट पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी: ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट को राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण और गरीब विरोधी करार दिया। उन्होंने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ने ऐसी कौन सी गलती है कि उसे केंद्र ने वंचित कर दिया। बजट में गरीबों के हितों का खयाल नहीं रखा गया है। यह दिशाहीन है। यह बस राजनीतिक मिशन को पूरा करने के लिए है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने सातवें बजट में 9 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रीत किया है। इसमें कृषि में उत्पादकता बढ़ाने को 1.52 लाख करोड़ निवेश की बात कही गई, किंतु कृषि वृद्धि दर 1.8% से 4% तक जाने का रास्ता कैसे तय होगा यह जिक्र नहीं किया। आर्थिक सर्वेक्षण यह कहता है कि 51% स्नातक रोजगार योग्य नहीं है तब रोजगार व कुशलता की प्राथमिकता सराहनीय है। अवसंरचना विकास में बिहार और आंध्र प्रदेश के एक्सप्रेस-वे ही महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ का आवंटन महत्वपूर्ण है किंतु ग्रामीण हाट को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में कर छूट सराहनीय है किंतु घर, रसोई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर कुछ खास नहीं मिला। लघु उद्योगों का विकास व सहायता, रोजगार और कुशलता ऋण, सूर्य योजना, नए शोध केंद्रों का जिक्र आदि योजनाएं हैं। राजकोषीय घाटे का 4.9% का होना चिंता का विषय है। नौकरीपेशा और नवीन निवेशकों को न कर में छूट मिली, न बचत, न निवेश के लिए प्रोत्साहन। परिवहन और रेलवे पर संभवत: वित्त मंत्री ने अलग दस्तावेज तैयार किया है। बजट में महिला, युवा, बेरोजगार, कौशल आदि की बातें जरूर हैं लेकिन उनके आंकड़े और समय सीमा का होना भी जरूरी था। पूंजीगत व्यय का बढ़ना, युवाओं को इंटर्नशिप कराना, ऊर्जागत विकास, लघु उद्योगों को क्रेडिट गारंटी, औद्योगिक कॉरिडोर का विकास आदि महत्वपूर्ण घोषणाएं हैं।

- डॉ. विकास प्रधान, अर्थशास्त्र विभाग
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीसलपुर (पीलीभीत)

विकसित भारत के एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार भरेगी गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है बजट
- कॉरपोरेट सेक्टर को युवाओं के स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने से बदलेगा परिदृश्य

अमृत विचार: यह नए भारत का बजट है। सभी वर्गों और क्षेत्रों को साथ लेकर समर्थ और विकसित भारत के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ने का दस्तावेजी प्रमाण है। मोदी सरकार 3.0 ने अपना पहला बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से डिजाइन किया है। इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के साथ एमएसएमई सेक्टर को मजबूती से एड्रेस किया गया है। शेयर बाजार को इस बजट को समझने में एक-दो दिन का वक्त लग सकता है, उसकी रफ्तार और तेज होगी, इसमें कोई शक नहीं है। यह बात बजट-2024 पर प्रदेश के प्रमुख उद्यमी और गोल्डी समूह के निदेशक आकाश गोयनका ने कही।

उद्यमी गोयनका ने कहा कि युवाओं के लिए कौशल विकास के साथ रोजगार का रोड मैप प्रदान किया जाना, यह बताता है कि सरकार बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए कृत संकल्पित है। भारत आज युवाओं का देश है और स्किल डेवलपमेंट के बूते दुनिया में धाक जमा सकता है, ऐसे में सरकार के अप्रेंटिसशिप और इंटर्नशिप की दिशा में आगे बढ़ने से युवाओं में भी आत्मविश्वास और जोश बढ़ेगा। पहली बार देश के कॉरपोरेट सेक्टर को इस जिम्मेदारी से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण और परिदृश्य बदलने वाला कदम है। इसी तरह देश में निम्न मध्यम आय वर्ग के लोगों की बड़ी संख्या देखते हुए आयकर में मानक कटौती को 50 से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किए जाने और कर स्लैब में राहत प्रदान देने से 7 लाख 75 हजार तक सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा, इससे लगभग 4 करोड़ लोगों को 17,500 रुपये की बचत होगी, जो बाजार का हिस्सा बनेगी। सरकार ने कृषि क्षेत्र को भी प्राथमिकता पर रखा है। कृषि और संबंधित क्षेत्रों को 1.52 लाख करोड़ आवंटन में बड़ा हिस्सा अनुसंधान के जरिए उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु सहनशील किस्मों पर केंद्रित करना खेती-किसानी के प्रति विकास की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। बजट में कस्टम ड्यूटी में बदलाव भी सराहनीय हैं। कैंसर की तीन दवाएं, सोना-चांदी और चमड़े के उत्पाद सस्ते होने से राहत मिलेगी। स्ट्रीट वेंडरों के लिए 100 स्ट्रीट फूड हब स्थापित करने का फैसला दिखाता है कि सरकार अपनी योजनाओं को समाज के आखिरी हिस्से तक ले जाना चाहती है। इंफास्ट्रक्चर बढ़ाने पर सरकार भारी खर्च कर रही है। इसका बड़ा हिस्सा हार और आंध्र प्रदेश की झोली में गया है, लेकिन ग्रोथ का फायदा देश को मिलना है।

विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट: शर्मा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत का लोक कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रस्तुत किये गए बजट को मैंने सुना। यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना, अंत्योदय के प्रति दृढ़ संकल्प, एवं नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है। पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए इस लोक कल्याणकारी, विकासोन्मुख तथा सर्वसमावेशी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद।

दिल्ली को नहीं मिला एक भी रुपया : आतिशी

आतिशी ने कहा कि केंद्र को करों के रूप में 2.32 लाख करोड़ रुपये का भुगतान करने के बावजूद केंद्रीय करों में दिल्ली को एक पैसा भी नहीं मिला। दिल्ली ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए बजटीय आवंटन की मांग की थी लेकिन उसे केंद्र से एक भी रुपया नहीं मिला है। वह केंद्र को आयकर के रूप में दो लाख करोड़ से अधिक और केंद्रीय जीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ का भुगतान करती है। दिल्ली 20,000 करोड़ मांग रही थी जो कि केंद्रीय बजट का सिर्फ 0.4 प्रतिशत है।



लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए जा रहे केंद्रीय बजट 2024-25 का सीधा प्रसारण देखते लोग। ● एजेंसी

आम लोगों को कोई राहत नहीं : चिदंबरम

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर कुछ ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं तथा आम लोगों को कोई राहत नहीं दी गई है। उनका कहना था कि यह दावा कि योजनाओं से 2.90 करोड़ लोगों को लाभ होगा, अत्यधिक अतिशयोक्तिपूर्ण है। चिदंबरम ने कहा कि महंगाई दूसरी बड़ी चुनौती है।

बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मजबूत कदम है : मांडविया

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास पर केन्द्रित बजट के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि गरीब युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास पर केंद्रित बजट फॉर विकसित भारत पेश करने के लिये मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभार प्रकट करता हूं। यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। सबको अवसर के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुये इस बजट में रोजगार सृजन और युवा विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और देश के सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित किया गया है।

बजट अच्छे दिन की उम्मीद वाला कम, मायूस करने वाला ज्यादा : मायावती

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बजट को अच्छे दिन की उम्मीदों वाला कम बल्कि मायूस करने वाला ज्यादा बताया। एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट पुराने ढर्रे पर कुछ मुट्ठी भर अमीर और धन्ना सेठों को छोड़कर देश के गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, मेहनतकशों, वंचितों और उपेक्षित बहुजनों के त्रस्त जीवन से मुक्ति के लिए अच्छे दिन की उम्मीदों वाला कम बल्कि मायूस करने वाला ज्यादा है। सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि देश में छाई जबरदस्त गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पिछड़ापन तथा 125 करोड़ से अधिक कमजोर तबकों के उत्थान व उनकी बुनियादी सुविधाओं के प्रति सुधारवादी नीति और नीयत का अभाव है। उन्होंने सवाल उठाया कि बजट में ऐसे प्रावधानों से क्या लोगों का जीवन खुशहाल हो पाएगा?

बजट आमजन के इर्द-गिर्द केंद्रित : शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह बजट आम आदमी के इर्द-गिर्द केंद्रित है। बजट युवाओं, कामगारों, किसानों तथा महिलाओं पर केंद्रित है। इसमें बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर भी जोर दिया गया है। यह भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की एक शुरुआत है। बजट में महिलाओं से संबंधित योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये, किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचा विकास के लिए तीन लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त बजट: फडणवीस

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय बजट में इस पश्चिमी राज्य के लिए पर्याप्त आवंटन के बाद भी विपक्ष नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। फडणवीस ने दावा किया कि विपक्षी दलों ने बजट आने से पहले ही केंद्र सरकार के खिलाफ नकारात्मक धारणा प्रस्तुत करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया तैयार कर ली थी। बजट में महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त आवंटन शामिल है। विपक्ष को सलाह दी जाती है कि वह प्रतिक्रिया देने से पहले बजट का गहन अध्ययन कर ले।

आज का मौसम

धूप के साथ बारिश होने की संभावना

31.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 .28 | सूर्यास्त 07 .09

एक नजर

आज होगा 'पहाड़ी अंग्रेज: जिम कॉर्बेट' पुस्तक का विमोचन

हल्द्वानी : प्रकृतिविद, शिकार कथाओं के लेखक एवं नरभक्षी संहारक एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट का 25 जुलाई को 149वां जन्मदिन है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रयाग पाण्डे की लिखित पुस्तक "पहाड़ी अंग्रेज : जिम कॉर्बेट" का राज्य अतिथि गृह नैनीताल में विमोचन होगा। जिम कॉर्बेट के निकटतम सहयोगी रहे स्व. बाबू जगत सिंह नेगी के पौत्र रवींद्र सिंह नेगी पुस्तक का विमोचन करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार गणेश पाठक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक जगमोहन रौतेला पुस्तक को लेकर परिचयात्मक व्याख्यान देंगे।

युवक की बाइक चोरी

हल्द्वानी : मिठाई लेने गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने 10 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। बनभूलपुरा पुलिस को दी तहरीर में पुरानी आईटीआई गौजाजाली बिचली आंवला चौकी गेट निवासी ओम प्रकाश ने लिखा कि उसने हाल ही में बाइक खरीदी थी। बीती 13 जुलाई की रात सवा 8 बजे वह मंडी गेट के पास एक दुकान से मिठाई लेने गया था। बाइक दुकान के बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। जब मिठाई लेकर लौटा तो बाइक गायब थी।

अनुरोध के आधार पर 99 शिक्षकों का स्थानांतरण

नैनीताल : माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं मंडल के अंतर्गत सहायक अध्यापक एलटी के स्थानांतरण में पद स्थापना को लेकर अनुरोध के आधार पर 99 शिक्षकों को दुर्गम से दुर्गम व सुगम से दुर्गम श्रेणी में काउंसलिंग के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए गए। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा लीलाधर व्यास ने बताया कि चौथे दिन 462 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें 99 शिक्षकों को विद्यालय आवंटित किए गए। इनमें 97 दुर्गम से दुर्गम व 2 सुगम से दुर्गम श्रेणी में हैं। बुधवार को काउंसलिंग का आखिरी दिन है। इस मौके पर मनोज कुमार भट्ट, निधि रावत, जगमोहन रौतेला, ललित उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

आमतौर पर फरवरी-मार्च माह में खिलता है फूल, पहली बार जुलाई माह में फूल खिलने से हैरान हुए लोग और पर्यावरण विशेषज्ञ

जलवायु परिवर्तन के असर से आठ माह पहले खिला बुरांश

ओखलकांडा के जंगल में खिला बुरांश का फूल। ● अमृत विचार

संतोष बोरा, नैनीताल

अमृत विचार : जलवायु परिवर्तन का असर मौसम के साथ-साथ अब तेजी से ऋतुओं में भी दिखाई देने लगा है। उत्तराखंड के जंगलों में पाए जाने वाला औषधि गुणों से भरपूर बुरांश भी समय से पहले खिल चुका है। फरवरी-मार्च माह में खिलने वाला फूल आठ माह पूर्व जुलाई माह में ही खिल गया है। इससे लोगों के साथ-साथ पर्यावरण विशेषज्ञ हैरान हैं।

जनपद नैनीताल के धारी, ओखलकांडा और रामगढ़ आदि क्षेत्रों में जुलाई माह में बुरांश खिलने से लोग अचंभित हैं।

> बुरांश 1800 मीटर की ऊंचाई वाले स्थानों पर पाया जाता है। इसकी 1200 प्रजातियां है, भारतीय हिमालय क्षेत्र में 87 प्रजाति हैं। उत्तराखंड में 6 प्रजाति मिलती हैं। वैसे तो बुरांश में फरवरी-मार्च माह में फूल खिलता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन से बुरांश में बदलाव आ रहा है। कहा जाता है कि बुरांश कई बार अलग-अलग समय में खिलते हैं। लाइट का ज्यादा होना तथा फाइटोक्रोम की क्रिया इसे प्रभावित करती है। पहले अध्ययन में 26 दिन पहले तो दूसरे अध्ययन में 30 से 60 दिन पहले खिलना बताया गया है। जिससे इसका जीवन चक्र प्रभावित हो रहा है। अधिक गर्मी तथा प्रेसिपिटेशन से फूल खिल रहे हैं। – **प्रो ललित तिवारी**, वनस्पति विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल

ओखलकांडा निवासी पर्यावरण प्रेमी चंदन नयाल ने बताया कि ऐसा पहली बार दिखाई दिया है। जंगलों का लगातार दोहन होने से जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर इसे रोकना है तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे।

वाहनों की वृद्धि से बढ़ी कार्बनिक कणों की मात्रा : एरीज के पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से कार्बनिक कणों की मात्रा पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ गई है। जिससे तापमान काफी हद तक अनियंत्रित हो चुका है। जलवायु परिवर्तन का असर फूलों और फलों पर पढ़ने लगा है। पतझड़ जो पहले अक्टूबर में हो जाता था अब नवंबर-दिसंबर माह में हो रहा है। यह सारे परिवर्तन पिछले 10 वर्षों के अंतराल में देखने को मिले हैं। बीते एक दशक के अंतराल में नैनीताल के औसत तापमान में दस डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। अब धीरे-धीरे नैनीताल सहित हिमालयी क्षेत्रों के मौसम में भारी अंतर आने लगा है। यदि समय रहते कार्बनिक गैसों की बढ़ती रफ्तार में अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में मौसम की भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं।

आपस में भिड़े चार युवक, कार्रवाई

नैनीताल: मल्लीताल बाजार क्षेत्र में युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। लोगों की शिकायत पर पुलिस चार युवकों को कोतवाली ले आई। जानकारी के अनुसार देर रात मल्लीताल बड़ा बाजार में चार युवकों में आपसी विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो युवकों में मारपीट होने लगी। युवकों ने लड़ाई के दौरान हंगामा काट दिया। रात में देर तक हंगामा नहीं रुका तो स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चारों युवकों को कोतवाली ले आई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि देर रात हंगामा करने पर मल्लीताल क्षेत्र निवासी अनिल सिंह रावत, देवेन्द्र, संजय सिंह व सचिन कार्की के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

जमीनों की धोखाधड़ी के 13 मामलों में पुलिस दर्ज करेगी एफआईआर

लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक में 53 मामलों में सुनवाई के बाद दिए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त/लैंड फ्रॉड समन्वय समिति के अध्यक्ष दीपक रावत ने मंगलवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की। इसमें जमीनों की धोखाधड़ी के 13 मामलों में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इनमें अधिकांश मामले नैनीताल जिले के हैं।

समिति की बैठक में लैंड फ्रॉड के 53 मामले सामने आए। इनमें जनपद नैनीताल के 45, ऊधमसिंह नगर के चार, अल्मोड़ा व बागेश्वर के दो-दो मामले हैं। शिकायतों की सुनवाई में शिकायतकर्ताओं को भी सुना गया। सुनवाई के बाद समिति ने लैंड फ्रॉड के 13 मामलों में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बाकी शिकायतों में विस्तृत जांच के बाद मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। मंडलायुक्त रावत ने कहा कि कुमाऊं में जिन जनपदों में बंदोबस्ती की जा रही है, उन स्थानों पर जंगलात विभागीय भूमि की सीमांकन सूची का मिलान अवश्य कर लें। इसके अलावा जहां-जहां पिलर नहीं लगाए गए हैं, वहां-वहां सीमांकन के लिए पिलर लगा दिए जाएं। उन्होंने कहा कि भूमि अतिक्रमण और फ्रॉड के मामलों में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। भूमि फ्रॉड मामलों में जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

काठगोदाम सर्किट हाउस में लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक लेते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

मंडलायुक्त ने कहा कि अधिकांश भूमि विवाद व प्लॉटिंग में कुछ प्रोफेशनल भू-माफिया व डीलर शामिल रहते हैं। जिस भूमि पर डीलर प्लाटिंग करता है वह उसकी नहीं होती है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री भूस्वामी करता है। डीलर लेन-देन में अभिलेखों के अनुसार कही भी नहीं होता है। ऐसे प्रकरणों में क्रेता को भूमि क्रय करने से पहले भूमि के अभिलेखों की जांच लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसील स्तर से करनी जरूरी है। यह भी ध्यान दिया जाए कि कहीं जमीन पर बैंक से लोन तो नहीं लिया गया है। भूमि की खतौनी की भी जांच करनी चाहिए। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करवाने अथवा लोगों को भूमि का सौदा करते समय भूमि को कानूनी करने के लिए कुछ लोग बार-बार हथकंडे अपनाते हैं, जो इस प्रकार की भूमि को क्रय करते हैं ऐसे लोगों से सावधान रहें तभी फ्रॉड से बच सकते हैं। उन्होंने कहा इस प्रकार के लोग जो इस कृत्य में लिप्त पाये जाते हैं उनके खिलाफ लैंड फ्रॉड में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। इस दौरान डीआईजी डॉ. योगेन्द्र रावत, कुमाऊं सीसीएफ विनय भार्गव, उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला, एडीएम पीआर चौहान, अशोक जोशी, अल्मोड़ा व बागेश्वर डीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहे।

अब इग्नू में भगवद् गीता की पढ़ाई शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने नए सत्र से श्रीमद्भगवद् गीता की पढ़ाई शुरू कर दी है। प्रवेश लेने के लिए छात्रों को 31 जुलाई तक आवेदन करना होगा।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि इस विषय का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मान्य शिक्षा मार्गों, विषयों और विविध ज्ञान-विज्ञान के पक्षों को समाज के सभी वर्गों की शिक्षा के लिए प्रस्तुत करना है। कहा कि भारतीय विद्याओं के मर्म को पूरी तरह समझकर प्रायोगिक ज्ञान के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व संपन्न शिक्षित नागरिक का निर्माण इस कार्यक्रम से ही संभव हो सकेगा। यह एक निर्विवाद ज्ञानग्रन्थ है, जिसमें ब्रह्मसूत्र, षड्दर्शन, उपनिषद् के ज्ञान के साथ ही वैज्ञानिक और सांस्कृतिक ज्ञान समाहित है। बताया कि किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षार्थी श्रीमद्भगवद् गीता कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम का माध्यम हिंदी है, जो कुल 80 क्रेडिट का है। इसे पूरा करने की न्यूनतम अवधि दो वर्ष और अधिकतम चार वर्ष निर्धारित की गयी है। इसमें प्रवेश लेने के लिए शिक्षार्थी https://ignouadmission.samarth.edu.in/ लिंक पर जाकर प्रोग्राम इंफॉर्मेशन पर क्लिक करके पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नदी में डूबे युवक को सुरक्षित बाहर लाते एसडीआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

गंगा नदी में डूब रहे छह कांवड़ियों को बचाया

संवादाता, हल्द्वानी/देहरादून

अमृत विचार : राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) टीम के जवानों ने संवेदनशील घाट कांगड़ा और बैरागी कैम्प पर अलग-अलग डूब रहे छह कांवड़ियों को बचा लिया गया। एसडीआरएफ के सेनानायक (कमांडेंट), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि हरिद्वार में संवेदनशील कांगड़ा घाट पर मंगलवार को अलग-अलग समय पर कुल पांच कांवड़िया रेस्क्यू टीम ने गंगा से सुरक्षित निकाल लिए।

कांवड़िया मोनू सिंह (21 वर्ष) पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी गांव बदरौली फरीदाबाद हरियाणा, संदीप सिंह (21 वर्ष) पुत्र जयराम निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश, गोविंद सिंह (21 वर्ष) पुत्र दुलाल सिंह निवासी रुद्रपुर खेड़ा उत्तराखंड, करण (17 वर्ष) पुत्र सतवीर निवासी सदर तिकोना पार्क दिल्ली तथा अंकित (15 वर्ष) पुत्र संजीव निवासी ग्राम भोपोली पानीपत हरियाणा हैं। एसडीआरएफ टीम में हेड कांस्टेबल आशिक अली, कांस्टेबल शिवम सिंह, कांस्टेबल रजत तोमर, कांस्टेबल अनिल कोटियाल, फायरमैन लक्ष्मण सिंह थे।

इसके अलावा हरिद्वार में ही बैरागी घाट पर कांवड़िया अरुण राठौर (32 वर्ष) निवासी ग्राम जलालपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश नदी के कम बहाव में नदी पार कर रहा था। अचानक जल प्रवाह तेज होने से नदी के बीचों-बीच टापू में फंस गया। एसडीआरएफ की टीम ने नदी में छलांग लगाकर कड़ी मशक्कत के बाद उक्त व्यक्ति को रेस्क्यू कर सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया।

युवती ने कोर्ट परिसर में गटका जहर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर एक युवती ने कोर्ट परिसर में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। युवती को तुरंत अधिवक्ता कृष्णा नेगी और पुलिस कर्मी बृज मोहन बहुगुणा रामनगर अस्पताल लाए। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नई बस्ती पूछड़ी निवासी लीला देवी ने बताया कि उसके भतीजे आशु को काशीपुर बस स्टैंड के पास से पुलिस कर्मी कोतवाली लेकर आये थे। उसकी पुत्री 22 वर्षीय प्रिया को जब पता चला तो वह अपने भाई को छुड़ाने के लिए कोतवाली पहुंची, जब वहां कोई बात नहीं बनी तो प्रिया रामनगर कोर्ट पहुंची। जहां अपने भाई के संदर्भ में अधिवक्ताओं से बात कर रही थी। वहीं प्रिया अचानक गिर पड़ी।

रामनगर अस्पताल में बेसुध पड़ी युवती।

घटना स्थल पर युवती के समीप एक पुड़िया पड़ी थी। तब पता लगा कि युवती ने विषाक्त पदार्थ का सेवन किया है। अधिवक्ता और पुलिस कर्मियों ने कार से उसे रामनगर अस्पताल पहुंचाया। प्रिया की मां लीला देवी ने पुलिस पर अनावश्यक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

घटना

- अधिवक्ताओं और पुलिस ने पहुंचाया रामनगर अस्पताल
- हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने किया रेफर

उधर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि युवती के भाई सहित कुल चार लोगों पर धारा 323, 354, 504, 506 के तहत अभियोग दर्ज है। जिसमें 41 के नोटिस में उनके बयानों के लिए कोतवाली बुलाया गया था। प्रिया अपने वकील से बातचीत करने की बात कहकर कोतवाली से सही सलामत चली गयी थी।

वीरेन्द्र सिंह सेना में बने मेजर जनरल

कालाढूंगी: कोटाबाग के वीरेंद्र सिंह ने भारतीय सेना में मेजर जनरल बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विकास खंड कोटाबाग के बंदरजूड़ा ग्रामसभा बैलपड़ाव निवासी वीरेंद्र सिंह पदोन्नति के साथ भारतीय सेवा में मेजर जनरल बन गये हैं। उनके छोटे भाई सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि वीरेंद्र सिंह अभी ब्रिगेडियर पद पर मणिपुर में तैनात हैं। पदोन्नति के बाद अब उनकी पोस्टिंग पटियाला पंजाब में विधायक बंशीधर भगत, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान पार्वती गोस्वामी, भगवान तिवारी, विपिन कांडपाल, हेम पाठक ने परिवारजनों को बधाई दी है।

पेड़ काटने वाले गुर्जरों पर होगी कार्रवाई

बैठक

- रनसाली रेंज के वन प्रकरण ने पकड़ा तूल
- वन क्षेत्राधिकारी व विभिन्न संगठनों ने लिया निर्णय

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रनसाली के जंगलों में खैर के पेड़ों पर आरी चलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वन गुर्जरों की ओर से वन कर्मचारियों पर तस्करों से मिलीभगत कर पेड़ कटवाने के आरोपों के बाद वन अधिकारी-कर्मचारियों ने भी हुंकार भर ली है। वन विभाग के विभिन्न संगठनों ने एकजुट होने और वन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौला रेंज परिसर में बैठक करते वन क्षेत्राधिकारी संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

मंगलवार को गौला रेंज परिसर में वन क्षेत्राधिकारी संघ, उप वन क्षेत्राधिकारी संघ और वन कर्मचारी संघ, वन बीट अधिकारी संघ और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की आपात बैठक हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि रनसाली के जंगलों में वन गुर्जरों ने आरक्षित वन क्षेत्र में जुताई करने के लिए जंगल काट दिया। बाद में खैर के पेड़ कटने के मामले को सोशल मीडिया में दुष्प्रचार कर वन कर्मचारियों को दबाव में लेने की कोशिश की जा रही है। इससे वन विभाग में खासा आक्रोश व्याप्त है। वन गुर्जरों के खिलाफ विधिक कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत की गई है। मुख्य वन संरक्षक से मिलकर वन गुर्जरों के जंगलों में किए गए अतिक्रमण, अवैध पातन, अवैध जुताई पर रोक लगाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की मांग की जाएगी। सभी ने एक सुर में चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि इस प्रकरण में रनसाली रेंज में किसी भी कर्मचारी के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की गई तो सभी संगठन एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान एनएस पवार, आरएन गौतम, सीएस अधिकारी, एनएस रौतेला, एसवी अधिकारी, डीएस रौतेला, मोनू बाबू राजहंस, जीएन चनियाल, मनोज पांडे, एमसी जोशी, मुकुल सुनाल, प्रमोद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

पति ने तोड़ा हाथ, ससुराल वालों ने लगाये गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ससुरालियों ने 20 लाख रुपये के लिए प्रताड़ना की सारी हदें पार कर दीं। महिला ने सास, ससुर, ननद और पति के खिलाफ मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पांडे निवास तल्ला गोरखपुर निवासी हरिता पंत तिवारी ने बताया कि नवंबर 2022 में उसकी शादी अरतोला अल्मोड़ा निवासी पंकज तिवारी उर्फ राहुल पुत्र ललित मोहन तिवारी से हुई थी। पति पंकज तिवारी, सास सुशीला तिवारी, ससुर ललित मोहन तिवारी, देवर दीपक तिवारी, देवरानी मीनाक्षी तिवारी, ननद ममता पांडे पत्नी नवीन पांडे उसके परिवार से मिले उपहारों से खुश नहीं थे। वह और 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे मोटी भैंस जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता था। शादी के तुरंत बाद गर्भवती होने पर ससुर ने बड़े अश्लील अंदाज में उलाहना दिया। सात माह में पुत्र जन्मा तो चारित्रिक लांछन लगा दिया। पति ने उसका बांया हाथ तोड़ दिया। बच्चे की पैदाईश के बाद तीन दिन तक उसे भूखा रखा। पीड़िता इधर-उधर नौकरी कर अपना खर्चा चलाती रही। मारपीट की सूचना पर माता-पिता डायल 112 से मदद मांगकर उसके घर आए, जहां पर उनसे अभद्र व्यवहार किया गया। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

तलवार चलाने वाले युवकों की हाव-भाव से हो रही पहचान

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नुमाइश में हुई चाकू और तलवारबाजी के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस आईटीआई गैंग के एक भी गुर्गे की शिनाख्त नहीं कर पाई है। हालांकि करीब आधा दर्जन लोगों से इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

एमबी ट्रस्ट के मैदान में चल रही नुमाइश में बीते शनिवार की रात करीब 12 बजे आईटीआई गैंग और पार्किंग शुल्क वसूल रहे युवकों के बीच मारपीट हो गई थी। आरोप है कि इस मारपीट में आईटीआई गैंग के गुर्गों ने तलवार और चाकू से हमला किया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के छह नामजद समेत 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

नुमाइश में मारपीट

- सीसीटीवी फुटेज और वीडियो में साफ नहीं दिख रहे आरोपी
- आधा दर्जन को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

जांच में जुटी पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी और कुछ लोगों के बनाए गए वीडियो जब्त किए। करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इधर, सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए लोग खुद को बेकसूर बता रहे हैं। पुलिस के लिए सबसे बड़ी मुसीबत वह वीडियो और सीसीटीवी फुटेज हैं, जिनके आधार पर पुलिस ने युवकों को हिरासत में लिया। दरअसल, आधी रात हुई घटना की वजह से वीडियो और सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों के चेहरे स्पष्ट नहीं है। ऐसे में पुलिस अब वीडियो में दिख रहे युवकों के हाव-भाव के आधार पर उनकी तलाश कर रही है।

> मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जा चुकी है। घटना स्थल पर मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई है और कुछ संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।
> – **नितिन लोहनी**, सीओ सिटी

सुधार परीक्षा से 104 परीक्षार्थी रहे गायब

रामनगर : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से संचालित परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) के पांचवे दिन मंगलवार को 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

हाईस्कूल कक्षा में रिटेल व सामाजिक विज्ञान एवं इण्टरमीडिएट कक्षा की कृषि विज्ञान भाग 1 व कृषि विज्ञान भाग 2 विषय की परीक्षा संपन्न हुई। हाईस्कूल के रिटेल में पंजीकृत इकलौता परीक्षार्थी ही परीक्षा से अनुपस्थित रहा। सामाजिक विज्ञान के लिए 1,760 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 1,659 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। जबकि 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विज्ञान भाग 1 में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विज्ञान भाग 2 में कोई अनुपस्थित नहीं रहा।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते निवर्तमान पार्षद। ● अमृत विचार

ऊर्जा निगम के अभियंता पर अभद्रता का आरोप

हल्द्वानी : निवर्तमान पार्षद ने ऊर्जा निगम के अभियंता पर अभद्रता का आरोप लगाया है। अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पार्षद ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। निवर्तमान पार्षद रोहित कुमार का कहना है कि अपने क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर वह 20 जुलाई को ऊर्चा निगम के कार्यालय गए थे। वहां मौजूद विभाग के अभियंता समस्या का समाधान करने के बजाय अभद्रता करने लगे। इसकी लिखित शिकायत कोतवाली में दर्ज की गई है। अब तक इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। बताया कि वह मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों मुकुल बल्यूटिया, विनोद कुमार, हेमंत शर्मा, लक्ष्मीकांत, जाकिर हुसैन, शकील सलमानी आदि थे।

सार-संक्षेप

प्राचार्य से मुलाकात करतीं डॉ. विद्या और डॉ. हिमानी। ● अमृत विचार

डॉ. विद्या और डॉ. हिमानी फैकल्टी मेंटर्स बने

हल्द्वानी : भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में हुए फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम के प्रशिक्षण में महिला डिग्री कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की डॉ. विद्या कुमारी और अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. हिमानी का चयन फैकल्टी मेंटर्स के लिए हुआ है। इस योजना का लक्ष्य युवाओं में बेरोजगारी की समस्या को कम कर और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मेंटॉर्स को देवभूमि उद्यमिता योजना, साइकोमेट्रिक टेस्ट और स्टार्टअप अवसरों की पहचान आदि उद्यमिता के विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित और शिक्षकों ने डॉ. विद्या और डॉ. हिमानी शुभकामनाएं दी हैं।



गोवंशीय पशुओं को पकड़ते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

12 गोवंशीय पशुओं को गौशाला पहुंचाया

हल्द्वानी : शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को करीब एक दर्जन गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया। उप नगर आयुक्त तुषार सैनी ने बताया कि डीएम की ओर से निराश्रित व आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाने के निर्देश मिले हैं। इसके तहत सोमवार को सुबह 5.30 बजे से 9 बजे तक करीब 10 गोवंशीय पशुओं को पकड़ा गया। वहीं शाम 5.30 बजे 2 गोवंशीय पशुओं को पकड़ा गया। जिन्हें गौशालाओं में छोड़ दिया गया। बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

महिला डिग्री कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य और अन्य। ● अमृत विचार

महिला डिग्री कॉलेज में हुआ पौधरोपण

हल्द्वानी : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में इको क्लब की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। इको क्लब प्रभारी डॉ. शरद मिश्रा ने कहा कि पेड़ लंबे समय तक ऑक्सीजन प्रदान कर वायु की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण और मिट्टी को संरक्षित करते हुए वन्यजीवों का समर्थन कर पर्यावरण को बचाने में योगदान देते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, डॉ. तनुजा, डॉ. हेमलता, धर्म सत्तू, डॉ. सरस्वती बिष्ट, डॉ.संजू, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. गीता पंत मौजूद रहे।

दूरसंचार परिसर में पौधरोपण करते मुख्य महाप्रबंधक संजय प्रसाद। ● अमृत विचार

दूरसंचार परिसर में लगाए विभिन्न पौधे

कालाढूंगी : वार्ड नंबर एक स्थित दूरसंचार निगम के परिसर में मुख्य महाप्रबंधक संजय प्रसाद ने छायादार व फलदार पौधे लगाये। उन्होंने लगाए गए पौधे सरंक्षित करने का आह्वान किया। कहा हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। अधिकारियों ने आम, लीची, आवंला व गोल्डन सायकस के दर्जनों पौधे लगाए गए। इस दौरान मंडल अभियंता विकास मेहरा, राजेश मुरारी, गोविंद कार्की, प्रमोद वर्मा, भीम बहादुर, अजय वर्मा, संजय सिंह, पीडी जोशी मौजूद रहे।

अतुल बने प्रदेश सह प्रभारी, भूपेश संगठन मंत्री

अतुल गुप्ता और भूपेश बिष्ट।

हल्द्वानी : अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए अतुल गुप्ता को प्रदेश सह प्रभारी, भूपेश बिष्ट को प्रदेश संगठन मंत्री और अतुल प्रताप सिंह को जिला महामंत्री मनोनीत किया है। उन्होंने तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वह व्यापारी हित के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। नियुक्ति पर कुमाऊं मंडल अध्यक्ष भुवन भट्ट, महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे, महामंत्री परविंदर सिंह नागपाल, मुखानी मंडल अध्यक्ष दिगंबर भोजक, महामंत्री बृजेश जोशी, प्रदेश सचिव अमित चौहान, विकास शर्मा, नारायण दत्त बडोला, अतुल प्रताप सिंह, मुकेश जोशी, विक्रम बर्गली, भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने बधाई दी।

रामनगर में चिकित्सा शिविर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

साठ से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

रामनगर : निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल द्वारा, पम्पापुरी भूमिया मंदिर के सामुदायिक भवन में महिला विशेषयज्ञ अनुभवी डॉ. विधु उपाध्याय के सहयोग से नि :शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हेल्थ एव वेलनेस सेंटर गूलरघट्टी द्वारा लगाया गया। जिसमें स्वास्थ्य लाभ के साथ साथ खून की जांच भी मुफ्त कराई गयी। शिविर में पीएचएम सचिन बिष्ट, फार्मसिस्ट इमरान, लैब टेक्नीशियन पूजा, फार्मेसिस्ट इमरान, सुमिलिया द्वारा अपनी सेवाए दी गई। 67 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में एएनएम सरोज, दीपा, आशा कार्यकर्ता पूजा तिवारी, उषा मनराल, आरती रावत, सुपरवाइजर सरोज कंडवाल आदि मौजूद रहे।

संविदा प्राध्यापकों को विनियमित करें

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मिला प्रतिनिधिमंडल, समाधान कराने का दिया आश्वासन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालयों में तैनात संविदा प्राध्यापकों का एक प्रतिनिधिमंडल विनियमितीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को सितारगंज विधायक सौरभ बहुगुणा से उनके निवास स्थान पर मिला।

प्राध्यापकों का कहना था कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के परिसर में पूर्व में कार्यरत स्थायी प्राध्यापकों के वापस आने और लोक सेवा आयोग की भर्ती से आने वाले सहायक प्राध्यापकों के कारण वर्ष 2014 से कार्यरत संविदा प्राध्यापक प्रभावित हो रहे हैं। कहा कि संविदा प्राध्यापकों को तदर्थ या नियमित करने की नियमावली बनाने के बजाय संविदा समाप्त कर निदेशालय को अवगत करवाने का आदेश सभी प्राचार्यों को उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से दिया गया है। इससे उनकी नौकरी पर संकट उत्पन्न हो गया है।

उन्होंने कहा कि संविदा शिक्षक 10 वर्षों से भी अधिक समय से उच्च शिक्षा में पूरे मनोयोग और समर्पण से योगदान दे रहे हैं। शीघ्र ही वार्षिक स्थानांतरण की प्रक्रिया भी शुरू होने वाली है, जिससे आगे भी संविदा प्राध्यापकों के प्रभावित होने की संभावना है। उन्होंने राजकीय महाविद्यालयों में नए पदों को सृजित करने, संविदा प्राध्यापकों के पदों को रिक्त न दिखाते हुए विनियमित करने की मांग की है। इस पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री से वार्ता कर शीघ्र समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। मिलने वालों में डॉ. मनोज कश्यप, डॉ. हेमा पांडेय, डॉ. हेम गहतोड़ी, डॉ. प्रकाश भट्ट, डॉ. सोनिका, डॉ. दर्शन मेहता, डॉ. मनीषा शामिल रहे।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से ज्ञापन सौंपने संविदा प्राध्यापक। ● अमृत विचार

डॉ. कमरुद्दीन बने कार्यपरिषद के सदस्य

एमबीपीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग के डॉ. कमरूद्दीन को कुमाऊं विवि की कार्यपरिषद का सदस्य नामित किया गया है। कुमाऊं विवि के कुलसचिव प्रो. अतुल जोशी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उन्हें 30 जून 2025 तक कार्यपरिषद का सदस्य नामित किया गया है। डॉ. कमरुद्दीन के कार्यपरिषद सदस्य बनने पर प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी, डॉ. महेश कुमार, डॉ. नवल लोहनी, डॉ. अमित सचदेवा, डॉ. रोहित कुमार कांडपाल आदि ने बधाई दी है।

30 तक स्नातक वाले कर सकते हैं फीस जमा

हल्द्वानी : मंगलवार को एमबीपीजी और महिला डिग्री कॉलेज में पीजी कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन में एमबीपीजी में 40 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। जबकि महिला कॉलेज में 12 छात्राओं ने प्रवेश लिया। दोनों कॉलेजों में सुबह 10 बजे से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई। इधर, प्रदेश के कुमाऊं विवि, श्रीदेव सुमन विवि, सोबन सिंह जीना विवि और उनसे संबद्ध परिसरों और महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी गई है। स्नातक में प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं को छात्र हित में समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपन्न करने के लिए सचिव शैलेश बगौली ने निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रवेश शुल्क ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है।

एमबीपीजी में पुस्तकों का वितरण शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में पुस्तकों का वितरण शुरू हो गया है। मंगलवार को बीए प्रथम सेमेस्टर की पुस्तकों का वितरण एन से जेड तक के नाम वाले छात्रों को किया गया।

बुधवार को बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ए टू एम नाम वाले, गुरुवार को बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एन से जेड नाम वाले, शुक्रवार को बीएससी प्रथम सेमेस्टर ए से एम नाम वाले, शनिवार को बीएससी प्रथम सेमेस्टर एन से जेड नाम वाले छात्रों को लाइब्रेरी से किताबें दी जाएंगी। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने छात्र-छात्राओं से परिचय पत्र अनिवार्य रूप से लाने को कहा गया है। किताबें सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक वितरित की जाएंगी।

कोतवाली में पौधे लगाकर पूछे महिला संबंधी अपराध के आंकड़े

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने मंगलवार को हल्द्वानी कोतवाली में पौधे लगाए और फिर महिला संबंधी अपराध के बारे में पूछताछ की। उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए।

कंचन ने सीओ नितिन लोहनी और कोतवाल उमेश कुमार मलिक के साथ पौधे लगाए। जिसके बाद वह अचानक ही महिला हेल्प डेस्क पहुंच गईं। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मी से पूछा कि वह आने वाली महिला फरियादियों से किस तरह बात करती हैं। उन्होंने महिला कर्मी की सराहना की और फिर एकाएक महिला समाधान केंद्र पहुंच गईं।

यहां उन्होंने देखा किया कि किस तरह से काउंसलिंग की जा रही है। साथ ही पता किया कि महिला समाधान केंद्र और महिला हेल्प डेस्क पर किस तरह के मामले अधिक आ रहे हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को और बेहतर ढंग से काम करने के लिए कहा।

पौधरोपण करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन और पुलिस अधिकारी।

विरोध यात्रा से सरकार को बेनकाब करेगी कांग्रेस

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: एक ट्रस्ट द्वारा दिल्ली में हो रहे केदारनाथ मंदिर के निर्माण को सनातनी परम्परा से खिलवाड़ बताते हुए कांग्रेस इसके विरोध में जनजागरण के लिए हरिद्वार की हर की पैड़ी से केदारनाथ धाम तक बुधवार 24 जुलाई से 4 अगस्त तक 12 दिवसीय विरोध यात्रा निकालेगी।

यात्रा से एक दिन पूर्व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि सनातन परम्परा में किसी भी नए ज्योतिर्लिंग की स्थापना नहीं की जा सकती। हमारे जो भी ज्योतिर्लिंग स्थापित हुए हैं, वह स्वयंसिद्ध हैं। लेकिन अधिक धर्म का ज्ञान होने के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर एक ट्रस्ट द्वारा दिल्ली में बनाए जा रहे केदारनाथ मंदिर के शिलान्यास में न केवल शामिल हुए बल्कि उसे केदारनाथ धाम तक की संज्ञा दे डाली। यह न केवल सनातन परंपराओं के साथ अपराध है बल्कि यह चारधाम यात्रा के माध्यम से फल फूल रही गढ़वाल की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने का भी षड्यंत्र है। कांग्रेस तथा पंडा पुरोहित समाज के विरोध के बाद देहरादून में बैठी सरकार केदारनाथ व अन्य मंदिरों के नाम के दुरुपयोग को लेकर कानून बनाने जैसी बात कर रही है। जबकि प्रदेश स्तरीय कोई भी कानून प्रदेश के बाहर लागू ही नहीं होता है।

इस मामले में प्रदेश सरकार नाटक कर जनता की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। जिसके विरोध में कांग्रेस की ओर से कल हरिद्वार से केदारनाथ धाम तक 12 दिवसीय जनजागरण व विरोध यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के दौरान पार्टी प्रतिदिन 20-25 किमी. की यात्रा कर भाजपा सरकार को बेनकाब करने का काम करेगी।

पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक रणजीत रावत।

खिलाड़ियों का लिया बैटरी व दक्षता टेस्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रावृत्ति योजना के तहत मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम गौलापार में 8 से 14 वर्ष तक के बालकों का चयन ट्रायल हुआ। जिसमें 128 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन ट्रायल का शुभारंभ अपर निदेशक खेल अजय कुमार अग्रवाल ने किया। चयन ट्रायल के लिए 8 वर्ष से 14 वर्ष वर्ग के बालकों का बैटरी व दक्षता टेस्ट लिया गया। इस दौरान सुरेश पांडे, मनीष वर्मा, त्रिलोक जीना, हरीश उपाध्याय, पूरन नयाल, हेमा नेगी, मीना नयाल, महेश बिष्ट, कल्पित चौसाली, आनंद देव, हेमा नेगी, हरगोविंद पाठक, अनिल जोशी, मदन बर्थवाल, गोपाल आर्य आदि मौजूद रहे।

कैडेट्स ने सीखे साइबर क्राइम से बचने के गुर

आर्मी कैंप में यातायात और साइबर अपराध की जानकारी लेते एनसीसी कैडेट्स।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आने वाले भविष्य की तैयारी में जुटे एनसीसी कैडेट्स ने मंगलवार को साइबर अपराधियों से बचने के गुर सीखे। साथ ही यातायात नियमों के बारे में भी जाना। रानीबाग स्थित आर्मी कैंप में 300 कैडेट्स को जागरूक किया गया।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट और उनकी टीम ने कैडेट्स को यातायात नियमों और साइबर अपराध और इससे बचने के तरीके बताए। टीआई ने नशे में गाड़ी चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड और रैश ड्राइविंग करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई के बारे में बताया। सिपाही पंकज साही ने बतौर साइबर वॉलिंटियर कैडेट्स को साइबर अपराध के बारे में बताया। इस दौरान यातायात निरीक्षक की टीम ने डायल 112, महिला हेल्पलाइन, निशुल्क एंबुलेंस, साइबर हेल्पलाइन नंबर भी दिए।

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

प्रवेश सूचना
ITDA CALC
* I.I.T. Roorkee Validated Course
* IT Department उत्तराखण्ड सरकार
Formerly
HILTRON CALC
Certificate, Diploma, Advance Diploma & PGDCA
• Software • Hardware & Networking • Accounting & Finance
Special Batches for Polytechnic, B.Tech, MCA, BCA Students
TIKONIA CENTRE
Sakhawat Ganj, Behind Mandir, Tikonia, Haldwani. Ph. 220950, 9359490696

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा



2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा

मोदी 3.0 सरकार का बजट: कहीं खुशी तो कहीं गम

केंद्र सरकार के बजट को लेकर हर वर्ग की मिलीजुली प्रतिक्रिया, किसी ने उत्साहवर्धक तो किसी ने निराशाजनक करार दिया

नजरिया

- व्यवसाइयों व नौकरी पेशा लोगों ने बजट को राहत भरा बताया
- सरकारी कर्मचारियों ने बजट को बताया निराशाजनक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3.0 सरकार का पहला बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पेश किया। बजट को लेकर लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। निजी व्यवसायी व नौकरी पेशा लोगों ने बजट को राहत तो सरकारी कर्मचारियों ने निराशाजनक बताया है। व्यापारियों खासकर हिमालयी राज्य के व्यापारियों के लिए कोई नीति नहीं बनाई गई, जबकि उन्हें विषम भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

इसके अलावा प्रदेश के लिए ग्रीन बोनस और सीमांत के विकास के लिए विशेष आवंटन नहीं होने से प्रदेश को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। वहीं, पक्ष जहां बजट की खूबियां बताकर मिशन-2047 की बुनियाद मजबूत होने का दावा कर रहा है। वहीं विपक्ष इसे लाचार और कमजोर बजट करार दे रहा है।

रामपुर रोड स्थित एक दुकान में टीवी पर बजट को देखते लोग। ● अमृत विचार

बजट के पक्ष में

मोदी सरकार के बजट का फोकस चार जातियों -गरीब, महिला, युवा और किसान पर रहा है। रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई एवं मध्यम वर्ग पर केंद्रित बजट प्रस्तुत कर भारत को प्रगति की राह पर बढ़ाने का काम किया गया है। बजट में किए प्राविधानों से देश की आम जनता को राहत मिलेगी और देश विकास के पथ पर चलेगा। **-बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

केंद्रीय बजट एक दूरदर्शी बजट है। यह सर्वस्पर्शी बजट युवाओं, अन्नदाता किसानों, मातृशक्ति, छात्रों के साथ ही सभी वर्गों के हितों की पूर्ति करने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को बल देने में अहम भूमिका निभाएगा। इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित उनकी पूरी टीम को बधाई है। **-प्रकाश रावत**, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा

महिला, युवा, गरीब, किसान के हित को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता दोहराता बजट है। यह बजट विकसित भारत के मिशन को पूरा करेगा और पांच साल के लिए हमारी दिशा तय करने के साथ ही मिशन-2047 तक विकसित भारत की आधारशिला रखेगा। **-विकास भगत**, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा

बजट के विपक्ष में

केंद्र का बजट सरकार की कमजोरी और अस्थिरता का उदाहरण है। महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। कांग्रेस के घोषणापत्र से कई बिंदु बजट में लिए, लेकिन वे अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी से निपटने के लिए प्राथमिक उपाय थे। अर्थव्यवस्था और रोजगार की सेहत को पूरी तरह सुधारने के लिए जो नई नीतियां जरूरी हैं, वे कहीं नजर नहीं आ रही हैं। नीतिगत सुधारों के बिना चुनौतियां खत्म नहीं होंगी। **-यशपाल आर्य**, नेता प्रतिपक्ष

सरकार का बजट निराशाजनक और दिशाहीन है। यह बजट सिर्फ पूंजीपतियों के हितों को साधता है। केंद्र सरकार की विदाई वाला यह बजट महंगाई और बेरोजगारी को बढ़ाएगा। युवाओं, बेरोजगारों, व्यापारियों और महिलाओं के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। अग्निवीर को वापस लेने, ओपीएस लागू करने और नीट पेपर लीक मामले के समाधान का भी कोई प्रावधान नहीं है। जनता को गुमराह करने वाला यह बजट केवल छलावा है। **-सुमित हृदयेश**, विधायक हल्द्वानी

यह लाचार मोदी का लाचार बजट है, साफ दिख रहा है कि बिहार को 26 हजार करोड़ और आन्ध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ देकर केंद्र ने घुटने टेके हैं। विदेशी कॉरपोरेट को टैक्स में छूट देकर देश को नुकसान पहुंचाया गया तो बड़े घरानों को लाभ देकर वफादारी निभाई गई है। उत्तराखंड को ग्रीन बोनस नहीं दिया गया है, जिसकी मांग मुख्यमंत्री कई समय से कर रहे हैं। **-दीपक बल्यूटिया**, प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस

लगातार तीन बार पांच-पांच सांसद देने के बाद भी उत्तराखंड की झोली खाली है। यह बजट सिर्फ कुर्सी बचाने वाला है। रोजगार देने के लिए कोई रोडमैप नहीं है। आपदा से जूझते उत्तराखंड के लिए कोई पैकेज नहीं है। जीएसटी और अनावश्यक व्यापार विरोधी नियमों पर कोई राहत नहीं देना दर्शाता है कि चिंता सिर्फ सरकार की है न की जनता की। कुल मिलाकर आगामी चुनाव में हार का डर और केंद्र में कुर्सी बचाने की झलक बजट में है। **-ललित जोशी**, पूर्व पीसीसी सदस्य

व्यापारियों और सरकारी कर्मचारियों की राय

मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है, यह स्वागत योग्य है, लेकिन ट्रांसपोर्ट और व्यापारियों के लिए कुछ विशेष नहीं किया है। जैसा कि ऑनलाइन कारोबार को तो सरकार बढ़ावा देती है, लेकिन रेहड़ी, पटरी, छोटे दुकानदार और खासकर पर्वतीय क्षेत्र के छोटे दुकानदारों की हमेशा ही अनदेखी की जाती है। इस बजट में उम्मीद थी कि छोटे दुकानदारों के हितों का भी ख्याल रखा जाएगा। उन्हें न तो जीएसटी में कोई राहत दी गई न ही व्यापार को आगे बढ़ाने की कोई स्कीम बनाई गई। न ही ट्रांसपोर्टर के लिए कुछ विशेष रखा गया। **-हरजीत सिंह चड्ढा**, ट्रांसपोर्टर

बजट कुछ खट्टा कुछ मीठा है, मोबाइल और आयातित सोने-चांदी में गिरावट की संभावना बढ़ी है। दवाइयां के दाम कम होने से भी मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। ट्रेनों, वंदे भारत के आधुनिकीकरण और नई ट्रेनों के लिए प्रावधान नहीं होना निराशाजनक है। घरेलू महिलाओं के लिए आयकर में विशेष छूट और बुजुर्गों को रेल यात्रा में स्थगित की गई रियायत को बहाल करने पर भी विराम लगा है। केंद्र का बजट मिलाजुला प्रतीत हुआ है। **-डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**

बजट में कृषि के प्रावधान को स्वागत योग्य एवं संतुलित कहा जा सकता है। कृषि क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ के सापेक्ष पिछले बजट से 25 हजार करोड़ बढ़ाया है। प्राकृतिक खेती, उन्नत बीजों, मौसम आधारित बीजों के साथ ही किसानों की ओर से किए जा रहे अनुसंधान के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान होना चाहिए। सभी प्रकार के कृषि यंत्रों को जीएसटी से मुक्त रखने का प्रावधान होना चाहिए। **-नरेन्द्र सिंह मेहरा**, प्रगतिशील किसान

कर्मचारियों को आशा थी कि मानक कटौती 50 हजार के स्थान पर एक लाख होगी, लेकिन 75 हजार ही की गई है। आठवें वेतन आयोग की भी संस्तुति नहीं की गई। स्पष्ट है कि आठवां वेतनमान एक जनवरी 2026 से प्रभावी नहीं होगा। पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रावधान नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा है। शिक्षक-कर्मचारियों की दृष्टि से बजट निराशाजनक रहा। **-डिकर सिंह पडियार**, जिला मंत्री, राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन नैनीताल

आम बजट 2024-25 में नए टैक्स रीजिम में बड़े बदलाव हुए हैं, लेकिन पुराने में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आयकर की छूट से मध्यम वर्ग को फायदा मिलेगा। ईपीएफओ के तहत पहली बार रोजगार देने की पहल स्वागत योग्य है। सही मायनों में यह संतुलित बजट है। **-शीतल साह**, मंडल अध्यक्ष, पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ

बजट में बेरोजगारी और ग्रामीण संकट, स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देने की आवश्यकता थी। वैश्विक आर्थिक रुझानों पर निर्भरता विकास अनुमानों को प्रभावित कर सकती है। बजट में शिक्षा क्षेत्र का आवंटन बढ़कर 1.48 लाख करोड़ हुआ है, जो अच्छा कदम है। जिसे और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षुता योजना और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन सहित नए कौशल कार्यक्रमों का शुभारंभ डिजिटल कर शिक्षा पर जोर दिया गया है, जो अच्छा कदम है। छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन पर भी जोर दिया गया है। अनुभावात्मक शिक्षा और कौशल विकास पर जोर देने के साथ नैप को लागू करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया है। **-समित टिक्कू**, शिक्षाविद्

बजट बेहद निराशाजनक है। छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारी को कोई लाभ नहीं पहुंचा है। बजट में इन्फोसेक्टर के क्षेत्र में राज्य के लोगों को निराशा हाथ लगी है। रेलवे विस्तारीकरण की तरफ भी लोगों की उम्मीदों पर पानी फिरा है। **-वीरेन्द्र गुप्ता**, प्रदेश संगठन प्रभारी, प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल

अधिवक्ताओं व सीए की राय

नए टैक्स स्लैब में 3 से 7 लाख की आय पर 5 फीसदी टैक्स, 7-10 लाख की आय पर 10 फीसदी, 10-12 लाख पर 15, 12-15 लाख पर 20, 15 लाख और उससे अधिक पर 30 फीसदी टैक्स देना होगा। यह राहत उस वर्ग को है जो प्रत्यक्ष रूप से राजस्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शेयर्स के कैपिटल गैन पर टैक्स बढ़ा दिया है। शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स 15 से 20 प्रतिशत, लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर 10 से बढ़ाकर 12.50प्रतिशत कर दिया है। स्लैब बढ़ाने से राजस्व की कमी आएगी, जिसे कैपिटल गेन टैक्स से भरपाई की कोशिश रहेगी। हालांकि शेयर मार्केट में निवेश करने वाले निवेशकों को थोड़ा निराशा जरूर होगी। **-सरोज आनंद जोशी**, सीए

निर्मला सीतारमण ने पर्सनल इनकम टैक्स को लेकर बहुत बड़ा ऐलान किया है। नई टैक्स रीजीम चुनने वाले सैलरीड क्लास वालों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ा कर 75000 रुपये करने का ऐलान किया है। **-रोहित कांडपाल**, सीए

इस बजट में ओल्ड टैक्स रिजीम करने वाले करदाताओं को धारा 80 सी की छूट नहीं देने से करदाताओं में बचत करने की आदत से नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जो कि लंबी अवधि के लिए उचित नहीं है। **-मयंक वर्मा**, अधिवक्ता

स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि बढ़ाकर 75 हजार की गई और पारिवारिक पेंशन की छूट को बढ़ाकर 25 हजार किया है। इन दोनों बदलावों से 10 लाख से ज्यादा वेतन पाने वाले वेतन भोगी कर्मचारियों को 17,500 की बचत होगी। दीर्घावधि कैपिटल गेन में छूट की लिमिट को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख किया है। इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने का यह सराहनीय प्रयास है। **-सुमित कुमार गुप्ता**, अधिवक्ता

टैक्स बचत को लेकर सरकार कुछ बड़ी घोषणा करेगी पर ज्यादा फायदा नहीं हुआ। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स भी 10% से बढ़ाकर 12.5% कर दिया गया। विदेशी कंपनियों के लिए कर की दर 40% से 35% कर दिया है जिससे विदेशी कंपनियों को फायदा होगा। **-अमन साह**, सीए

दीर्घकालिक कैप कर लाभ छूट की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये कर दी गई है। 1 वर्ष से अधिक समय तक रखी गई सूचीबद्ध वित्तीय संपत्तियां दीर्घकालिक होंगी। दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत हो गया है। **-दीपक बिष्ट**, अधिवक्ता

बजट में सीमा शुल्क में कमी की गई है। इनमें मुख्य रूप से कैंसर की दवाएं तथा सोना-चांदी, मोबाइल फोन आदि पर सीमा शुल्क में कमी होने से इनके मूल्य में कमी आएगी। **-आईपी सिंह**, अधिवक्ता

जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में जो प्रावधानों पर चर्चा की गई थी उन प्रावधानों को जीएसटी में स्थान दिया गया है, जो व्यापारी हित में है। **-संजय पांडे अध्यक्ष** टैक्स बार एसोसिएशन हल्द्वानी

छोटे शहरों और गांवों के लिए कुछ नया नहीं

रामनगर, अमृत विचार : केंद्र सरकार की ओर से जारी बजट को लेकर रामनगर के लोगों में काफी उत्सुकता रही। बजट घोषित होते ही लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई। किसी ने बजट को सराहनीय बताया तो किसी ने आलोचना की। लोगों का कहना था कि छोटे शहरों और गांवों के लिए बजट में कुछ भी नया नहीं है।

बजट पूर्व की भांति ही शानदार है। यदि गहनता से अध्ययन किया जाए तो इस बजट से समाज के हर वर्ग को कुछ न कुछ फायदा जरूर होगा। विपक्ष केवल बजट की आलोचना करने का फैशन निभा रहा है। **-शलभ मित्तल**, युवा व्यवसायी

मध्यम वर्गीय लोगों का ख्याल नहीं रखा गया। बड़े शहरों में पचास हजार में भी घर नहीं चलता। महंगाई के दौर में हर वर्ष इनकम टैक्स में रिबेट मिलनी चाहिए। शिक्षा में कुछ नहीं है। निजी स्कूल अपनी फीस बढ़ाते जा रहे हैं। **-राजीव अग्रवाल**, अध्यक्ष रोटरी क्लब रामनगर

मोबाइल, सोना-चांदी, जूते, खाद्य सामग्री और टैक्स स्लैब में बदलाव और विभिन्न करों में रियायत से मध्यम वर्ग को राहत मिल सकती है। सरकारी, गैर सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों को टैक्स पेय में लाभ मिलेगा। **- पूरन शर्मा**, कृषक

सोने-चांदी की कीमत कम होने से आभूषण थोड़े सस्ते हो सकते हैं। कैंसर की दवा सस्ता करना अच्छा निर्णय है। युवाओं के लिए रोजगार, दैनिक खाद्य सामग्री और महिलाओं के स्वावलंबन के लिए बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। **- मधु शर्मा**, गृहिणी

बजट अच्छा है। मध्यम वर्गीय व्यापारियों के लिए मुद्रा लोन 10 लाख की जगह 20 लाख हो गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप, गरीबों को नए घर, इन्कम टैक्स में स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार से बढ़कर 75 हजार हो गया है। **-विकास अग्रवाल**, युवा व्यवसायी

स्टेंडर्ड डिडक्शन में मामूली वृद्धि कर कार्मिकों को नाममात्र का लाभ दिया गया है। नई पेंशन योजना में नियोक्ता का हिस्सा चार प्रतिशत बढ़ाकर सरकार ने कारपोरेट घरानों को ही फायदा पहुंचाया है। आठवें वेतन आयोग पर चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। **- नवेंदु मठपाल**, शिक्षक नेता

बजट में आयकर दाताओं के लिए टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया। वेतन से आय में मिलने वाली स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट को 75 हजार किया गया है। लेकिन करदाताओं को इस बजट से इसके अलावा भी काफी उम्मीदें थीं। **- गौरव गोला**, एडवोकेट

बजट में नौकरी पेशा वर्ग को नई टैक्स स्कीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन तथा टैक्स स्लैब में कुछ राहत देने का प्रयास किया गया है। कुछ और बेहतर किया जा सकता था। नई पेंशन योजना पर कोई घोषणा न होना निराशाजनक रहा। **- हेम चन्द्र पांडे**, शिक्षक

करालीगाड़ नदी का डायवर्जन शुरू कराते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

तहसीलदार लालकुआं को ज्ञापन देते खुरियाखत्ता वासी। ● अमृत विचार

कैड़ा ने करालीगाड़ नदी का डायवर्जन शुरू कराया

हल्द्वानी, अमृत विचार : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने कई गांवों की जमीन बचाने के लिए नदी का डायवर्जन शुरू कराया। कैड़ा ने कहा कि पिछले दिनों हुई बारिश से ओखलकांडा ब्लॉक के लुगड़, खौदा, लमजाला, बगड़, रैला, धार, चमोली गाजा, ककोड़ गाजा, हरीशताल गाजा में भारी नुकसान हुआ था। अत्यधिक बारिश से किसानों की सैकड़ों नाली उपजाऊ भूमि करालीगाड़ नदी से हो रहे भूकटाव में बह गई थी। जिस कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि मंगलवार को संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलवा कर नदी का डायवर्जन करवाया गया।

नये प्रधानाध्यापक की नियुक्ति की मांग

लालकुआं, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय खुरियाखत्ता बिन्दुखत्ता में शिक्षक न होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने तहसीलदार मनीषा बिष्ट के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर विद्यालय में अभिलंब शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। ग्रामीणों को कहना है कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक पिछले दो वर्षों से लकवाग्रस्त हैं एवं शिक्षण कार्य करने में असमर्थ हैं। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य भी खतरे में है। ऐसे में विद्यालय में किसी अन्य प्रधानाध्यापक की तत्काल व्यवस्था की जाए ताकि बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

नैनीताल : बजट पर प्रतिक्रिया

एक सशक्त भारत की झलक इस बजट में दिखती है। बेरोजगारी पर विशेष ध्यान देते हुए कई तरह की योजनाएं शामिल की गई हैं। छोटे व्यापारियों के लिए मुद्रा लोन को 10 लाख से 20 लाख किया जाना सराहनीय कदम है। जीएसटी और इनकम टैक्स प्रणाली को और ज्यादा सरल बनाया गया है। एंजेल टैक्स को खत्म करना स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहन करने वाला कदम है। कैंसर के संबंध में तीन महत्वपूर्ण दवाइयों में कस्टम की पूरी छूट दी गयी है। पर्यटन पर कुछ नहीं किये जाने से व्यापारियों में निराशा है। **-पुनीत टंडन**, संस्थापक अध्यक्ष मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल

सरकार बचाने के लिए सहयोगी दलों को खुश करने वाला बजट है। मोदी सरकार 3.0 ने संकल्प पत्र में किसानों से जो वादे किये थे, पूरे नहीं किये। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि को न बढ़ाना किसानों के साथ खिलवाड़ है। बजट में न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कुछ बोला गया और न ही काश्तकारों के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की गई। उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद निराशा हाथ लगी है। **-त्रिभुवन फर्त्याल**, पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव

हिमालयन स्टेट के लिए बजट में कुछ नहीं रखा गया है। जबकि ये राज्य हरियाली के लिए जाने जाते हैं। पर्यटन उद्योग के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए हैं। उत्तराखंड में सबसे ज्यादा दैवीय आपदा आती है, इसलिए इसके लिए भी एक विशेष पैकेज होना चाहिए था। बजट में रोजगार वाले विषय को छोड़ दिया जाए तो बाकी कुछ खास नहीं रहा। **-दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल

बजट से मध्यम वर्ग को निराशा हुई है। सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बजट में ज्यादा कुछ नहीं है। टैक्स स्लैब में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। सिर्फ 3 लाख तक छूट दी गई है, जबकि कर्मचारियों को पांच लाख की उम्मीद थी। पुरानी पेंशन बहाली पर कुछ नहीं कहा गया है, जिससे कर्मचारियों में निराशा है। **- दीपक नौगाई**, शिक्षक भीमताल

निर्देश | समाज कल्याण निदेशक ने सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को दिए निर्देश

पेंशनर्स के आधार प्रमाणीकरण में तेजी लाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगाई ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी जिला समाज कल्याण और नोडल अधिकारियों के साथ योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने पेंशन एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पारदर्शी ढंग व तेजी से काम करने के निर्देश दिए।

निदेशक भटगाई ने कहा कि सभी पेंशनर्स को आधार बेस्ड पेमेंट के लिए जिला स्तर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक, शाखा प्रबंधक के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाई जाए और सभी पेंशनर्स का आधार प्रमाणीकरण किया जाए। सभी लाभार्थियों के मोबाइल नंबर पेंशन पोर्टल पर दर्ज किए जाए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग करते निदेशक आशीष भटगाई। ● अमृत विचार

नशामुक्त अभियान के अंतर्गत मादक द्रव्यों, नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय गतिविधियां आयोजित की जाएं। इनके फोटो, रिपोर्ट तीन दिन के अंदर दी जाएं।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में राज्य के चयनित 385 गांवों के सापेक्ष 162 को आदर्श गांव घोषित किया गया है। इन गांवों में जनसूचना बोर्ड लगवाकर प्रत्येक गांव में कराए गए निर्माणों के न्यूनतम 5 फोटो पोर्टल पर अपलोड की जाए। सीएम पोर्टल पर एल-1 संबंधी 10, एल-2 संबंधी 7 शिकायतों का बुधवार तक निस्तारण करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारियों को दिए गए। एससी वर्ग के लिए अटल आवास योजना में वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 266 व 2023-24 में स्वीकृत 124 आवासों के फोटोग्राफ निदेशालय को देने को कहा। बैठक में ऊधमसिंह नगर के जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित नहीं हुए थे, इसलिए उन्हें बुधवार को सभी प्रगति सूचनाओं के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

सुविधा

- पेंशन एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में होगी सुविधा
- लाभार्थियों के मोबाइल नंबर पेंशन पोर्टल पर दर्ज किए जाएं

पौधरोपण व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

हल्द्वानी, अमृत विचार : हरेला पर्व के अवसर पर शुभ मंगलम सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से गुरुवार को एक पौधरोपण व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा।

मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में हुई प्रेस वार्ता में कार्यक्रम संयोजक कौस्तुभानंद जोशी ने बताया कि हरेला पर्व से आमजन को जोड़ना है। शहर के सभी सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक और विभिन्न संगठनों के लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में एक मैंगो पार्टी की जाएगी। कार्यक्रम गुरुवार को सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक नैनीताल रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में होगा। इसमें छोलिया नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जितेंद्र मेहता, रंजन बर्गली, भुवन भट्ट, अमित, रत्नेश, अमित चौधरी, संदीप रहे।

पहले भूमि संरक्षित की फिर किया गया वृहद पौधरोपण

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल में स्थानीय स्तर पर एक ऐसा पौधरोपण किया गया है, जिसका उल्लेख करना बेहद आवश्यक है। यह पौधरोपण अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक है।

मामला 'वन ही जीवन है' कार्यक्रम के अंतर्गत पांडेगांव में लगाए गए पौधों से संबंधित हैं। यहां लोगों ने पौधों को लगाने से पहले करीब 20 नाली भूमि का चयन किया। फिर भूमि के चारों ओर तारबाड़ की, ताकि पौधों को जंगली व पालतु जानवरों से बचाया जा सके। इसके बाद पौधे लगाए। इन पौधों की देखभाल करने के लिए बकायदा एक व्यक्ति की तैनाती भी की गई है, जो दो वर्ष तक पौधों की देखभाल करेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एक हजार बांज, देवदार, कनेला, जैगेरंडा, उतीस आदि के पौधे लगाए गए।

पांडे गांव में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

वन ही जीवन है कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी अनूप पोखरियाल व उनकी पत्नी पम्पोश पोखरियाल ने पौधों के संरक्षण के लिए दो वर्षों तक देखभाल व खाद पानी की जिम्मेदारी ली है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, रोहित पलड़िया, सरपंच लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कमल पलड़िया, मोनिका नयाल, लक्ष्मी नयाल, अनुप्रिया आर्या, नारायण पलड़िया, प्रकाश आर्य ने सहयोग दिया।

सार-संक्षेप

आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपते नितेश बिष्ट।

भीमताल : नगर में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर समस्या से निजात न मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से गुहार लगाई है। बिष्ट ने मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भीमताल क्षेत्र की सड़कों में आवारा पशु घूम रहे हैं। जिनके रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है।

विकास भवन में स्वीप टीम के सम्मानित सदस्य। ● अमृत विचार

निर्वाचन में सहयोग देने वाले कार्मिक व स्वीप टीम सम्मानित

भीमताल : विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन की स्वीप टीम के सदस्यों एवं निर्वाचन कार्य में सहयोग देने वाले विभागीय कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे के नेतृत्व में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय सदस्यों के अलावा ईएलसी चुनाव पाठशाला के कैंपस कोऑर्डिनेटर, जिला समाज कल्याण, जिला उद्योग केंद्र, लीड बैंक, शिक्षा विभाग, रीप टीम, एनआरएलएम खंड विकास कार्यालय सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वीप टीम के सदस्य गौरीशंकर कांडपाल, ललित मोहन पांडे, राकेश लाल वर्मा, गोविंद मर्तोलिया, ईश्वर सिंह बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, जिला उद्योग केंद्र की जनरल मैनेजर पल्लवी गुप्ता, रीप टीम की सदस्य के रूप में शिवानी पांडे, सपना बिष्ट, चारु बिष्ट, दीपा डसीला मौजूद रहे।

तल्लीताल डांठ चौराहे का किया जाए चौड़ीकरण: राणा

नैनीताल : अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता हरीश राणा ने मंगलवार को डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तल्लीताल डांठ चौराहे का चौड़ीकरण करने की मांग की। राणा ने पत्र में कहा कि नैनीताल में आये दिन यातायात की समस्या बनी रहती है। पिछले दो-तीन माह से अपर माल रोड से लेकर हल्द्वानी एवं भवाली रोड में जाम की समस्या बनी हुई है। इसके समाधान के लिए तल्लीताल डांठ चौराहे में जीर्ण-क्षीर्ण बने डाकघर को जनहित में स्थानांतरित कर चौराहे का चौड़ीकरण किया जाए। जिससे शहरवासियों व पर्यटकों को काफी राहत मिलेगी।

एनएसयूआई मुम्बई प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे कैंचीधाम

कैंची धाम पहुंचे प्रद्युम यादव।

भवाली : कैंची धाम में बॉलीवुड कलाकार, क्रिकेटर व जन प्रतिनिधि नीब करौरी बाबा के दर्शन के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। मंगलवार को मुम्बई के एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष प्रद्युम यादव ने नीब करौरी बाबा के दर्शन किये। हनुमान चालीसा का पाठ कर देश की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। उन्होंने कहा कि कैंची धाम के बारे में खबरों के माध्यम से हमेशा देखा और सुना था। यह जगह रमणीय स्थल है। इसलिए नीब करौरी बाबा ने यहां आश्रम की स्थापना की होगी। कहा आज देश विदेश में नीब करौरी बाबा के भक्त हैं। हर कोई बाबा के दर्शन करना चाहता है। उन्होंने सभी के सुख सम्रद्ध जीवन के लिए बाबा से प्राथना की। इस दौरान नगर कांग्रेस यूथ अध्यक्ष अफसर अली आदि मौजूद रहे।

एनसीसी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

एनसीसी भर्ती में दो सौ छात्रों में से पचास का चयन

रामनगर : 79 यू के बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक के निर्देशन में एमपी हिन्दू इन्टर कॉलेज रामनगर में एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती प्रकिया संपन्न की गई। पहले छात्र-छात्राओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली गई। जिसमें दौड़ पुशअप, चीनअप तथा इंटरव्यू संपन्न किया गया। इसके पश्चात कुल 200 छात्र-छात्राओं में से 30 छात्र तथा 20 छात्राओं का चयन किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने कैडेट्स को अनुशासित रहकर अध्ययन के साथ साथ एनसीसी गतिविधियों में भी नियमित तथा सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने की सलाह दी। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन चन्द्रशेखर मिश्र, फर्स्ट ऑफिसर जफर अली, सूबेदार मेजर पाकेश चौहान, जेसीओ प्रदीप रोका, हवलदार किशोर सिंह उपस्थित रहे।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

हल्द्वानी	कार्यालय	:	7830460114
हल्द्वानी	कृष्णानंद जोशी	:	9759658008
हल्द्वानी	चंदन सिंह राणा	:	9719437755
हल्द्वानी	बाला दत्त नैनवाल	:	9759749932
काठगोदाम	शहजादे आलम	:	9627035285
नैनीताल	गणेश काण्डपाल	:	9412017422
रामनगर	सिद्धार्थ पपनै	:	7983376222
रुद्रपुर	कार्यालय	:	8476843488
काशीपुर	राहुल पाल	:	82181 00208
जसपुर	सुखवीर	:	9536211111
बरेली रोड ITI	कमल आसरा	:	9917106359
कमलुवागांजा	श्याम भोज	:	9012803251
ब्लॉक (हल्द्वानी)	पूरन बृजवासी	:	9927780770
लामाचौड़ (हल्द्वानी)	नन्दा बल्लभ जोशी	:	9568591773
पनचक्की, हल्द्वानी	मनोज डालाकोटी	:	8923661000
पंचायत घर, हल्द्वानी	हरीश जोशी	:	8218899134
गौलापार	मनोज शर्मा	:	9759921464
हल्दूचौड़	गौतम भट्ट	:	7248505100
हल्दूचौड़	पूनम पाण्डे	:	9412134705
लालकुआं	दीपू पांडेय	:	6399832290
सितारगंज	अतुल शर्मा	:	7017941901
बाजपुर	सैनी न्यूज एजेंसी	:	8445072215
बाजपुर	अकील अहमद	:	9837146215
खटीमा	ओम प्रकाश मौर्य	:	7500981690
टनकपुर	आबिद हुसैन	:	6398415199
अल्मोड़ा	टी.डी. गुरु	:	9410183487
रानीखेत	हेम चन्द्र पांडेय	:	9758833254
किच्छा	राजू सहगल	:	9837777817
मालधन (रामनगर)	जितेन्द्र कुमार	:	9917303031
चकरपुर, बाजपुर	जितेन्द्र पाल	:	9837135170
कालाढूंगी	गोपाल सिंह बिष्ट	:	9634222693
गदरपुर	रमेश कुमार	:	7351388930
दिनेशपुर	केवल चंद्र पाठक	:	7055150050
गूलरभोज	ऋतिक न्यूज एजेन्सी	:	9917089411

करायल जौलासाल के ग्रामीणों ने किया जल संस्थान पर प्रदर्शन

पेयजल योजना का लाभ नहीं मिलने पर जताया आक्रोश, उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: करायल जौलासाल के ग्रामीणों ने सोमवार को पेयजल योजना का लाभ नहीं मिलने पर जल संस्थान कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश प्रकट किया।

ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप है। भरत कॉलोनी के लोगों ने बताया कि उनकी कॉलोनी के लगभग 30 परिवारों को जल संस्थान आज तक कनेक्शन नहीं दे पाया है। विभाग ने अगस्त माह के पहले सप्ताह में पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक न तो ट्यूबवेल का ओवरहेड टैंक बन पाया है और न ही पेयजल लाइन बिछाने का काम पूरा हुआ है। उन्होंने अगस्त के पहले सप्ताह तक योजना का लाभ नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि हर घर नल योजना के तहत पानी का लाभ मिलना था, लेकिन अभी तक नहीं मिला है। इससे पहले भी वह अप्रैल में समस्या के समाधान के लिए जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

जल संस्थान कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

जब विभाग टैंकर भेजता है तो एक ही जगह पर लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। सड़क भी खराब है, जिस कारण टैंकर कॉलोनी के अंदर नहीं आ पाता है। एक टैंकर से एक परिवार को 1-2 बाल्टी ही मिल पाता है।
-रंजना धामी

पानी नहीं आता है। क्षेत्र में पेयजल लाइन ही नहीं है। जल जीवन मिशन के तहत काम चल रहा था, लेकिन इन दिनों वह भी बंद हो गया है। जल संस्थान समस्या के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहा है।
- सरिता धौनी

लगातार पानी का बिल जमा करते हैं। आज भी विभाग के कार्यालय में पानी का बिल जमा किया। हजारों रुपये का बिल आ रहा है, लेकिन पानी नहीं मिल पा रहा है। शीघ्र समस्या हल न होने पर आंदोलन करेंगे।
-आशा मेहता

क्षेत्र का ट्यूबवेल ऑपरेटर दूसरे ट्यूबवेल का वाल्व बंद कर देता है, जिस कारण कॉलोनी में पानी नहीं पहुंच पाता है। जेई भी फोन नहीं उठाते हैं। जल संस्थान को लोगों की समस्याएं दूर करनी चाहिए।
-बसंती भाकुनी

पूर्व में हुआ था लिखित में समझौता

भरत कॉलोनी के लोगों ने बताया कि अप्रैल माह में पानी को लेकर लिखित समझौता हुआ था। उस समय ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर चुनाव बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इसके बाद ग्राम प्रधान, जल संस्थान के एई, जिला प्रशासन से नायब तहसीलदार और ठेकेदार प्रतिनिधि के बीच समझौता हुआ। समझौते में एक दिन छोड़कर पानी देने और जेजेएम योजना से अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पानी देने सहित अन्य बिंदु शामिल थे।

बोरिंग फेल होने के कारण हो रही देरी

जल संस्थान ने पूर्व में ट्यूबवेल के लिए जो बोरिंग की थी, वह फेल हो गई। इस कारण कार्य में देरी हो रही है। ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि नई बोरिंग कर दी गई है। ग्रामीणों के अनुरोध पर कुछ दूरी पर स्थित ट्यूबवेल से पानी देने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को मौके पर एई को भेजा गया था। बुधवार को फिर से मौके पर सर्वे किया जाएगा। संभव होने पर ट्यूबवेल से पानी दिया जाएगा और वैकल्पिक तौर पर नियमित टैंकर भी भेजे जाएंगे।

अब दो सीओ पर जिले की जिम्मेदारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांवड़ ड्यूटी के लिए सीओ रामनगर भूपेंद्र भंडारी और सीओ भवाली सुमित पांडे को भेजा गया है। पांच सीओ वाले इस जिले में नैनीताल सीओ का पद पहले से खाली चल रहा है, जिसका अतिरिक्त प्रभार सीओ भवाली संभाल रहे थे। अब इन दोनों के जाने से सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी पर हल्द्वानी के साथ रामनगर और नैनीताल की अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है। जबकि सीओ लालकुआं को भवाली की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

सीओ भवाली व सीओ रामनगर के साथ जिले से करीब 120 पुलिसकर्मियों की भी कांवड़ ड्यूटी लगाई गई है। इनमें सीओ से लेकर इंस्पेक्टर, एसआई, हेड कांस्टेबल, महिला व पुरुष सिपाही शामिल हैं। ऐसे में पहले से फोर्स की कित्लत से जूझ रही जिला पुलिस को मानसून सीजन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

नगर सेवा पोर्टल हुआ बंद चक्कर काट रहे करदाता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घर बैठे मोबाइल से कर जमा करने वाले करदाताओं को इन दिनों नगर निगम के चक्कर काटने पड़े रहे हैं। इसकी वजह है शहरी विकास विभाग का एक माह से बंद पड़ा नगर सेवा पोर्टल। भवन कर दाताओं के साथ स्वच्छता कर जमा करने वालों के साथ ट्रेड लाइसेंस और रोड कटिंग के आवेदन भी जमा नहीं हो पा रहे हैं।

निकायों के लिए निदेशालय ने नगर सेवा पोर्टल बनाया है। नगर सेवा पोर्टल में भवन कर, ट्रेड लाइसेंस और रोड कटिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन होते हैं। नगर निगम में 25 हजार कर दाता हैं। अधिकांश करदाता ऑनलाइन पेमेंट करते हैं। रोड कटिंग और ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए भी ऑनलाइन आवेदन होता है। नगर सेवा पोर्टल एक माह से बंद है। पोर्टल खोलते ही चेतावनी लिखी आ रही है। लोगों को नगर निगम आकर ऑफलाइन टैक्स जमा करना पड़ रहा है।

ऑफलाइन जमा को करना होगा ऑनलाइन

भवन कर समेत अन्य कर ऑफलाइन जमा होने से नगर निगम का काम बढ़ गया है। एक तो कर जमा करने की प्रक्रिया बेहद धीमी हो गई है। दूसरा ऑफलाइन जमा होने वाले कर को बाद में ऑनलाइन भी दर्ज करना होगा। कर अधीक्षक महेश पाठक ने बताया कि पोर्टल चलने के बाद नगर निगम को इस डाटा को ऑनलाइन करना होगा। इससे निगम का कार्य बढ़ जाएगा। नगर आयुक्त ने निदेशालय को पत्र लिखकर पोर्टल सही कराने का निवेदन किया है। एसएनए गणेश भट्ट ने बताया कि शासन को नगर आयुक्त की ओर से पत्र भेजा गया है।

सोनू को मातृ शोक

नैनीताल : देवभूमि सफाई कर्मचारी महासंघ के महासचिव सोनू सहदेव की माता परमेश्वरी देवी का मंगलवार को उनके निवास स्थान धोबीघाट में निधन हो गया। उनके निधन पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, सभासद पुष्कर बोरा, राहुल पुजारी, शिवराज नेगी ने गहरा दुख व्यक्त किया। बुधवार को पाइंस श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

परमेश्वरी देवी।

सूचना (संबंध विच्छेद)

मेरा पुत्र कालीदास मंडल एवं पुत्रवधू मीना मंडल आए दिन मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ गलत आचरण करते रहते हैं। मेरा पुत्र एवं पुत्रवधू के गलत चाल-चलन से तंग आकर, मैं अपने पुत्र एवं पुत्रवधू को, अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा किए जाने वाले लेन-देन, अच्छे बुरे कार्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं रहेगा। - **कृष्ण पद मंडल पुत्र स्व केशव मंडल, निवासी - ग्राम जयंत नगर, रूदपुर, तहसील सितारगंज (उधम सिंह नगर)**

रामनगर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

आरती सैनी प्रथम व चंदन आर्य रहे द्वितीय

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: साइंस फॉर सोसायटी यूनाइटेड द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज जस्सा गाजा में शहीद श्रीदेव सुमन के जीवन व उनके राजशाही के खिलाफ संघर्ष व स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा आरती सैनी प्रथम, कक्षा के 12 के छात्र चंदन आर्य द्वितीय व कक्षा 12 के ही छात्र हर्षित ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले सभी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इस दौरान समिति द्वारा अंधविश्वास को पीछे छोड़ो, तर्क विज्ञान से नाता जोड़ो कार्यक्रम के तहत चमत्कारों का खुलासा कार्यक्रम भी प्रदर्शित किया गया। समिति के प्रवक्ता गिरीश चंद्र ने बताया कि कोई भी चमत्कारी बाबा या व्यक्ति सोसायटी द्वारा जारी 20 शर्तों में से किसी भी एक शर्त को पूरी करके पांच लाख का इनाम जीत सकता है।

समिति के संयोजक मदन मेहता ने हवन कुंड में घी डालकर आग पैदा करने के कारनामे का खुलासा करते हुए बताया कि ढोंगी बाबा लकड़ी के बीच में पोटेशियम परमैंगनेट छुपा कर रखते हैं तथा घी की जगह उसमें ग्लिसरीन डालते हैं। ग्लिसरीन डालते ही कैमिकल रिएक्शन होता है और आग लग जाती है। प्रधानाचार्य द्वारा पानी का दीपक जलने के पीछे छुपे विज्ञान का खुलासा करते हुए बताया कि दीपक में पानी के साथ फल पकाने में इस्तेमाल किए जाने वाला कॉर्बेट डाला गया है। कार्यक्रम का संचालन उषा पटवाल ने किया। पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य पीके दुर्गापाल ने किया। कार्यक्रम में जमन राम दीपक सुयाल सतीश जोशी, व शिक्षक गिरीश मेंदोला, रविकांत शर्मा, रविंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे।

कार्यालय जिला क्रीड़ाधिकारी, ऊधमसिंह नगर
(श्री मनोज सरकार, स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर)
फोन व फैक्स नं०- 05944-250657 E-mail-sportsstadiumus@gmail.com

पत्रांक : 886/2024-25/खेलो इण्डिया सेन्टर पत्रा०/ प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 23 जुलाई, 2024

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूदपुर, ऊधमसिंह नगर में स्वीकृत खेलों इण्डिया सेन्टर में वालीबॉल खेल में दिनांक 02 अगस्त, 2024 से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने हेतु 01 (एक) अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक की कॉन्ट्रैक्ट के आधर पर नियुक्ति की जानी है, जिस हेतु निम्नानुसार अर्हताऐं होनी अनिवार्य है।

आवेदन पत्र प्राप्ति / जमा करने की अन्तिम तिथि- विज्ञप्ति प्रकाशन तिथि से दिनांक 30 जुलाई, 2024 सायं 05:00 बजे तक।

आयु सीमा	(1) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल एसोसिएशन के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में किया हो।
खेल उपलब्धियाँ	(2) राष्ट्रीय ऑल इण्डिया गेम्स में पदक प्राप्त अथवा राष्ट्रीय खेल फेडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त सीनियर नेशनल चैम्पियनशीप में पदक प्राप्त किया हो।
नियम मानदेय	(3) राष्ट्रीय ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी चैम्पियनशीप में पदक विजेता प्राप्त किया हो।
	(4) खेलों इण्डिया गेम्स में प्रतिभाग या मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल फेडरेशन द्वारा आयोजित मान्यता प्राप्त सीनियर नेशनल चैम्पियनशीप में पदक प्राप्त किया हो।
	(5) वालीबॉल खेल में NIS डिप्लोमा किया हो।
विषय मानदेय	रू० 25,000/- प्रतिमाह

उपक्तानुसार अर्हता पूर्ण करने वाल इच्छुक खिलाड़ी / प्रशिक्षक अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों, खेल उपलब्धियों, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड आदि मूल रूप में एवं समस्त प्रमाण-पत्रों की एक-एक छाया प्रति तथा 02 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित साक्षात्कार (WALK IN INTERVIEW) के लिये गठित चयन समिति के सम्मुख जिला खेल कार्यालय, ऊधमसिंह नगर में दिनांक 30 जुलाई, 2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे उपस्थित हो सकते है।
शेष नियम / शर्ते एवं आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला खेल कार्यालय ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सके।

जिला क्रीडाधिकारी,
ऊधमसिंह नगर

कार्यालय (बी0एड0) प्राचार्य, रा0 स्ना0 महाविद्यालय, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक : 34/2024-25 प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 23/07/2024

हे०न०ब०रा०स्ना० महाविद्यालय, खटीमा के स्ववित्त पोषित बी०एड० विभाग में गैस्ट फैकल्टी (नितान्त अस्थाई) पद पर 250/- (दो सौ पचास) रू० प्रतिवादन एवं अधिकतम 15,000/- (पन्द्रह हजार) रू० प्रतिमाह मानदेय के आधार पर यू०जी०सी०/ एन०सी०टी०ई० के मानकानुसार अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थियों हेतु विज्ञप्ति जारी होने से दिनाँक 10/08/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। अभ्यर्थी का चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक व सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय को रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट डाक से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। पदों का विवरण निम्नवत है-

रिक्त पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	योग्यता
गणित शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड., नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.
अंग्रेजी शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड., नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.
जीव विज्ञान शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड., नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.
सामाजिक अध्ययन शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड., नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.

प्राचार्य

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

दुष्कर्म के आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

काशीपुर : पॉक्सो कोर्ट से गैर जमानती वारंट प्राप्त कर थाना आईटीआई पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीती 22 जून को थाना आईटीआई के अंतर्गत एक गांव की महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इस पर पुलिस ने धारा 363, 366, 376, 452, 504, 506 आईपीसी व 3/4 पॉक्सो अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान आरोपी बादल निवासी ग्राम मुकंदपुर थाना आईटीआई अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। उसके विरुद्ध पॉक्सो कोर्ट से गैर जमानती वारंट प्राप्त कर पुलिस ने आरोपी को सोमवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। जिसे मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसआई सुप्रिया नेगी, कांस्टेबल जितेंद्र नेगी शामिल रहे।

कूड़ा गाड़ी वाले से गाली गलौज और मारपीट

खटीमा : पुलिस ने कूड़ा डालकर लौट रहे कूड़ा गाड़ी वाले को कुछ युवकों द्वारा रास्ते में रोककर जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज और मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। नगरपालिका वार्ड संख्या 16 बाल्मिकी बस्ती निवासी आकाश ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह नगरपालिका के अंतर्गत आरिफ इंटरप्राइजेज की कूड़ा वाली गाड़ी में कूड़ा उठाने का कार्य करता है। यह भी कहा है कि 20 तारीख को करीब साढ़े ग्यारह बजे वह कूड़ा डालकर घर वापस आ रहा था कि रास्ते में सुजिया महोलिया निवासी प्रकाश चंद तीन अन्य साथियों के साथ कूड़ा गाड़ी के आगे कार खड़ी कर जबरन रोक लिया। कार से उतरते ही वह गाली गलौज करने लगा। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धक्कामुक्की की गई। फोन पर बताने पर अन्य लोग और सुपरवाइजर कपिल ने मौके पर पहुंचकर जान बचाई।

50 लोगों को भरकर जा रही पिकअप का चालान काटा

काशीपुर : एआरटीओ ने ओवरलोडिंग में एक पिकअप का दो हजार रुपये का चालान काटा है। चालक पिकअप में 50 से लोगों को भरकर ले जा रहा था। एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र चंद्र ने बताया कि सोमवार देर शाम परिवहन विभाग की टीम ओवरलोडिंग के खिलाफ रामनगर रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान रामनगर की ओर से आ रही एक पिकअप में 50 लोगों को लाया जा रहा था। इस पर पिकअप चालक का दो हजार रुपये का चालान काटकर वाहन को सीज करने की कार्रवाई की गई।

चार पिस्टल मंगा ली हैं जल्द ही तुझे निपटा देंगे..

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में खाकी का खौफ खत्म होता जा रहा है। जिसके चलते वहां के रहने वाले एक युवक ने आप बीती वीडियो बनाकर वायरल की है। पीड़ित का कहना था कि युवक ने साथियों के साथ मिलकर दो बार जानलेवा हमला कर घायल कर दिया और अब धमकी दे रहा है कि उसने चार पिस्टल मंगवा ली है, जल्द ही गोली मारकर हत्या की जाएगी। उधर पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरू कर दी है।

ट्रांजिट कैंप के साक्षी पुरम निवासी राजीव गंगवार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर जीविका चलाता है, लेकिन वहीं का रहने वाला एक युवक बेवजह रंजिश रखता है। 10 जून को जब वह सामान खरीदने बाजार गया था तो आरोपी युवक ने साथियों के साथ मिलकर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके अलावा 16 जून को भी घेर कर घायल कर दिया था। आरोप था कि हमले के बाद लगातार आरोपी युवक फोन पर धमकी दे रहा है कि उसने चार पिस्टल मंगवा ली है और जल्द ही गोली मारकर हत्याकांड को अंजाम दिया जाएगा। आरोप था कि बार-बार प्रताड़ना के खिलाफ उसने ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई मुकदमा या फिर गिरफ्तारी नहीं की। जिस कारण आरोपी युवक कभी भी कोई संगीन वारदात को अंजाम दे सकता है।

मौसेरी बहन से शादी का बनाया दबाव

रुद्रपुर: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में सगी मौसेरी बहन से दबंगई के बल पर शादी का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मछली बाजार थाना ट्रांजिट कैंप निवासी प्रियंका मंडल ने बताया कि एक साल पहले उसके पति की मौसी का बेटा रणवीर निवासी सितारगंज शक्तिफार्म जबरन उसकी ननद से शादी करने का दबाव बना रहा था। काफी समझाने के बाद कुछ दिन तक मामला शांत रहा, लेकिन अचानक पति के मौसी का बेटा अपनी ही सगी मौसेरी बहन से शादी का फिर दबाव बनाने लगा। जब इंकार कर दिया तो आरोपी युवक ने उस के फोन पर अश्लील फोटो और पति, बच्चों सहित परिवार की हत्या करने का मैसेज भेजने लगा।

भाजपा नेता चुघ के साथ लोगों ने पहुंचकर दिया ज्ञापन, सड़क की स्थिति से कराया अवगत

डीएम से की सड़क चौड़ीकरण की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एनएच-74 रुद्रपुर-किच्छा के मध्य से दक्ष चौराहे तक गुजरने वाले मुख्य मार्ग को लेकर भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने स्थानीय लोगों के साथ डीएम से मुलाकात की। साथ ही ज्ञापन देकर जल्द सड़क बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सड़क हादसों का ग्राफ भी बढ़ा है।

उनका कहना था कि एनएच 74 रुद्रपुर-किच्छा के मध्य बगवाड़ा स्थित गल्ला मंडी के सामने बगवाड़ा दक्ष चौक खेड़ा-गंगापुर रोड तीन पानी डैम होते हुए सिडकुल तक मुख्य मार्ग निकलता है। जिसकी लंबाई तीन किलोमीटर से अधिक है। मिनी बाईपास व अत्यधिक संकरा मार्ग और जर्जर हालत होने के कारण राहगीर सड़क हादसे का शिकार होते रहते हैं। उन्होंने बताया कि इसी मार्ग पर कई बड़े प्राइवेट स्कूल भी हैं और ज्यादातर कॉलोनियां भी उसी मार्ग पर बनी हैं। जिस कारण वहां की आबादी काफी है और लोगों की आवाजाही का माध्यम भी यही मुख्य मार्ग है। सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि जगह-जगह गड्ढे सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं।

डीएम को ज्ञापन देते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

आरोप था कि मुख्य मार्ग के जीर्णोद्धार के लिए कई बार कॉलोनी वासियों ने संबंधित विभाग के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने डीएम से जल्द ही सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर मनोज ठाकुर, जितेंद्र संधू, बंटी मंडल, सतपाल सिंह रावत, राज कोहली, देवेंद्र गिरी, रोहित कालड़ा, दिनेश नेगी, लाला सिंह, आदेश भारद्वाज, विजय भान सिंह, सुरभी सिंह, शैलजा सिंह, प्रीति कटारिया, अनीता शुक्ला, मुन्ना सिंह, आदेश भारद्वाज, विजय भान, ओम प्रकाश, जयंत हालदार आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के मामले ने पकड़ा तूल

आरोपी युवक ने परिजनों व उत्तराखंड बेरोजगार संघ के साथ कुंडेश्वरी चौकी पर दिया धरना

हंगामा

- मुकदमा वापस लेने और वादी के खिलाफ झूठी सूचना पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को आरोपी युवक ने अपने परिजनों व उत्तराखंड बेरोजगार संघ सहित अन्य लोगों के साथ कुंडेश्वरी चौकी पर धरना दिया। साथ ही मुकदमा वापस लेने और झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोपी आयुष रावत के समर्थन में सैकड़ों लोगों ने कुंडेश्वरी चौकी का घेराव किया। इस दौरान घेराव करने वालों ने आयुष रावत पर गलत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का पुलिस पर आरोप लगाया।

कुंडेश्वरी चौकी में धरने पर बैठे लोगों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

साथ ही आयुष रावत की ओर से क्रॉस रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए एक तहरीर सौंपी। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने तहरीर लेकर कहा कि आपका प्रार्थना पत्र रिसीव कर लिया है। इस पर वहां प्रदर्शन कर रहे लोग भड़क गए।

उनका कहना था कि यह प्रार्थना पत्र नहीं तहरीर दी गई है, जिस पर मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही हो। इस पर पुलिस ने लोगों को समझाते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। मौके पर आयुष रावत, उत्तराखंड बेरोजगार संघ के कुमाऊं मंडल संयोजक भूपेंद्र सिंह कोरंगा, शंभू लखेड़ा, पीयूष जोशी, कुसुमलता बोड़ाई, अंजू रावत, बबीता देवी, सुनीता, जगदेश्वरी देवी, उमा रावत, सुमनलता, कमला देवी, राधा, अंजू, पुष्पा देवी, लक्ष्मी, नीमा बिष्ट, मुकेश जोशी, सुरेश रावत, नरेश चंद्र सती, सुरेंद्र सिंह, मनोज भंडारी, लक्की थापा, मोहित पांडे आदि मौजूद रहे।

आरोपी के समर्थन में बॉबी पंवार सामने आए

काशीपुर : मुख्यमंत्री धामी के आपत्तिजनक वीडियो को पोस्ट करने के आरोपी आयुष रावत के समर्थन में गढ़वाल क्षेत्र से निर्दलीय सांसद पद पर चुनाव लड़ने वाले बॉबी पंवार भी आ गए हैं। मंगलवार को रामनगर रोड स्थित एक प्रतिष्ठान में प्रेसवार्ता कर उन्होंने आयुष रावत पर दर्ज मुकदमे में लगी धाराओं पर आपत्ति जताई और उन्हें गलत बताया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही आयुष रावत पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और आयुष द्वारा की गई क्रॉस रिपोर्ट को पंजीकृत करने की मांग भी की।

फेसबुक पर धार्मिक टिप्पणी प्रकरण में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर, अमृत विचार: फेसबुक पर धार्मिक अशोभनीय टिप्पणी करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बजरंग दल के प्रखंड संयोजक आदित्य कुमार ने बताया कि 22 जुलाई को जाकिर नाम के युवक ने फेसबुक में सार्वजनिक रूप से एक स्टोरी के माध्यम से हिंदू धर्म के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी पोस्ट की थी। जो कि धार्मिक भावनाओं को भड़काने व धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का मकसद प्रतीत हो रहा था। जिसकी वजह से सांप्रदायिक तनाव की स्थिति भी पैदा हो सकती है। पोस्ट वायरल करने की भनक लगते ही प्रखंड संयोजक ने कोतवाली पुलिस को सूचित किया और लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फेसबुक पर वायरल पोस्ट की भी पड़ताल कर रही है। जल्द ही जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- 22 जुलाई को छात्र आंदोलन के बाद हुई थी पोस्ट

बाइक सवारों ने खनन कर्मी पर किया जानलेवा हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

- करतारपुर चेकपोस्ट पर तैनात थे कर्मचारी
- 21 जुलाई की है घटना, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार: करतापुर रोड स्थित चेक पोस्ट पर अपनी ड्यूटी कर रहे खनन कर्मी पर बाइक सवार बदमाशों ने हमला बोल दिया और कर्मचारी के सिर पर ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। सहयोगी कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

ग्राम बिडऊ थाना कैमरी बिलासपुर निवासी आदेश कुमार ने बताया कि वह सहकर्मी अजय सिंह, विजय कुमार, विशाल सिंह के साथ ग्राम करतापुर रोड स्थित कैलाश रिवर बेड मिनरल्स एलएलपी के समीप माइनिंग चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था कि 21 जुलाई की रात्रि 11 बजे बाइक पर सवार तीन युवक आये और बिना रॉयल्टी दिखाए गाड़ियां निकालने की बात कहने लगे। जब कर्मियों द्वारा अनुमति नहीं दी तो युवक डराने व जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप था कि बहसबाजी करने के तीस मिनट बाद पुनःभदईपुरा वार्ड-चार रुद्रपुर निवासी आदित्य पांडे अपने साथी प्रकट सिंह के साथ आये और वहां तैनात कर्मचारियों से अभद्रता शुरू कर दी। इतना ही काम में रुकावट डालने का अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोप था कि इसी दौरान एक युवक ने जान से मारने की नीयत से वहां खड़े खनन विभाग के सहकर्मी विशाल सिंह के सिर पर ईंट से हमला करना शुरू कर दिया। इससे विशाल लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

शहर से बाहर ई-रिक्शा चलाने की चेतावनी से रोष

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: पुलिस द्वारा बिना नंबर के ई-रिक्शा के चालकों को शहर से बाहर रिक्शा चलाने की चेतावनी दिए जाने पर आक्रोश है। पुलिस से वार्ता करने पर भी सकारात्मक निष्कर्ष नहीं निकल पाया। इससे रिक्शा चालकों में आक्रोश है।

पुलिस ने बिना नंबर के ई-रिक्शाओं के चालकों को चेतावनी दी है कि वे अपने रिक्शा शहर से बाहर ही चलाएं। इससे बिना नंबर के ई- रिक्शा चालकों में आक्रोश है। आक्रोशित रिक्शा चालक एकत्र होकर इस मामले को लेकर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव के दावेदार पूर्व पालिका अध्यक्ष के पुत्र अनीस अहमद रूबी एडवोकेट के आवास पर पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराया। वे रिक्शा चालकों को अपने साथ लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने एसएसआई राजेश पांडेय से वार्ता की और कहा कि बिना नंबर के ई-रिक्शाओं के चालकों तंग न किया जाए और उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने व रिक्शाओं की दाहिनी साइड में जाली लगवाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। इस पर एसएसआई ने कहा कि बिना नंबर के ई- रिक्शा चालक 28 जुलाई तक अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लें। उन्होंने इस बात को दोहराया कि बिना नंबर के रिक्शा चालक शहर से बाहर ही अपनी रिक्शा चलाएं। इस मौके पर पीतांबर सिंह, मनोज कुमार, विजयपाल, मोहम्मद अली, फरमान अली, शरीफ अहमद, भीष्म सिंह, शाहनवाज, तस्लीम अहमद, नफीस अहमद, मुस्तकीम, नईम, इरशाद, फरियाद, खालिद, शाहिद, शेर अली, शुएब, जाहिद, अकबर अली आदि मौजूद रहे।

अनीस अहमद रूबी से अपनी समस्या को लेकर वार्ता करते ई- रिक्शा चालक।

जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने किया ट्रेडर्स की दुकान का सर्वे

संवाददाता, रुद्रपुर

सख्ती

- कई घंटे तक चली कार्रवाई, मौके पर पहुंचे व्यापारी नेता
- कई बड़ी कंपनियों की हैं एजेंसियां, लेनदेन का हुआ सर्वे

अमृत विचार: सेंट्रल गुड सर्विस टैक्स की इंटेलिजेंस की टीम ने रुद्रपुर स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान का औचक सर्वे किया। टीम को देखकर जहां फर्म संचालक सकपका गए। वहीं सूचना मिलते ही व्यापारी नेता भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से वार्ता के बाद लौट गए। बताया जा रहा है कि फर्म संचालक के पास कई बड़ी कंपनियों के एजेंसी होल्डर हैं और प्रतिदिन लाखों का लेनदेन होता रहता है।

मंगलवार की सुबह 10 बजे देहरादून नंबर की दो इनोवा कार में सवार जीएसटी इंटेलिजेंस के सीनियर अफसर संजय सिंह राणा और विकास शुक्ला के नेतृत्व में टीम श्याम टाकीज रोड स्थित मां वैष्णो ट्रेडर्स फर्म पहुंची। प्रवेश करते ही आदान-प्रदान कक्ष में डेरा डाल दिया। जिसे देखकर फर्म संचालक भी सकपका गए। वहीं सूचना मिलते ही प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित व्यापारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जीएसटी अधिकारियों से मुलाकात की और थोड़ी देर बाद वापस लौट गए।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि जीएसटी इंटेलिजेंस के अधिकारियों का यह सामान्य सर्वे है। कारण ट्रेडर्स के स्वामी हरीश घई अस्वस्थ हैं और अपनी फर्म को बंद कर रहे हैं। जिस कारण सर्वे किया गया है।

वहीं चर्चा यह है कि फर्म संचालक के पास कई बड़ी कंपनियों के उत्पादों की एजेंसियां हैं और कई फर्मों पर कार्य चलता है। जिसके लेनदेन की गड़बड़ी की आशंका के चलते सर्वे किया गया है। सर्वे टीम सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक फर्म के खाते खंगालती रही।

लामबंद तहसील में जनजाति के लोगों का प्रदर्शन, एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

गुदमी की ग्राम प्रधान से अभद्रता करने वाले हों गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था से जुड़े जनजाति लोगों ने तहसील में पहुंचकर चंपावत के पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि गुदमी की जनजाति ग्राम प्रधान से अभद्रता और अपमानित करने की रिपोर्ट दर्ज होने के 13 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इधर अध्यक्ष प्रधान संघ संजीत सिंह राणा ने भी ज्ञापन सौंपकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश सिंह राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जनजाति के लोग तहसील में पहुंचे और नारेबाजी की। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि आठ जुलाई को आई बाढ़ के बाद ग्राम गुदमी, गड़ीकोठ चंपावत की ग्राम प्रधान विपिन राणा लोगों को बाढ़ राहत पहुंचाने के तहत सर्वे पर थीं। इसी दौरान कुछ लोगों ने गाली गलौज की और चप्पलों की माला पहनाकर अपमानित किया और वीडियो बनाकर वायरल भी किया। यह भी कहा है कि पुलिस द्वारा 10 जुलाई को मामला दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

खटीमा में प्रदर्शन करते जनजाति के लोग। ● अमृत विचार

ज्ञापन देने वालों में अनूप सिंह राणा, चरण सिंह राणा, दिनेश सिंह राणा, प्रमोद सिंह, सुरेश सिंह राणा, संदीप सिंह राणा, सरस्वती देवी, दयावती, कमला देवी, प्रवीण, मुन्नी, मिथलेश देवी, साधना, उर्मिला, कमलेश, नरेश देवी, द्रौपदी, दीपमाला, निरमा देवी, किरण देवी, लक्ष्मी, सुमन देवी, बीना देवी, रंजीता देवी, लवली देवी, कांति देवी, जितेंद्र देवी, गोथा देवी, रामस्वरूप सिंह राणा, बहादुर सिंह राणा, मोहन सिंह राणा, महेश सिंह राणा आदि थे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

सार-संक्षेप

महिलाओं को चूजे वितरित करते डीन वेटरिनरी डॉ. एसपी सिंह व अन्य।

कुक्कुट पालन पर दो-दिनी प्रशिक्षण संपन्न

पंतनगर : आईसीएआर नई दिल्ली से वित्त पोषित और जीबी पंत कृषि विवि के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा संचालित परियोजना के तहत रामनगर ब्लॉक सभागार में कुक्कुट पालन पर दो-दिनी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें डीन वेटरिनरी डॉ. एसपी सिंह, डॉ. शिव प्रसाद, डॉ. आरके शर्मा, वीसी मंडल, रिपूसूदन, राजीव रंजन और बलवान सिंह ने व्याख्यान दिए। प्रशिक्षण के समापन पर अनुसूचित वर्ग की 40 महिलाओं को 30-30 चूजे, पांच किग्रा मुर्गी दाना और पानी व दाने के बर्तन सहित खनिज लवण मिश्रण एवं अन्य दवाएं वितरित की गईं। प्रशिक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि इंदरजीत सिंह, ब्लाक प्रमुख रेखा रावत, खंड विकास अधिकारी ध्यान सिंह नेगी व सहायक विकास खंड अधिकारी तनवीर असगर आदि मौजूद रहे।

खटीमा के सरस्वती एकेडमी में आयोजित ओलंपियाड में शिरकत करते बच्चे।

मैथ्स ओलंपियाड में अंश व मनप्रीत प्रथम

खटीमा : सरस्वती एकेडमी विगराबाग में चौथी आउट पांचवीं कक्षा का मैथ ओलंपियाड आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षा चार में अंश कुमार गौतम ने प्रथम, अधिराज ने द्वितीय स्थान और प्राची कांडपाल व प्रियांशु ने तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा पांच में मनप्रीत राना ने प्रथम, रजत बिष्ट ने द्वितीय और राबिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता बच्चों को विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल तथा प्रधानाचार्य रामयश ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

खटीमा के हल्दी में बाढ़ पीड़ितों को कंबल वितरित करते रेडक्रास सोसायटी के लोग।

रेड क्रास सोसायटी ने हल्दी में बांटी राहत सामग्री

खटीमा : भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन विमल कुमार के नेतृत्व में पिछले दिनों आई बाढ़ से प्रभावित गुर्जर बस्ती हल्दी में 35 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। इसमें तिरपाल, कंबल, बर्तन का सेट आदि शामिल थे। चेयरमैन विमल कुमार ने बताया कि जो परिवार रह गए हैं उन्हें भी शीघ्र सामग्री वितरित की जाएगी। इस अवसर पर तरन वीर सिंह, यशपाल सिंह, अरविंद कुमार, सपन राय, संदीप कुमार, उत्तम कुमार, सोनी देवी आदि थे।

खटीमा में एसडीएम से मिलते धार्मिक संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

धार्मिक स्थलों के नुकसान का निरीक्षण कर मिले सहायता

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट से मुलाकात की। उन्होंने धार्मिक स्थल पर आपदा से हुए नुकसान का सर्वे कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने किसानों, पशुपालकों, व्यापारियों व किरायेदारों का बाढ़ आपदा में हुए नुकसान का जल्द सर्वे कर सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर एसडीएम बिष्ट ने आश्वासन दिया कि सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर उन्हें और किसानों, व्यापारियों, पशु पालकों, किरायेदारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सतीश गोयल नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा, हनुमान मंदिर के प्रशासक भानु प्रकाश शास्त्री, मस्जिद कमेटी के सदर कामिल खान, अमरजीत सिंह, गुरदेव सिंह बख्फ बोर्ड के सदस्य इकबाल अहमद, विवेक गुप्ता, सरफराज हुसैन, प्रदीप गुप्ता, आलोक गोयल, कौष्टुभानंद तिवारी, रविन्द्र राणा आदि थे।

तिलियापुर गांव में लोनिवि के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

पुल के पास क्षतिग्रस्त सड़क बनी दुर्घटना का केंद्र, कई हादसे हुए

लोनिवि के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते तिलियापुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: तिलियापुर में ऊंचा पुल के पास क्षतिग्रस्त सड़क दुर्घटना का केंद्र बन गई है। पुल अत्यधिक ऊंचा होने एवं सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण अब तक दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़क को, दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लोनिवि के खिलाफ प्रदर्शन किया।

तिलियापुर से आगे ऊंचा पुल के पास क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक कराने में लोनिवि की उदासीनता पर ग्रामीणों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य ने कहा कि कई बार लोक निर्माण विभाग को पुल के दोनों छोर पर, पैराफिट लगवाने एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़क को दुरुस्त किए जाने को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया, बावजूद भी लोक निर्माण विभाग इस सड़क को दुरुस्त किए जाने के प्रति गंभीर नहीं है। पुल ऊंचा होने एवं पुल के दोनों तरफ सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण कई वाहन गहरी खाई में गिर चुके हैं, कई लोग चोटिल भी हुए हैं। जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य ने कहा कि अति शीघ्र लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क दुरुस्त नहीं की गई अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में सुमिंद्र यादव, सूर्य प्रताप सिंह, रामपाल साहनी, राहुल सिंह, विभूति प्रसाद, श्रीकांत, गुरदेव सिंह, गुलाब सिंह, रोहित कुमार, मुकेश कुमार, श्री राम, हरेंद्र यादव, सोनू चौहान, अमित कुमार, विनोद मौर्य, नितिन पासवान, रविंद्र, अरुण पांडे, विशाल कुमार आदि शामिल थे।

चार लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

काशीपुर: बोरिंग के लिए कार्य पर लाए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मामले में मृतक की पत्नी ने चार लोगों पर हत्या किये जाने का शक जताया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चारों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला मुरादाबाद थाना भगतपुर के ग्राम बढ़ापुरा मंझरापुरी निवासी किरनवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि भूपेंद्र सिंह व होराम सिंह निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी, अशोक सिंह व हरि सिंह निवासी ग्राम बढ़ापुर मंझरापुरी जिला मुरादाबाद उसके पति रामपाल सिंह को बोरिंग करने की बात कहकर काशीपुर लेकर आए थे। बीती 30 अप्रैल को बोरिंग के कार्य में देरी होने पर भूपेंद्र सिंह व होराम सिंह ने उसके पति को लक्ष्मीपुर पट्टी स्थित भूपेंद्र सिंह के मकान में रोक लिया था। 1 मई 2024 की सुबह उसके जेठ धर्मपाल सिंह को अशोक सिंह ने बताया तुम्हारे भाई रामपाल सिंह की छत से गिरकर मौत हो गई है। सूचना पर जब उसके जेठ घटनास्थल पर पहुंचे तब उन्होंने देखा कि उसके पति का शव भूपेंद्र सिंह के मकान के पास नाली किनारे पड़ा हुआ था। उसके पति के शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने उसके पति का पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि आरोपी अक्सर मजदूरी को लेकर उसके पति के साथ मारपीट किया करते थे।

राधेहरि कॉलेज के टैबलेट मामले में मिलीं अनियमितताएं

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : बीते दिनों एक आरटीआई में राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में टैबलेट वितरण में अनियमितता का मामला सामने आया है। हालांकि टैबलेट वितरण के बाद बची धनराशि को महाविद्यालय प्रशासन ने शासन के खाते में वापस जमा करा दी गई है। वहीं इस पूरे मामले में मिली कई अनियमितताओं को लेकर जांच समिति की रिपोर्ट भी अब संदेह के घेरे में आ गई है।

2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण का घोषणा की थी। इसके बाद विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण किए जाने थे। उस दौरान प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही थी। तब शासन ने 2020-21 सत्र की छात्र छात्राओं की संख्या 6232 के हिसाब से 7.48 करोड़ रुपये राधेहरि महाविद्यालय को अलॉट कर दिया था। इसके बाद फरवरी 2022 से छात्र-छात्राओं को टैबलेट के पैसों का वितरण उनके खातों में किया जाना शुरू किया गया। लेकिन इस दौरान एक नया शासनादेश आया। जिसमें शासन ने कहा कि 4 जनवरी 2022 के बाद हुए प्रवेश वाले छात्र-छात्राओं को यह टैबलेट नहीं दिए जाएंगे। 4 जनवरी 2022 से पहले कॉलेज में मात्र 4668 पंजीकृत छात्र-छात्राएं थे। जिसमें कॉलेज के द्वारा 3946 को टैबलेट के लिए 4.73 करोड़ भुगतान कर दिया गया। जिसमें 682 छात्र-छात्राओं ने टैबलेट के लिए फॉर्म नहीं भरे थे, तो उनको यह धनराशि आवंटित नहीं की गई। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने बची हुई शेष रकम ब्याज समेत 2.98 करोड़ रुपए शासन को वापस भेज दिया गया था। जहां समिति ने अपनी रिपोर्ट में पैसे वापस करने का कोई भी जिक्र नहीं किया है। जिसके चलते जांच समिति की रिपोर्ट ही भी अब संदेह के घेरे में आती हुई दिखाई दे रही है।

ये हुई है टैबलेट वितरण में अनियमितता

काशीपुर : जांच समिति की रिपोर्ट में सामने आया है कि वित्त नियंत्रक उच्च शिक्षा के आदेशानुसार महाविद्यालय के द्वारा वितरण के बाद डीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करवाना था। जो की वितरण से संबंधित मामलों की जांच करती, जो की नहीं किया गया। इसके अलावा 42 छात्र-छात्राओं की रसीदों में भी भारी अनियमितताएं पाई गई। जिसमें कुछ में जीएसटी का प्रतिशत 3 है, तो कुछ में 8% जीएसटी दर्शाया गया है। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के द्वारा दी गई कई रसीदें पढ़ने योग्य ही नहीं है।

दुर्घटना में पति की मौत के बाद चालक के खिलाफ पत्नी ने दी तहरीर

सितारगंज: चोरगलिया गांव मुखानी खर्क निवासी डिंपल देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 28 जून को मृतक पति महेश प्रसाद सितारगंज में ममता स्वीट्स से अपना काम खत्म कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। गांव बमनपुरी के समीप एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने 108 को सूचना दी जिसके बाद गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन मौके पर ही डॉक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक की पत्नी ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

हरविंदर सिंह बने छतरपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष

- महामंत्री, कोषाध्यक्ष सहित नवीन कार्यकारिणी का भी गठन
- शिव मंदिर प्रांगण छतरपुर में हुआ व्यापार मंडल का गठन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: छतरपुर ग्रामीण मंडल के व्यापारियों की शिव मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान छतरपुर व्यापार मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से हरविंदर सिंह विर्क को छतरपुर व्यापार मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा महामंत्री, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गयी।

मंगलवार को छतरपुर व्यापार मंडल की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व कोषाध्यक्ष संदीप राव ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व दोनों पदाधिकारियों का व्यापारियों ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता में ही समस्याओं का समाधान है। अधिकारियों की मनमर्जी व शोषण के खिलाफ व्यापार मंडल व्यापारियों की ताकत से ही आवाज बुलंद करता है। व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव ने नवीन कार्यकारिणी को यथासंभव सहयोग देने की बात कही। व्यापारी नेता पवन गाबा ने भी नवगठित टीम को बधाई दी।

वहीं छतरपुर व्यापार मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष हरविंदर सिंह विर्क ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह ईमानदारी से निभाएंगे। इस मौके पर कपिल शर्मा, सूरज राजपूत, शिवम बुंदेली कोटी, सिमरन सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम, देवेंद्र पाल, शैलेंद्र सिद्धू, नरेंद्र बिष्ट, अनिल वर्मा, विकास सरकार, नबी अहमद मौजूद रहे।

बैठक के दौरान मौजूद रुद्रपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा व अन्य। ● अमृत विचार

थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से लापता हुईं दो युवतियां

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। बताया कि एक युवती कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी, जबकि दूसरी युवती घर के बाहर घूमने गई थी और मानसिक रूप से बीमार भी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फुलसुंगी थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 22 जुलाई की शाम पांच बजे कोचिंग सेंटर गई थी और जब देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप के गांधी नगर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 10 जुलाई की शाम सात बजे उसकी भांजी घर के बाहर घूमने गई थी और जब काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बताया कि उसकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर भी है।

देहरादून में सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन देते महाविद्यालयों के संविदा प्राध्यापक।

संविदा प्राध्यापक कैबिनेट मंत्री बहुगुणा से मिले

खटीमा : विभिन्न महाविद्यालयों के संविदा प्राध्यापकों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाक़ात कर उनको अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि विगत दिनों सोबन सिंह जीना परिसर के पिथौरागढ़, बागेश्वर और चम्पावत नवीन कैंपस बनने के फलस्वरूप उनकी नौकरी पर संकट पैदा हो गया हैं। उन्होंने कहा है कि संविदा शिक्षक 10 वर्षों से भी अधिक समय से उच्च शिक्षा में संपूर्ण मनोयोग एवं समर्पण से अपना योगदान दे रहे हैं। शीघ्र ही वार्षिक स्थानांतरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ होने वाली है, जिस वजह से आगे भी संविदा प्राध्यापकों के प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने शिक्षामंत्री से बात कर संविदा प्राध्यापकों के सुरक्षित भविष्य हेतु शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. रोमा गुहा, डॉ. खिलानंद जोशी, डॉ. आशीष उपाध्याय, डॉ. हीरा अन्ना, डॉ. पिंकी भट्ट, डॉ. बृजेश यादव, डॉ. कंचन जोशी, डॉ. मनोज कश्यप, डॉ. हेमा पांडेय, डॉ. हेम गहतोड़ी आदि थे।

आरएएन में हुआ छात्र संसद का शपथ ग्रहण

समारोह

- विद्यालय प्रबंधन ने किया शुभारंभ
- चयनित छात्रों को लगाया सैशे व बैच

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आरएएन पब्लिक स्कूल डिबडिबा में छात्र संसद गठन शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जहां चयनित छात्रों को शपथ दिलाई गई और छात्र हित के लिए कदम उठाने का आह्वान किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर एचके राय, मधु राय, निदेशक मोहित राय, निर्देशिका निधि राय और प्रधानाचार्य ममता बिष्ट ने दीप जलाकर किया। इस दौरान संसद चयन में विद्यालय के यश अरोरा और पावनी पपनेजा अध्यक्ष के रूप में चयनित हुई। जिनके द्वारा संसद में चयनित छात्रों को सैशे और बैज लगाकर विशेष तरीके से सम्मानित किया और शपथ दिलाकर दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त विंग कमांडर एचके राय ने कहा कि संसद गठन छात्रों में नेतृत्व कौशल विकसित करने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए बेहतरीन पहल है। जो छात्रों को विद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर काम करने और विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है। भविष्य में इसी तरह से अग्रसर रहने की प्रेरणा दी जाएगी।

संसद गठन के चयनित छात्रों को शपथ दिलाती अध्यक्षा। ● अमृत विचार

आक्रोश प्रशासन की कार्रवाई में टूटे थे मजदूरों के आशियाने

आप की महिला जिलाध्यक्ष ने दिया मजदूरों को समर्थन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भगवानपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद लोगों को कोई सुविधा नहीं मिलने से आप कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर आप महिला की जिलाध्यक्ष किरण विश्वास ने भगवानपुर पीड़ित परिवार बचाओ संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया। साथ ही पीड़ितों के साथ धरना दिया और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को जमीन के बदले जमीन और घर के बदले मुआवजा देने की मांग की।

मंगलवार को भगवानपुर में धरना प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी महिला की जिला अध्यक्ष महिला किरण ने कहा कि विगत दिनों गरीबों के आशियाने को जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया गया था। बरसात के मौसम में पीड़ित परिवार छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे भीगने को मजबूर हैं, लेकिन कार्रवाई के बाद से पीड़ित परिवारों को कोई सुविधा नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद पूंजीपतियों को संरक्षण और गरीबों का शोषण बढ़ गया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जनार्दन, विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र, बेबी, रानी, अंबिका, आशा, पुष्पा देवी, विनीता, आरती, सीता देवी, राधिका दादी, सुरेश, विनोद मौजूद रहे।

भगवानपुर में पीड़ितों के साथ धरने पर बैठीं आप महिला जिलाध्यक्ष किरण विश्वास। ● अमृत विचार

अचानक ब्रेक लगाने पर कैंटर से टकराया ट्रैक्टर

बाजपुर: कैंटर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण उसके पीछे चल रहा ट्रैक्टर कैंटर में जा टकराया जिससे ट्रैक्टर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रैक्टर मालिक ने कैंटर चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। मोहल्ला मझरा-प्रभु वार्ड नंबर-एक निवासी रमेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने ट्रैक्टर से कोसी कांटा से बाजपुर की ओर आ रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह रामराज पर स्थित श्रीदशमेश स्कूल के निकट बिजली घर के सामने पहुंचा तो ट्रैक्टर के आगे चल रहे कैंटर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे ट्रैक्टर पीछे से कैंटर में जा टकराया जिससे ट्रैक्टर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।

डंपरों से हो रही दुर्घटनाओं पर जताई चिंता

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर के कुंडेश्वरी रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय में पहुंचकर जसपुर विधायक आदेश चौहान ने एआरटीओ विमल पांडेय से डंपरों से हो रहे सड़क हादसों पर चिंता जताई। इस दौरान उन्होंने डंपरों से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को जसपुर विधायक आदेश चौहान कुंडेश्वरी रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एआरटीओ विमल पांडेय से मुलाकात की और कहा कि इस वक्त बेखौफ होकर डंपर सरपट सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले माह डंपरों की चपेट में आकर जसपुर क्षेत्र में कई लोगों की मौत हो चुकी है। डंपर चालक इतने बेखौफ हो गए हैं कि वह पुलिस व अन्य अधिकारियों पर भी डंपर चढ़ाने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं उन्होंने डंपर चालकों द्वारा नंबर छुपा कर सरपट सड़कों पर दौड़ाने का आरोप भी लगाया। विधायक चौहान ने एआरटीओ को इसकी रोकथाम के लिए एक रणनीति बनाई जाने और इन बेखौफ डंपर चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की। जिस पर एआरटीओ विमल पांडेय ने विधायक आदेश चौहान को आश्वस्त किया कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करेंगे कि ऐसे डंपरों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। एआरटीओ विमल पांडेय ने कहा कि विधायक आदेश चौहान की बातों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे डंपरों को चिन्हित कर कार्रवाई अमल में लाने के लिए निर्देश दे दिये गए हैं।

काशीपुर में एआरटीओ विमल पाण्डेय से वार्ता करते जसपुर विधायक आदेश चौहान।

किसी ने बताया रोजगार परक तो किसी ने निराशाजनक

काशीपुर में केंद्रीय बजट देखने के बाद लोगों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रिया, किसानों के लिए कुछ खास नहीं होने पर छायी मायूसी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : केंद्रीय बजट आने के बाद किसी ने इसे रोजगार परक और कृषि प्रधान बजट बताया। तो किसी ने बजट में किसानों के लिए कुछ खास नहीं होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

वहीं किसी का कहना था कि बजट में करदाताओं को उनकी आशा के अनुरूप राहत नहीं मिली है। हालांकि सोने की रेट कम होने पर सोना व्यापारियों ने इसे राहत वाला बताया।

48 लाख करोड़ के बजट में देश की आबादी के 68 प्रतिशत किसान कमेरी कॉम को 3 प्रतिशत बजट में सीमित कर दिया, ये ग्रामीण भारत के साथ भेदभाव को दिखाता है। किसान को एमएसपी गारंटी मिल जाये तो किसान वर्ग देश की जीडीपी में अभूतपूर्व बढ़ोतरी करवाने की ताकत रखता है। इस बजट में एमएसपी गारंटी कानून ना देकर सरकार ने ग्रामीण भारत को निराश किया है।
-रविन्द्र प्रताप सिंह राणा, राष्ट्रीय सचिव, भाकियू (अ)

रोजगार पूरक व कृषि प्रधान बजट आज घोषित हुआ है। ग्रामीण इलाकों के लिये खर्च बढ़ाया। एक करोड़ नौजवानों को बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप की घोषणा से उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार में बढ़ोतरी मिलेगी। सेलरी श्रेणी के लोगों को इनकम टैक्स में छूट दी गई है। पर्यटन क्षेत्र के बढ़ावे की सुविधाओं से उत्तराखण्ड में पर्यटन का विकास होगा। 100 इंडस्ट्रियल पार्क में से उत्तराखंड में भी लगे ऐसी उम्मीद होगी। **-राजीव घई, को-चेयरमैन**, पीएचडी चैंबर

कर दाताओं को उनकी आशा के अनुरूप राहत नहीं मिली है। यद्यपि इनकम टैक्स के नये टैक्स रिजीम में 6 से 7 लाख की आयकर स्लैब दर को 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से 6 लाख से अधिक आय वाले करदाताओं को कुछ राहत अवश्य मिलेगी। बहुत वर्षों से चली आ रही आयकर की न्यूनतम सीमा बढ़ाने की मांग इस बजट में भी अधूरी ही रह गयी है। इसलिये पहले के समान ढाई लाख से अधिक आय वालों को आयकर रिटर्न भरना पड़ेगा चाहे उनका देय कर शून्य ही क्यों न हो।
-नदीम उद्दीन एडवोकेट, अध्यक्ष, टैक्स सी .एच .आर .आर . बार एसोसिएशन।

सरकार के वर्ष 2024-25 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए टर्म लोन की सुविधा के लिए क्रेडिट गारंटी योजना लागू करने की घोषणा की। यह योजना एमएसएमई के क्रेडिट जोखिमों को कम करने पर काम करेगी तथा स्व-वित्त पोषण गारंटी फंड प्रत्येक आवेदक को ऋण देते समय 100 करोड़ रुपए तक का कवर प्रदान करेगी। मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने की घोषणा से छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा।
-अशोक बंसल, अध्यक्ष, कुमाऊं-गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उत्तराखंड

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पूरी तरह से देशवासियों के हित में है और इसमें किसानों, महिलाओं और नौजवानों के हितों को केंद्रित करके बनाया गया है। छोटे उद्योगों को भी इससे लाभ होगा और देश के मध्यम वर्ग को भी राहत देने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं। कैंसर की दवा, मोबाइल, एक्स-रे मशीन, मोबाइल चार्जर सहित रोजमर्रा के अनेक सामान सस्ते होने से आम उपभोक्ता को काफी राहत मिलेगी। कुल मिलाकर इस बजट से देश के विकास का विकसित रोड मैप नजर आ रहा है।
-दीपक बाली, भाजपा नेता

उत्तराखंड को प्राकृतिक आपदा से पहुंचे नुकसान के लिए अतिरिक्त राशि का मिलना स्वागत योग्य कदम है। बजट में किसानों, रोजगार, स्कील डवलपमेंट पर फोकस किया गया है। हालांकि इनकम टैक्स में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। बजट से कृषक मजबूत होंगे।
-देवेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, ऑल इंडिया स्टील एसोसिएशन

आवासीय योजना व विद्युत उत्पादन की योजनाओं व सोलर ऊर्जा के लिए अतिरिक्त योजना से आम जनता को आराम पहुंचेगा। शिक्षा व चिकित्सा के लिए अतिरिक्त सुविधा से निम्न व मध्यम श्रेणी के परिवारों को बहुत फायदा होगा। सोने की दर कम होने से त्योहारी सीजन में ग्राहकों समेत सोना व्यापारियों को भी राहत मिलेगी।
-राजीव सेतिया, पूर्व अध्यक्ष, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल।

प्रस्तुत बजट में उत्तराखंड के लिए कोई भी आर्थिक पैकेज नहीं है, जो कि पर्वतीय राज्यों की मूल भावना के खिलाफ है। 20 लाख तक का लोन बिना गारंटी की घोषणा, सरकार एक बार फिर मुंगेरीलाल के सपने दिखा रही है। 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने के नाम पर अब 20 लाख का लोन बिना गारंटी देकर उनको कर्ज में डूबना चाहती है। आपदा पीड़ित किसानों के लिए सरकार के पास इस बजट में कोई योजना नहीं है।
- अलका पाल, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी

किसानों को अब बनाया जा सकेगा उद्यमी

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : अधिष्ठाता कृषि डॉ शिवेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को शामिल करते हुए उनके उत्पादन को प्रमाणीकरण और ब्रांडिंग के माध्यम से लाभकारी बनाने की योजना है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति तैयार करने की योजना है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

डेढ़ लाख करोड़ रुपए के प्रावधान से किसानों को सशक्त बनाने की घोषणा की गई है। बजट कृषि सापेक्ष है और इससे विकसित भारत में कृषि की बड़ी भूमिका स्पष्ट दिख रही है। दस हजार जैव इनपुट संसाधन केंद्र की घोषणा और चार सौ जिलों में खरीफ फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण भी स्वागत योग्य पहल है।

किसानों को दिया धोखा : अमनप्रीत

जसपुर। युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में किसानों को धोखा दिया गया है। बजट में न तो एमएसपी का जिक्र किया गया और न ही किसान सम्मान निधि बढ़ाई गई। कॉर्पोरेटर का कर्ज माफ किया गया। किसानों के कर्ज का जिक्र तक नहीं किया गया।

व्यापार नहीं कर पाने वालों में जगी उम्मीद

- **नया व्यापार शुरू करने वालों को बिना गारंटी के मिलेगा 20 लाख का ऋण**
- **पहले प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत मिलता था10 लाख तक लोन**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वित्त मंत्री सीतारमण ने मंगलवार को संसद में केंद्रीय बजट 2024 पेश किया। इस दौरान उन्होंने मुद्रा लोन की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी है। इससे बजट के अभाव में व्यापार शुरू नहीं कर पाने वालों के सपने पूरे होंगे और वे आसानी से अपना कारोबार शुरू कर पाएंगे।

वित्त मंत्री ने संसद में बजट पेश करने के दौरान मुद्रा लोन की राशि 20 लाख रुपये कर दी है। पहले इस लोन की सीमा 10 लाख रुपये थे। ऐसे में इस घोषणा से मुद्रा लोन लेने वाले लोगों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिल सकता है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को केंद्र सरकार चलाती है। इस योजना की शुरुआत वर्ष 2015 से हुई थी। इसके तहत लोगों को नया व्यापार शुरू करने के लिए बिना गारंटी के दस लाख रुपये तक का लोन दिया जाता था। अब इस राशि को बढ़ा दिया गया है। इसका सबसे अधिक लाभ उन लोगों को मिलेगा जो संसाधनों के अभाव में नया

संसाधनों के अभाव के चलते जो कारोबारी अपना कारोबार शुरू नहीं कर पाते थे वे अब आसानी से अपना कारोबार शुरू कर सकते हैं। कारण नया कारोबार करने वालों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब 20 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं अगर बजट में सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर 60 साल के बाद मिलने वाले लाभ की तरह व्यापारियों को भी टैक्स के हिसाब से कुछ लाभ देने की घोषणा करती तो यह व्यापारियों के हित में होता। **-संजय जुनेजा**, अध्यक्ष, रुद्रपुर व्यापार मंडल

छोटे कारोबारियों के लिए वित्त मंत्री ने बजट में जो घोषणा की उसे कारोबारियों को काफी लाभ मिलेगा। कई छोटे कारोबारी बजट नहीं होने के कारण कारोबार शुरू नहीं कर पा रहे थे अब मुद्रा लोन की धनराशि 10 से 20 लाख रुपये होने पर आसानी से अपना कारोबार शुरू कर सकते हैं।
-मनोज छावड़ा, महामंत्री, रुद्रपुर व्यापार मंडल

कारोबार शुरू नहीं कर पाते थे। वहीं व्यापारियों का कहना है कि कोई भी कारोबार शुरू करने के लिए कम से कम 50 लाख रुपये की जरूरत होती है। बजट में मुद्रा लोन की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने से नया कारोबारियों को मदद मिलेगी।

बेरोजगारों को रोजगार की उम्मीद

संवाददाता, रुद्रपुर

- **कंपनियों में इंटर्नशिप के साथ मिलेगा पांच हजार रुपये मासिक भत्ता**
- **शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण**

अमृत विचार : वित्त मंत्री सीतारमण ने मंगलवार को संसद में केंद्रीय बजट 2024 में एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप देने की घोषणा की है।

साथ ही हर माह पांच हजार रुपये भत्ता देने की भी घोषणा की है। साथ ही एक मुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये देने की घोषणा की है। वित्त मंत्री की इस घोषणा से बेरोजगारों को रोजगार की उम्मीद नजर आने लगी है। मंगलवार को वित्त मंत्री की घोषणा के तहत युवाओं को टॉप 500 कंपनियों में 12 माह तक इंटर्नशिप दी जाएगी। इसमें युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। रोजगार का लाभ उन्हें मिलेगा जो पहले से रोजगार प्राप्त नहीं हैं और पूर्ण कालिक आधार पर शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं। वहीं इस योजना के तहत आईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर, सीए आदि अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

इसके अलावा पहली बार नौकरी करने वालों को बड़ी मदद मिलने वाली है। वित्त मंत्री की घोषणा के तहत पहली बार संगठित क्षेत्र में नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन देगी। यह वेतन डीबीटी के माध्यम से तीन किस्तों में दिया जाएगा। इसकी अधिकतम सीमा 15 हजार रुपये होगी। ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को यह मदद मिलेगी।

क्या बोले बेरोजगार

वित्तमंत्री की यह घोषणा अच्छी है। इसका लाभ ऐसे युवाओं को मिलेगा जो अभी तक कहीं रोजगार नहीं कर रहे हैं। इंटर्नशिप से युवाओं को कंपनियों में नई तकनीकी सीखने को मिलेगी और फिर उन्हें रोजगार मिलने की उम्मीद बढ़ जाएगी।
-जसवीर गंगवार, छात्र नेता

सरकार कंपनियों में बेरोजगारों को इंटर्नशिप कराने के साथ ही स्थायी रोजगार भी दे तो यह बेरोजगारों के हित में बेहतर होगा। हालांकि बजट में वित्त मंत्री की इस घोषणा से लोगों को इंटर्नशिप के बाद रोजगार मिलने की उम्मीद है।
-अनीता रमोला, छात्र

वित्त मंत्री की घोषणा से बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा पहली बार संगठित क्षेत्र में नौकरी करने वालों को सरकार एक महीने का वेतन देगी यह पहल भी बेरोजगारों के हित में अच्छी है।
-बबीता बोरा, छात्र

विकसित भारत बनने की दिशा में नींव का कार्य करेगा बजट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विधायक शिव अरोरा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल वर्ष 2024-25 का पहला आम बजट देश की महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया गया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प देश की अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की श्रेणी में लाने की दिशा मे ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट देशवासियो की आकांक्षाओं को साकार करेगा, देश को नई दिशा और विकास को गति प्रदान करने वाला बजट है।

विधायक अरोरा ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, समावेशी ओर सर्वग्राही है। इस बजट में देश में रोजगार के अवसर को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

साथ ही कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज में उपयोग होने वाली दवाओं के मूल्य को कम करना स्वागत योग्य निर्णय है। यह बजट युवा, महिला, गरीब व किसान को समर्पित है। इसमें इन सभी का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत बनने की दिशा में नींव का कार्य करेगा। इसके परिणाम आने वाले समय में नजर आएंगे।

नानकमत्ता में चेक वितरित करते विधायक व नायब तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी।

विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

नानकमत्ता : विधायक गोपाल सिंह राणा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित ग्रामीणों की समस्या सुनीं और भूकटाव का जायजा लिया। उन्होंने तहसील पहुंच कर नायब तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी के साथ प्रभावितों को चेक वितरित किए। विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र टुकड़ी, बरकी डांडी, नगला, विचुवा, चैतुआखेड़ा, ऐंचताविही गांव का दौरा कर किया।

विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख की ठगी

सितारगंज, अमृत विचार : सितारगंज के गांव बिठौरा निवासी अहमद फराज खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी असर खान उर्फ आशु निवासी पंडरी खेड़ा सितारगंज के साथ जान पहचान थी। आरोपी ने उसे विदेश भेजने के बहाने दिल्ली में कुछ लोगों से मुलाकात कराई। इस मुलाकात में आरोपियों ने ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये में सौदा तय किया। युवक के पिता ने कर्ज लेकर आरोपियों को 15 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। ठगी का एहसास होने पर कोतवाली पुलिस में तहरीर दी पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

हादसे में बाइक सवार की मौत

- **मृतक के घर में मचा कोहराम**

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : चकरपुर विगराबाग मार्ग पर लावारिश पशु से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

महतगांव चकरपुर निवासी मनीष सिंह दिगारी (32) पुत्र पुष्कर सिंह दिगारी सोमवार देर रात्रि करीब नौ बजे चकरपुर बाजार से बाइक पर घर जा रहा था। वह

मनीष सिंह दिगारी।

चकरपुर-बिगराबाग मार्ग पर महत गांव के पास पहुंचा ही था कि मोड़ पर आवारा पशु से टकराकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। ग्रामीणों और परिजनों ने घायल को एक निजी अस्पताल भी भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों में मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे राममूर्ति अस्पताल भोजीपुरा बरेली ले जाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मनीष की मृत्यु हो गई। बरेली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मनीष की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था और छह माह पूर्व घर आया और घर से ही वर्क फ्रॉम होम के तहत काम कर रहा था। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता दिगारी और दो वर्षीय पुत्र वेदांत सहित माता-पिता को रोता बिलखता छोड़ गया है।

धौराडैम में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शांतिपुरी नंबर पांच के पास नजीमाबाद धौरा डैम में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार 22 वर्षीय मृतक रवि पुत्र सुरजीत सिंह निवासी ग्राम नजीमाबाद धौराडैम मंगलवार दोपहर से मोबाइल चलाकर अपने कमरे में लेटा हुआ था। घर पर उसकी छोटी बहन थी। माता-पिता जंगल में लकड़ी लेने गए हुए थे। शाम को जब छोटी बहन चाय देने कमरे की तरफ गई तो काफी दरवाजा खटखटाया मगर रवि का कोई जवाब नहीं मिला। उसकी बहन घबरा गई। ग्रामीणों की मदद

रवि। ● फाइल फोटो

से दरवाजा तोड़कर खोलने पर देखा तो रवि फंदे से लटका हुआ था। इसकी सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी ने निकट कलकत्ता चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए रुद्रपुर भेज दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि रवि की मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रोष | सुनवाई नहीं होने पर 6 सितंबर 2019 को स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर सड़क पर बने गड्ढों को मिट्टी व रेत से पाटा था

सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ने पर नींद से जागा शासन- प्रशासन

- **मटकोटा से दिनेशपुर होते हुए गदरपुर तक 16 किलोमीटर मार्ग पर पैच कार्य किया शुरू**

केवल चंद्र पाठक, दिनेशपुर

अमृत विचार : मटकोटा-गदरपुर 16 किलोमीटर मार्ग पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ने पर प्रशासन के निर्देश पर लोनिवि ने सड़क पर बने गहरे गड्ढो को बजरी व मिट्टी से भरान कर डामर व बजरी के मिश्रण से जगह-जगह पैच कार्य शुरू कर दिया है। कुछ माह पूर्व भी मरम्मत का कार्य हुआ था जो मात्र एक माह बाद क्षतिग्रस्त हो गया था।

मटकोटा से दिनेशपुर होते हुए गदरपुर तक 16 किलोमीटर मार्ग के निर्माण के लिए 17 जनवरी 2013 को सड़क निर्माण संघर्ष समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। छह माह बाद सड़क निर्माण का कार्य शुरू न होने पर सड़क संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्र के लोगों ने 2 अक्टूबर 2013 से 2015 तक क्षेत्रवासियों, स्कूली बच्चों व वाहन चालकों ने आंदोलन किया था। आंदोलन के दौरान 2 अक्टूबर 2013 में धरने पर बैठे आंदोलनकारी को पुलिस ने जबरन उठा लिया था।

37 लोगों पर विभिन्न धाराओं पर मुकदमा भी दर्ज हुआ। लेकिन मातृशक्ति व स्कूली बच्चों ने अपना धरना जारी रखा। सड़क को लेकर चल रहे आंदोलन को विधायक अरविंद पांडेय ने अपना समर्थन दिया। विधायक पांडेय 17 दिसंबर 2014 में देहरादून विधानसभा के सामने अनशन पर बैठ गए। लेकिन दूसरे दिन प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र मार्ग निर्माण कराने के आश्वासन पर धरना समाप्त किया। अक्टूबर से दिसंबर 2015 में सड़क निर्माण संघर्ष समिति के 52 दिनों के कार्मिक अनशन व भूख हड़ताल का विकराल रूप को भांपते हुए 16 दिसंबर 2015 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत दिनेशपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ 68 लाख की लागत से मटकोटा-गदरपुर मार्ग का शिलान्यास किया। 2016 में बिटकुल कार्यदायी संस्था द्वारा मार्ग का निर्माण कराया गया। मात्र दो वर्ष बाद ही मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने लगा। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बनने से स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर 6 सितंबर 2019 को सड़क पर बने गड्ढों को मिट्टी व रेत से पाटा था। लोगों में भारी रोष को देखते हुए प्रशासन ने जगह-जगह बने गड्ढों में मरम्मत का कार्य लोनिवि से करवाया। इस दौरान प्रशासन ने मटकोटा से रेलवे फाटक तक 1 किलोमीटर मार्ग पर दो बार बीएम-एडीसी करवा दिया है। इसका लाभ सिडकुल की अशोका लीलैंड फैक्ट्री को मिल रहा है। शेष 15 किलोमीटर मार्ग पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। फिलहाल दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ने से प्रशासन ने मार्ग पर पैच वर्क शुरू करा दिया है।

मटकोटा से दिनेशपुर होते हुए गदरपुर तक 15 किलोमीटर मार्ग पर मरम्मत का कार्य करते लोनिवि के कर्मचारी। ● अमृत विचार

मटकोटा-गदरपुर मार्ग के निर्माण के लिए 2023 में कई दिनों तक धरना प्रदर्शन आम आदमी पार्टी की ओर से किया गया था। अब प्रदेश सरकार ने लीपापोती कर गड्ढों का भरान कर क्षेत्रीय जनता को भ्रमित करने का काम किया। पूर्व में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को भ्रमित किया। अब इस मार्ग की स्थिति पहले से भी अधिक खतरनाक हो गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की मटकोटा- गदरपुर मार्ग को शीघ्र निर्माण करवाया जाए। अन्यथा पुन : आप को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। **-सुभाष व्यापारी**, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी

शासन द्वारा मटकोटा- गदरपुर सड़क निर्माण के लिए कोई बजट नहीं आया है। शीघ्र ही निर्माण के लिए बजट बनाकर शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मेंटिनेंस (एआर) के बजट से 15 किलोमीटर मटकोटा- गदरपुर मार्ग पर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।
- ओमपाल सिंह, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उधमसिंह नगर

मटकोटा- गदरपुर 15 किलोमीटर क्षतिग्रस्त मार्ग पर 2 वर्षों में लगातार लगभग 50 से अधिक युवाओं की मौत हुई है। इसके जिम्मेदार शासन- प्रशासन हैं। दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को मुआवजा दिया जाए। 2017 से 2024 तक प्रदेश सरकार ने क्षेत्र की जनता की कोई सुध नहीं ली। मार्ग निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों ने कई बार आवाज उठाई। लेकिन शासन प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।
-त्रिनाथ विश्वास, पूर्व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, उधमसिंह नगर

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

समावेशी बजट

मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पूर्ण बजट पेश हुआ। बजट में सरकार की ओर से सभी वर्गों को लुभाने की कोशिश की गई। बजट में युवा, किसान, उद्यमी, महिलाओं व नौकरी पेशा लोगों का ध्यान रखा गया है। साथ ही व्यापार तथा विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। नौकरी पेशा लोगों को पहले की तरह ही 3 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। 3 लाख से 7 लाख की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देने का प्रावधान रखा गया है। पहले यह छूट 3 लाख से 6 लाख की आय पर थी। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के लिए लोन गारंटी योजना का प्रावधान किया है,जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए गारंटी की जरूरत नहीं होगी। संकट से गुजर रहे एमएसएमई की कर्ज जरूरत सरकार समर्थित कोष से पूरी की जाएगी। साथ ही सरकार एमएसएमई खरीदारों के लिए टीआरईडीएस मंच पर अनिवार्य रूप से जुड़ने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर 250 करोड़ रुपये करेगी। सरकार के इस प्रावधान से निश्चित ही एमएसएमई क्षेत्र के उद्योग को बढ़ाने करने में मदद मिलेगी।

बजट में स्टार्टअप्स इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एंजल टैक्स हटाने का प्रावधान किया गया है। एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे उनके लिए अधिक अनुकूल माहौल बनेगा। एंजेल टैक्स को देश में साल 2012 में लागू किया गया था। तब से इसको हटाने की मांग की जा रही थी। यह टैक्स उन अनलिस्टेड बिजनेस पर लागू होता था, जो एंजेल निवेशकों से फंडिंग हासिल करते थे। बजट में इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। ग्रामीण विकास को ध्यान रखते हुए बजट में ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सरकार के हर व्यक्ति को छत देने के इरादे की झलक भी बजट में दिखी। बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाने का भी प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही बजट में छात्रों के लिए शिक्षा ऋण व रोजगार शुरू करने के लिए सरल ऋण प्रक्रिया अपनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना कि चाहिए बजट के द्वारा सरकार ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ दिया है।

आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापक वित्तीय रोडमैप

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2024 का भारतीय बजट एक आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत के लिए बनाया गया एक व्यापक वित्तीय रोडमैप है। यह बजट आत्मनिर्भर रक्षा, आत्मनिर्भर कृषि, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) विकास, निर्यात वृद्धि, ग्रामीण उपभोग वृद्धि, युवा रोजगार क्षमता और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर देता है।

आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं को बढ़ानाः रक्षा बजट आवंटन में वृद्धि 2024 के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। यह आवंटन भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बजट रक्षा क्षेत्र के भीतर 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करता है, जिसका लक्ष्य आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू रक्षा निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन, कर छूट और सब्सिडी प्रदान करना। बजट नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने, रक्षा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित करता है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसे संगठनों के लिए धन में वृद्धि। रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनियों के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन प्रदान करना।

एमएसएमई विकासः बजट में एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच में सुधार के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं, ऋणदाताओं के लिए जोखिम को कम करने और एमएसएमई के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्रेडिट गारंटी योजनाओं को बढ़ाना। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एमएसएमई को उनकी पूंजी की लागत कम करने और उनके विकास और विस्तार का समर्थन करने के लिए सब्सिडी वाले ऋण प्रदान करना। एमएसएमई को नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने में मदद करने के लिए बजट में 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। डिजिटल परिवर्तनः ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने सहित एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम। बजट में एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उपाय पेश किए गए हैं, जिनमें निर्यात-संबंधी लागत को कम करने और अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एमएसएमई को सब्सिडी प्रदान करना।

> मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है।

निर्यात वृद्धि : बजट में व्यापार बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बंदरगाहों की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए उनका आधुनिकीकरण करना, टर्नअराउंड समय को कम करना और व्यापार रसद में सुधार करना। माल की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और लॉजिस्टिक बाधाओं को कम करने के लिए सड़क, रेलवे और हवाई अड्डों सहित परिवहन नेटवर्क का विकास करना। निर्यात वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले आयातित इनपुट पर सीमा शुल्क वापस करने के लिए शुल्क वापसी योजनाओं को बढ़ाना। वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से बजट में 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एमएसएमई और अन्य निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने में सहायता करना, उनकी विश्वसनीयता और विपणन क्षमता को बढ़ाना। ग्रामीण उपभोग विकास : बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं किसानों के लिए उत्पादन लागत कम करने के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करना। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आरआईडीएफ को 40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कनेक्टिविटी और बाजारों तक पहुंच में सुधार के लिए ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उन्नयन है। कृषि के लिए विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और फसल की पैदावार में सुधार करने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को वित्त पोषित करना।

बजट में मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है। युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए, बजट में कौशल भारत मिशन के विस्तार पर जोर दिया गया है, स्टार्टअप्स को विकास के शुरुआती चरणों में मदद करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीड फंडिंग बढ़ाना। उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को संसाधन, सलाह और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने के लिए और अधिक इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करना।

महिला सशक्तिकरणः बजट में महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं। 10,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला उद्यमियों के लिए ऋण तक आसान पहुंच को शामिल किया गया। बजट में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करना। बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है। बजट में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई पहलों के लिए 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं के लिए हेल्पलाइन और सहायता केंद्र स्थापित करना, उन्हें तत्काल सहायता और सहायता प्रदान करना।

कृषि क्षेत्रः कृषि सब्सिडी के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। किसानों पर लागत का बोझ कम करने और फसल उत्पादन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक सब्सिडी का आवंटन बढ़ाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। कीट-संबंधी मुद्दों के समाधान और फसल की पैदावार की सुरक्षा के लिए कीटनाशक सब्सिडी के लिए धन बढ़ाया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए बजट में एमएसपी तंत्र को मजबूत करने के उपायों की रूपरेखा दी गई है। किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गेहूं, चावल और दालों जैसी प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

बजट में एक गारंटी योजना शुरू करने का प्रस्ताव है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार की कीमतें गारंटी स्तर से नीचे आने पर भी किसानों को एमएसपी मिले। फसल की किस्मों, कीट नियंत्रण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में अनुसंधान का समर्थन करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) जैसे संस्थानों के लिए धन में वृद्धि। बदलते मौसम के मिजाज के अनुकूल होने और स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए जलवायु-लचीला फसल किस्मों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना। सिंचाई परियोजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फंडिंग को नई नहरों, जलाशयों और पाइप लाइनों के निर्माण सहित सिंचाई कवरेज का विस्तार करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 40,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच में सुधार करने के लिए कृषि बाजारों और भंडारण सुविधाओं का विकास। कहा जा सकता है कि बजट से सभी वर्गों को लाभ होगा।

प्रसंगवश

बजट से बैसाखियों की मजबूती

वर्ष का पूर्ण आम बजट आ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो नारे याद आ गए। पहलाः "सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास"। दूसराः"न खाएंगे न खाने देंगे"। ये नारे हमें अकारण नहीं याद आए हैं।

बजट देखकर प्रतिक्रिया स्वरूप ये स्मरण हो आए। बताते चलें कि वर्तमान में केन्द्र में पदस्थ मोदी सरकार का अपने दल का बहुमत नहीं है। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नाइडू की तेलगू देशम पार्टी की बैसाखियों पर टिकी है। बजट में इन राज्यों को दिल खोलकर वित्तीय पैकेज दिए गए। बिहार को 26 हजार करोड़ तो अकेले सड़क निर्माण हेतु ही दिए। कुछ और भी। कुल मिलाकर 58900 करोड़ की सौगात दी गई। नाइडू को विभिन्न मदों में पचास हजार करोड़ की मदद का ऐलान हुआ है। अब सवाल यह है कि कहीं तो मणिपुर जैसा राज्य है, जहां हिंसा और अभद्रता का तांडव चल रहा है और पीएम ने कोई सुधि नहीं ली। वहां झांकने तक नहीं गए और जिन राज्यों के मुखिया मोदी की सरकार संभाले हैं, उन्हें सब कुछ। क्या देश चलाने का यही सिद्धांत होना चाहिए कि जिससे तात्कालिक स्वार्थ सिद्ध होता हो वही अपना। तब तो नारा यह होना चाहिए, "जो हमारा खास,बस उसका विकास"। अब हम दूसरे नारे पर आते हैं। खाने कमाने से संबंधित। नीतीश का शासन बिहार में लंबे समय से है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों जिस तरह धड़ाधड़ पुल टूटे बहे, उससे नीतीश के सुशासन की कलई खुल गई। केवल कुछ इंजीनियर निलंबित हुए। क्या इन घटिया पुलों के निर्माण में की गई कमाई अकेले इंजीनियर हजम कर सके होंगे? नहीं। हिस्सा ऊपर तक गया होगा, लेकिन फंदा पतली गर्दन में आसानी से पड़ता है। उन्हें तो अल्पांश ही मिलता है। कहावत है "खाए बांदर। मरैं कूकुर"। अब फिर से भारी रकमें मिल रही हैं। कार्यों की जैसी गुणवत्ता होगी,आगे चलकर मालूम हो जाएगा। हां प्रसन्न नीतीश मोदी सरकार के बैसाखी लगाए रहेंगे। रही चन्द्रबाबू नाइडू की बात, तो वे तो घोटालों में जेल में रह चुके हैं। जो भी हो बजट से मोदी ने अपनी बैसाखियां मजबूत कर लीं।

आस्था और सामाजिक सद्भाव

प्रसिद्ध सावन मास आरंभ हो चुका है। इसके साथ शुरू हो चुकी है, शिव भक्तों की कठिन कांवड़ यात्र,जिसमें कई दिनों की हजारों लोग पैदल यात्रा कर हरिद्वार या अन्य गंगा घाटों से गंगाजल लाकर महादेव का अभिषेक करने की परंपरा है। यूपी सरकार के आदेश के बाद कि कांवड़ियों के मार्ग में जितनी भी दुकाने, ठेले और होटल इत्यादि हैं उनमें कारोबारी का नाम व पहचान अंकित करना आवश्यक है, राजनीतिक हलचलों के साथ सोशल मीडिया में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव की भांति आदेश के समर्थन व विरोध में लामबंदी भी शुरू हो गई है। यूपी सरकार के पश्चात उत्तराखंड सरकार ने भी इसी प्रकार का आदेश जारी कर दिया था।

हालांकि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर अंतरिम रोक लगा दी है। आदेश के पक्ष में सरकार व प्रशासन के अपने तर्क हो सकते हैं,परंतु आदेश के पश्चात जो सब्जियों पर थूकने, खाद्य सामग्री पर मूत्र विसर्जन के वीडियो व संदेश वायरल हो रहे हैं,वे दोनों ही समुदायों में पारस्परिक नफरत और अविश्वास का बीज बोने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही गंगा जमुना तहजीब को भी ध्वस्त करने में धीमे जहर का कार्य कर रही है। हम सभी जानते हैं सोशल मीडिया के इस दौर में सच और झूठ का प्रोपेगेंडा विभिन्न समूहों द्वारा निहित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। सरकार व प्रशासन को चाहिए कि ऐसे वीडियो और संदेशों की सत्यता की जांच करवाए और दोषी व्यक्ति चाहे किसी भी समुदाय के हों,उन्हें उचित दंड दिया जाए,क्योंकि मुट्ठी भर लोगों के उन्माद की कीमत सांप्रदायिक सौहार्द नहीं हो सकती। साथ ही खान-पान की शुचिता व पवित्रता हिंदुओं के साथ साथ मुसलमानों के लिए भी उतनी ही आवश्यक है। खान-पान की रोजमर्रा की वस्तुओं के उत्पादन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रिया में विभिन्न रसायनों के रूप में धीमे जहर का पहले से ही प्रयोग हो रहा है,जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आ रहे हैं। अब उन्हें इस प्रकार नफरत रूपी जहर से विकृत करना शारीरिक व मानसिक रूप से तकलीफदेह तो है ही,सामाजिक समरसता पर भी आघात करने वाला घृणित कार्य है। इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ दोनों समुदायों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

> देश व हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में है।

हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में हैं। यदि इसी प्रकार नफरती जहर फैलता रहा तो शायद अपनी-अपनी जाति और धर्म की प्रधानता पर आधारित आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की और पलायन करना होगा। रही बात कांवड़ यात्रा की तो यह गहन आस्था और आत्मिक संयम का प्रतीक है। इसमें खान-पान के साथ जीवनशैली में शुद्धता तथा पवित्रता का ध्यान कांवड़िया ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार रखता है। आप आस्था को चाहे अंधविश्वास का नाम दें, लेकिन यह यात्रा सनातनी परंपरा का अहम हिस्सा है। इस यात्रा के दौरान संभव है कि हिंदुओं के होटलों के जिन बर्तनों में एक समय लहसुन प्याज का भोजन बनाया जाता है, थोड़ी देर पश्चात उन्हीं बर्तनों में शाकाहार के नाम पर कांवड़ियों का भी भोजन बनाया जाए। उपवास के दिनों में ऐसे भोजन के मामले में मैं स्वयं मुक्तभोगी हूं,जहां होटल के सामने बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है व्रत का खाना,लेकिन कहीं न कहीं प्याज का उपयोग पहले से खाना पकाने के लिए हुआ होता है। अतः आवश्यक है इस यात्रा मार्ग में अधिक से अधिक शिविर लगाया जाएं।

यद्यपि ऐसे शिविर हमेशा से लगाए जाते हैं,जहां खान-पान की पूरी सुविधा और शुचिता के साथ कांवड़ियों के स्वास्थ्य और आराम की भी सुविधा का ध्यान रखा जाता है। अब ऐसे शिविर कम से कम दूरी में लगाने चाहिए, जिससे कांवड़ियों को भोजनालय या अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ज्यादा सोचना और भटकना न पड़े। आम लोगों को भी तन मन धन से सेवा का अवसर मिले। जब गुरुद्वारे में सिख लोग रोज लंगर लगा सकते हैं तो उचित दूरी पर शिविर भी अधिकाधिक मात्रा में लगाए जा सकते हैं,क्योंकि कई बार जबरन नियमों को थोप कर सामाजिक अविश्वास उत्पन्न करने से बेहतर है, मध्यम मार्ग निकालना,जिससे न भावनाएं भड़के,न विश्वास आहत हो और सात्विकता के साथ सांप्रदायिक सौहार्द भी बरकरार रहे। वैसे भी सावन का पवित्र माह सृजन का प्रतीक है न की विध्वंस का।

सोशल फोरम

धैर्य और समर्पण का महीना

जब बादल इकट्ठे होकर जमीन को नहलाने लगें। जमीन हरी घास सी तौलिया बांध मंद-मंद मुस्काए। बीज अखुए फोड़कर सलाम करने खड़े हो जाएं। नदियां भर पेट पानी पीकर इतराएं। तालाब शरारती बच्चों की तरह जगह-जगह खिलकर फैले हों। मिट्टी मक्खन बनकर फूली हो। हरी-हरी काई,मखमल की तरह जमीन पर टंकी हो। हवा जब खुद में नमी का वजन लेकर बदन को ताजगी दे जाए। तब जर्रा-जर्रा मुस्कुरा के कहता है,यही तो सावन का स्वाद है। जो दिल सावन में न झूमे, जिसे सावन की नरमी तरावट न दे, जिसमें सावन का भोलापन मासूमियत न भरे, जिसका दिल बड़ा और बराबरी की गवाही न दे,वह भला फुहारों के बीच नाचते सावन को समझा ही कब। सावन तो हर एक को बराबर आनंद देने का उत्सव है।

हफीज किदवई
लेखक

धरती पर मौजूद हर हृदय, जिसमें प्रेम है, उसमें ही तो सावन की आहट होगी। हे सावन मेरे दिल को ढक लो ताकि इसमें मोहब्बत के सिवा कुछ न रह जाए। मेरे दिल को ऐसा कर दे,जो संसार भर का जहर पी तो सके मगर दूसरों पर उगल न सके। मुझे खुद में समाकर मेरा वजूद मिटा दो मेरे सावन। पार्वती जी ने सबसे खूबसूरत महीनों में से एक सावन में तप करके दुनिया का सबसे शक्तिशाली, मासूम और समर्पित प्रेम शिव हासिल किया था, इसलिए मेरे लिए यह माह प्रेम को पाने का महीना है।

यह महीना धैर्य और समर्पण का महीना है। खुद के अंदर से सुई की नोक बराबर भी नफरत को खत्म करने का महीना है और सबसे बड़ी बात पिछले पूरे चक्र में की गई गलतियों के प्रायश्चित का महीना है,जब दिल प्रायश्चित के बाद साफ हो जाए, तब उसमें पहला पांव शिव रखते हैं और जिस हृदय में शिव पांव रख दें,वहां और कुछ रह ही क्यों जाएगा सिवाए शिव शिव के। सावन मंद-मंद मुझे खुद में घोल दे रहा है। अगर सावन गुजरता रहे और इसकी आहटें दिल में मचलती रहें, तब भी किसी हृदय में नफरत रह जाए, तो पृथ्वी पर उससे अभागा भला कौन सा हृदय होगा। यह तो खुद को मिटकर प्रकृति के साथ झूमने का वक्त है। मेरे शिव के पैतियाने बैठकर,हरी चादर ओढ़े भारत भूमि को निहारते रहने कह वक्त है। **-फेसबुक वॉल से**

समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास जरूरी

प्रयाग विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र से एमए करने तथा भारतीय संस्कृति का अध्ययन करके धर्म और दर्शन के ज्ञान में कुछ वृद्धि की। तीर्थराज प्रयाग तथा देश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक राजधानी काशी में नियुक्ति के समय कुछ विद्वत जनों का स्नेह मिला। पुलिस अधीक्षक पौड़ी की नियुक्ति काल में मैं अधिकतर लक्ष्मण झूला, ऋषिकेश एवं हरिद्वार के बहुत से संत-महात्माओं के प्रवचनों को सुनने तथा उनसे वार्ता कर जिज्ञासा दूर करने का अवसर मिला, यद्यपि उन वार्ताओं में निराशा अधिक मिलती।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

> सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते,तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है,जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए।

वर्ष 2010 में मुरादाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक था। एक दिन प्रातः घर के फोन ड्यूटी ने बताया कि शंकराचार्य जी आवास के फाटक पर खड़े हैं और सुरक्षा न मिलने से रुष्ट हैं। मैंने शंकराचार्य के विषय में पूछा तो वह नहीं बता सका, उनके सहायक ने फोन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी हरिद्वार जा रहे हैं रास्ते के सभी जिलों में उन्हें सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट गाड़ी मिली, लेकिन यहां नहीं मिली जबकि डीजीपी कार्यालय ने वायरलेस से इसका आदेश दे दिया था। मैं तुरंत उनकी सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट लगा दूं और आकर उनसे माफी मांगू। मैं सोकर उठा ही था। मैंने दिखवाया तो पता चला ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। मैंने उनके सहायक को आदेश न मिलने की बात बताकर पूछा कि वह कहां के शंकराचार्य हैं तो वह बोले कि काशी के हैं। मैंने कहा कि देश में कुल चार पीठ ही हैं, जहां शंकराचार्य जी होते हैं, उनमें काशी नहीं है। तब वह मुझे बरगलाना चाहा तो मैंने धमकाया कि फर्जी शंकराचार्य बनने पर जेल भेज दूंगा तब वह गलती मान गए। बात से पता चला सहायक जी मेरे गांव के पड़ोस के रहने वाले सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी थे। उनके आग्रह पर मैंने जनपद की सीमा तक एस्कॉर्ट लगा दी। उन्होंने मुझे बुलाकर शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने को कहा जिसे मैंने विनम्रता से मनाकर दिया।

देश में न जाने कितने स्वयंभू शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, विश्वगुरु, महामंडलेश्वर आदि हिंदुओं को बरगला रहे हैं और शिष्यों को धन का मोह त्याग ने का उपदेश देकर अपनी संपत्ति बढ़ा रहे हैं। आशाराम, राम रहीम तो कुछ ऐसे संत हैं, जिनको न्यायालय ने दंडित किया। देश में बहुत से ऐसे संत हैं जिन पर आरोप नहीं लगे या आरोप दबा दिए गए। बड़े नेताओं, अधिकारियों से संपर्क बढ़ाकर अकूत संपदा के स्वामी होने के बाद भी ऐसे धर्माचार्य जनहित या हिन्दू हित में शिक्षा, अस्पताल, अनाथालय, लंगर आदि चलाने में कोई रुचि नहीं लेते। यही नहीं, हिंदू धर्म में सदियों से व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में भी रुचि नहीं लेते।

सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते, तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है, जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए। देश में बहुत से विद्वान, अनासक्त संत हैं, उन्हें आकर हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने हेतु ठोस प्रयास करना चाहिए।

हिंदू धर्म में प्रतिदिन नए पंथ, संप्रदाय बनते रहे हैं, उनके आचार्यों में शास्त्रार्थ होते रहते थे और पराजित संत जीते हुए का पंथ स्वेच्छा से स्वीकार कर लेता था। आदि शंकराचार्य का मीमांसक मंडन मिश्र से हुए शास्त्रार्थ में मंडन पराजित होकर शंकराचार्य के शिष्य बन गए थे। धर्मांधता हिंदुओं का गुण कभी नहीं रहा। हम समझ लें कि "धुआं भरा हो जिन आंखों में नफरत का,उनसे कोई ख्वाब न देखा जाएगा।" सैकड़ों वर्षों देश पर मुस्लिम और ईसाई के द्वारा राज करने के बाद भी हिंदू धर्म न केवल बचा है, अपितु पल्लवित-पुष्पित हो रहा है। हमारे संत विश्व में हो रहे नव जागरण, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक उन्नति को दृष्टि में रखकर हिंदुओं को जागृत करें, जिससे देश और समाज प्रगति कर सके।

जरूरतों को सीमित करना आवश्यक

दुनिया में बढ़ रहा है मिनिमलिज्म यानी कम सामानों में बेहतर जिंदगी कैसे जिए,अगर आप अपने जीवन को सरल और सहज बनाने की सोच रहे हैं तो जरूरतों को सीमित करना होगा। यह तनाव कम करने और बचत करने का बेहतर तरीका होगा। इसका अर्थ है जीवन जीने के लिए कम से कम वस्तुएं खरीदना और उनका उपभोग सही तरीके से करना। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का उदाहरण है,जिन्होंने अपना जीवन बहुत साधारण तरीके से जिया बहुत कम कपड़ों में गुजारा किया। अति सूक्ष्मवाद को अपनाया और अपना सारा पैसा दान कर दिया।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

मिनिमलिज्म की शुरुआत आप अपने विचारों में परिवर्तन कर उपयोग में न आने वाली चीजों को दानकर अलमारी में भरे हुए अनावश्यक कपड़ों, जूतों, चप्पलों आदि को दूसरों को देकर कर सकते हैं। सभी इंसानों को और अधिक की चाह होती है, अधिक कपड़े, नए नए गजेट, ज्यादा घूमना, ज्यादा शॉपिंग, ज्यादा पार्टियां और न जाने क्या क्या, इसके लिए हम ज्यादा कमाना चाहते हैं और ज्यादा खर्च करना भी, लेकिन इससे अगर खुशी मिलती तो ऐसा करने वाले सब खुश दिखाई देते।

रिसर्चगेट की एक स्टडी में बताया गया है कि मिनिमनिज्म एक लोकप्रिय जीवनशैली है। इसे अपना कर लोग अपनी खुशी से कम संपत्ति और सीमित संसाधन के साथ जी सकते हैं। ऐसे लोगों में जागरूकता सहनशीलता व सकारात्मक सोच पैदा होती है और मानसिक शांति मिलती है। मिनिमलिज्म का मंत्र है, 'कम ही ज्यादा' है। मिनिमलिज्म का मतलब है कि आप अपनी जरूरत की चीजें ही खरीदें, बजाय इसके कि आप जो चाहें वो खरीद लें। कोई भी सामान लेने पहले एक बार जरूर सोचे।

सार-संक्षेप

सितारगंज में बाढ़ पीड़ितों को चेक वितरित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

बाढ़ पीड़ितों को कैबिनेट मंत्री ने वितरित की सहायता राशि

सितारगंज : रामलीला मैदान में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सहायता राशि वितरित की। सितारगंज में बीते दिनों भारी बारिश के चलते कई इलाकों में किसानों व आमजनों को नुकसान पहुंचा था। सितारगंज दौरे पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने मंगलवार को रामलीला मैदान में आपदा प्रभावित लोगों को सहायता राशि वितरित की। इसमें सितारगंज में 100 लोगों को करीब 5 लाख रुपये जबकि लवका गोठा से 152 लोगों को करीब 3 .80 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। इस मौके पर सितारगंज उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार जुवांठा तहसीलदार व राजस्व कर्मी मौजूद रहे। उधर वन विभाग के सहयोग से कैबिनेट मंत्री ने विधानसभा की जनता को पौधे भी वितरित किए। इसमें जामुन, कटहल, बमैन समेत अन्य करीब 200 पौधे देकर आम जनता को पर्यावरण के प्रति संदेश दिया।

राज्य मंत्री से मुलाकात कर समस्या से कराया अवगत

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा को ज्ञापन देते नरेश कंसल।

सितारगंज : उत्तराखंड राइस मिलर्स एसोसिएशन के महामंत्री नरेश कंसल ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात कर कस्बे की बाढ़ संबंधी समस्याओं को लेकर अवगत कराया। मुलाकात में बताया कि सितारगंज सरकारी अस्पताल से वटेश्वर की चक्की तक भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति बन जाती है। पानी की निकासी नहीं होने से इसी मार्ग पर स्थित राइस मीलों में जल भराव होने के चलते व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा है, वहीं मार्ग पर सकरा नाला होने के चलते भी दिक्कत बनी हुई है। नाले का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है।

छात्रवृत्ति प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों को संबोधित करते डीईओ डीएस राजपूत।

छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन

शक्तिफार्म : राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदयीमान छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी व निर्णायकों को संबोधित किया। न्यायपंचायत स्तर से चयनित बालक वर्ग के प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी, ब्लाक क्रीड़ा समन्वयक निर्मल सरकार ने संयुक्त रूप से किया। क्रीड़ा समन्वयक निर्मल सरकार ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन 600 मी रन, 6*10 शटल रन, मेडिसन बाल थ्रो, 30 मी. फ्लाइंग दौड़, स्टैंडिंग ब्राड जम्प, फारवर्ड बैंडरिंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ी 25 जुलाई को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन पंकज राय व खिलानन्द अटवाल ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, सुरेश बाबू राणा, जितेन्द्र सिंह राणा, पंकज राय, रामजनम चौहान, देवेन्द्र राय मौजूद रहे।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव निरस्त होने पर भड़के विधायक बेहड़

एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे बेहड़, एसडीएम का तुरंत ट्रांसफर करने पर अड़े

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को निरस्त किए जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। उप जिलाधिकारी द्वारा मौखिक रूप से चुनाव को निरस्त किए जाने का आदेश दिए जाने के बाद क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा करते हुए उप जिलाधिकारी का तुरंत ट्रांसफर करने तथा पूर्व घोषित चुनाव तिथि 25 जुलाई को चुनाव कराने की मांग की।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई एवं चुनाव संचालन समिति द्वारा प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के अध्यक्ष, महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद पर 25 जुलाई को मतदान की घोषणा की गई थी। अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर तीन-तीन तथा कोषाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराए जाने के बाद चुनाव प्रचार शुरू कर दिया गया था। सोमवार की देर शाम उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा द्वारा व्यापार मंडल के चुनाव पर रोक लगाए जाने का आदेश दिए जाने के बाद मामला तूल पकड़ गया। मंगलवार की सुबह उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ दर्जनों समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी, महामंत्री पद के शिवकुमार मित्तल एवं कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी नीरज बजाज सहित दर्जनों व्यापारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर एसडीएम मिश्रा पर तमाम गंभीर आरोप लगाए। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद सत्ता पक्ष के पूर्व जनप्रतिनिधि के इशारे पर एसडीएम मिश्रा द्वारा चुनाव में अवरोध पैदा करने की साजिश शुरू कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तराखंड में आज तक के इतिहास में प्रशासन द्वारा व्यापार मंडल के चुनाव में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है लेकिन एसडीएम मिश्रा द्वारा जानबूझकर एक नेता के इशारे पर बार-बार अवरोध पैदा कर क्षेत्र का माहौल खराब करने में अहम भूमिका निभाई गई। विधायक बेहड़ ने कहा कि वे अब एसडीएम के ट्रांसफर तथा चुनाव प्रक्रिया को तत्काल शुरू करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। व्यापारियों एवं कांग्रेसियों के धरना प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा वार्ता के लिए धरना स्थल पर पहुंचे, लेकिन विधायक बेहड़ ने एसडीएम मिश्रा से वार्ता करने को साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस एसडीएम के खिलाफ वे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, उसी एसडीएम से वार्ता करने का कोई औचित्य नहीं है। इस दौरान सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन रात्रि 9 बजे तक लगातार जारी रहा।

किच्छा में धरना देते विधायक बेहड़ के साथ व्यापारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता।

सीडीओ के मनाने पर भी नहीं माने

किच्छा : जिलाधिकारी के निर्देश पर विधायक तिलक राज बेहड़ को मनाने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार को विधायक बेहड़ ने मांग पूरी होने तक धरने से उठने से साफ इनकार कर दिया। नगर पालिका स्थित कम्युनिटी हॉल में जन समस्याएं सुनने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार तहसील दिवस का कार्यक्रम निपटाने के बाद मौके पर पहुंचे और विधायक बेहड़ से धरना समाप्त करने तथा वार्ता के बाद शिकायतों का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। विधायक बेहड़ ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। विधायक के इनकार के बाद मुख्य विकास अधिकारी वापस लौट गए।

भाजपा के पूर्व विधायक शुक्ला ने भी खोला मोर्चा

किच्छा तहसील में धरना प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव निरस्त किए जाने के बाद पूरे मामले में भाजपा - कांग्रेस की एंट्री हो गई है। चुनाव प्रक्रिया पर धांधली का आरोप लगाते हुए भाजपा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी तमाम समर्थकों के साथ तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए।

जहां एक तरफ कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ अपने तमाम समर्थकों के साथ चुनाव प्रक्रिया चालू करने तथा एसडीएम को हटाए जाने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे नजर आए। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वर्तमान चुनावी प्रक्रिया को निरस्त कर नए सिरे से चुनाव कराए जाने की पैरवी की। तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में धांधली कर तमाम फर्जी वोट बना दिए गए हैं जिससे एक प्रत्याशी को सीधे तौर पर लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने चुनाव निरस्त करने के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान में अपनाई जा रही चुनावी प्रक्रिया में धांधली की गई है तथा नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने के बाद पूरी प्रक्रिया को दोबारा से शुरू कर चुनाव कराया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस विधायक बेहड़ पर तमाम गंभीर आरोप लगाए।

मौके पर भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, संजीव कुमार सिंह, धर्मराज जायसवाल, संदीप अरोड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मदन मदान, राजकुमार बजाज, रिंकू लूथरा, दिव्यांश लूथरा, राजेश तिवारी, दया डसीला, संगीता शर्मा, प्रेमलता चौहान, मनमोहन सक्सेना, गोल्डी गोराया, महेंद्र ठाकुर, मुकेश कोहली आदि मौजूद रहे।

गदरपुर शिव पार्वती मंदिर में आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

शिव पार्वती रामलीला कमेटी के रमन बने अध्यक्ष

गदरपुर : आवास-विकास कॉलोनी स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर में श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंगलवार को पूर्व अध्यक्ष प्रेम सचदेवा की मौजूदगी में हुई बैठक में सर्वसम्मति से श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद पर रमन छाबड़ा, महामंत्री पद पर संतलाल हुड़िया, कोषाध्यक्ष पद पर राज गुंबर का चयन किया गया। बैठक में अध्यक्ष रमन छाबड़ा ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर केवल फुटेला, राकेश अनेजा, वीरेंद्र गगनेजा, सतीश अनेजा, उपाध्यक्ष मदन अरोरा, सचिन गुप्ता, मोहित अरोरा, नवीन खेड़ा व सुभाष नारंग को बनाया गया है। वहीं मनोज पांडेय, दीपक कालड़ा, हरीश रल्हन व मनीष सेतिया को सचिव बनाया गया। राकेश भुड्डी व मनोज गुंबर को व्यवस्थापक, प्रेम सचदेवा व जुगनू डंग को सरपरस्त तथा बंटी छाबड़ा को महावीर दल का अध्यक्ष बनाया गया है।

मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

बाजपुर : मार्ग दुर्घटनाओं में एक बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना सोमवार की देर रात 10 बजे मुख्यमार्ग पर हुई। भूभरी मिलक मसवासी स्वार रामपुर (उप्र) निवासी अनिल कुमार (30) पुत्र राजेश कुमार अपने 3 वर्षीय बेटे ऋषि कुमार के साथ बाइक पर घर से ग्राम बरहैनी बाजपुर स्थित ससुराल जा रहा था। इसी बीच रामपुर-बाजपुर मुख्यमार्ग स्थित एक हॉस्पिटल के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में जा घुसी। इसमें पिता-पुत्र करीब दो फीट उछलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरे। दूसरी घटना मंगलवार की प्रात: करीब सात बजे हुई। सिपोल बिहार निवासी जसवंत यादव (22) पुत्र दयाराम यादव अपने साथी कैलाश कुमार के साथ कैंटर में मार्बल का पत्थर लेकर दिल्ली से रामनगर नैनीताल जा रहे थे। इसी बीच ग्राम रेंहटा के नजदीक एक पेट्रोल पंप के सामने कैंटर अनियंत्रित होकर पलट गया।

ढेला नदी में नहाने गए किशोर की मौत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर के ढेला नदी में मंगलवार शाम नहाने गए चार में से एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। तीन अन्य बच्चों को नदी से डूबने से बचा लिया गया। स्थानीय पुलिस के गोताखोरों और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे का शव को नदी से बाहर निकाला। तीन अन्य बच्चों को अस्पताल में इलाज को लाया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

काशीपुर के कुंडा थाना क्षेत्र के आंकाक्षा गार्डन के रहने वाले कार्तिक (13) पुत्र राकेश कुमार, जतिन प्रताप सिंह (13) पुत्र ओंकार सिंह, शशांक कुमार (12) पुत्र हेमराज, मानू (12) पुत्र उदयराज मंगलवार देर शाम तकरीबन पांच बजे अपने घर पर खेलने की बात कहकर निकले थे। इस दौरान वे बिना बताए नदी में चले गए। नदी के किनारे यह बच्चे नहाने लगे। इस दौरान शशांक का पैर फिसला और वह नदी के गहरे पानी में जाने लगा। तीन अन्य बच्चे भी संतुलन खोकर डूबने लगे। वहीं पास में क्रिकेट खेल रहे स्थानीय लड़कों की अचानक नजर पड़ी तो वे बच्चों को बचाने दौड़े। तीन बच्चों को नदी से बाहर निकाल लिया गया। वहीं शशांक को ढूंढने के लिए नदी में स्थानीय लोग कूदे लेकिन उसका पता नहीं चल रहा था। आनन-फानन में पुलिस को शाम छह बजे जानकारी दी गई। गोताखोरों की मदद से डूबने वाले बच्चे को बाहर निकाला गया। बच्चे की स्थिति काफी गंभीर होने के कारण 108 के माध्यम से सरकारी अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। आनन फानन में सभी के परिजन अस्पताल की तरफ भागे। इस दौरान शशांक के अस्पताल पहुंचे परिजन फूट- फूटकर रोने लगे। शशांक के पिता इंटर कॉलेज में शिक्षक पद पर तैनात हैं। कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि एक बच्चे की मौत हो गई है जबकि दो बच्चों को बचा लिया गया है।

ढेला नदी पर पहुंचे गोताखोर टीम के जवान।

ईओ से अभद्रता करने पर दो पर मुकदमा

संवाददाता, गदरपुर

मामला

▸▸ पूर्व सभासद व एक अन्य पर अभद्र भाषा प्रयोग करने का आरोप

अमृत विचार: जलभराव की सूचना देना पूर्व सभासद और वार्ड वासियों को उस समय महंगा पड़ गया जब अधिशासी अधिकारी ने दो लोगों पर अभद्र भाषा व गाली गलौज करने के मामले में मुकदमा दर्ज करा दिया।

7 जुलाई रात्रि को नगर में भारी बारिश के चलते वार्ड 11 में कई लोगों के घरों में पानी घुस गया था। इस दौरान पूर्व वार्ड सभासद और वार्ड वासियों ने इसकी सूचना पालिका को दी। पालिका द्वारा कोई कर्मचारी न भेजे जाने पर आक्रोशित वार्ड वासियों ने अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया था। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि पालिका अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा द्वारा थाने में दी गई तहरीर में कहा गया है कि 8 जुलाई को वार्ड 11 निवासी एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर फोन पर बात की गई थी। मोबाइल में उक्त व्यक्ति द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए शारीरिक क्षति, मारने पीटने की धमकी दी जा रही थी। इसके अलावा वार्ड 11 के पूर्व सभासद बृजेश विलन द्वारा अभद्र भाषा और मारने पीटने की धमकी दी जा रही थी। तहरीर में कहा गया कि पूर्व सभासद द्वारा दो-तीन माह से उसके खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है एवं परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोबाइल के ट्रूकॉलर पर अयूब नाम के व्यक्ति का नाम आ रहा था। उन्होंने मोबाइल की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी थाने को दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वार्ड 11 निवासी अयूब एवं पूर्व सभासद बृजेश विलन के खिलाफ धारा 224, 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा से बात की गई तो उनका कहना था कि पुलिस को आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त सबूत दिए गए हैं। कांग्रेस नेता एवं पूर्व सभासद बृजेश विलन का कहना था कि उनके द्वारा अधिशासी अधिकारी को कोई गाली गलौज व धमकी नहीं दी गई है। अधिशासी अधिकारी जानबूझकर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा आपदा के दौरान लोगों के हितों के लिए जनप्रतिनिधि होने के नाते आवाज उठाई थी।

काशीपुर में छात्र नेताओं से समस्याओं को लेकर बातचीत करते प्रभारी प्राचार्य।

समर्थ पोर्टल खोलने को लेकर धरने पर बैठे छात्र

काशीपुर : राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र नेताओं ने समर्थ पोर्टल पुन: खोलने समेत कई मांगों को लेकर प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मांग जल्द पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में छात्र नेताओं ने कहा कि प्रवेश की अंतिम तिथि 20 जुलाई थी। लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले काफी विद्यार्थी प्रवेश लेने से वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 चौथे सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित हो चुका है। इसमें लगभग 75 फीसदी छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया है। उन्होंने चौथे सेमेस्टर के रिजल्ट को संशोधित करने, समर्थ पोर्टल पुन: खोलने, महाविद्यालय में हेल्प डेस्क लगाने की मांग की है। अंकित शर्मा, जतिन, दानिश, हितेश कुमार, प्रियांशु, अमन सैनी, पंकज कुमार, गौरव कुमार, विवेक आदि मौजूद रहे।

वार्ता के बाद तोड़ा अनशन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए, बीकॉम में दो सेक्सन एवं विज्ञान वर्ग में एक-एक अतिरिक्त सेक्सन बढ़ाए जाने की मांग को लेकर आंदोलित विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा संयुक्त निदेशक से फोन पर हुई वार्ता के पश्चात मंगलवार को दोपहर बाद ढाई बजे अपना अनशन स्थगित कर दिया है।

आंदोलनरत विद्यार्थियों ने बताया कि स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीकृत छात्र संख्या को देखते हुए बीए एवं बीकाम में अतिरिक्त दो सेक्सन तथा विज्ञान वर्ग में एक-एक अतिरिक्त सेक्सन की मांग को लेकर 19 जुलाई से आंदोलन कर रहे थे, लेकिन मांगें पूर्ण नहीं हो पाईं। मंगलवार को संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा से दूरभाष पर वार्ता हुई जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों की मांगों का निस्तारण एक सप्ताह में करने का आश्वासन दिया है। इस आश्वासन एवं प्राचार्य द्वारा प्रेषित किए गए मांगपत्र के चलते ही उन्होंने अनशन को रोकने का निर्णय लिया है। दोपहर बाद ढाई बजे प्राचार्य प्रो.केके पांडेय ने विद्यार्थियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, सचिव आदर्श कुमार, उपाध्यक्ष पंकज पाल, कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, कला संकाय अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल सिंह, अनुज, अभिषेक दीक्षित आदि मौजूद रहे।

बाजपुर डिग्री कालेज में विद्यार्थियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते प्राचार्य पांडेय।

लापता राजमिस्त्री की तलाश में भटक रही पत्नी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पिछले आठ दिनों से रम्पुरा चौकी के इर्द-गिर्द चक्कर काटने के बाद राजमिस्त्री की पत्नी ने पति की खोजबीन किए जाने को लेकर एसएसआई से गुहार लगाई है। पीड़िता ने आशंका जताई कि उसकी पति की जान खतरे में है, क्योंकि वह ठेकेदार के साथ काम पर गया था और दिहाड़ी देने पर विवाद की खुद सूचना पति ने दी थी।

भूतबंगला वार्ड-20 निवासी शाहीन बेगम मंगलवार को कोतवाली पहुंची और एसएसआई अशोक कुमार के सामने पति की खोजबीन करने की गुहार लगाने लगी। उसका कहना था कि उसका पति इरशाद अहमद राजमिस्त्री का कार्य करता है और 15 जुलाई को वहीं का रहने वाला एक ठेकेदार घर पर आया और पति को अपने साथ काम बताकर ले गए। तीन दिन बाद अचानक पति का फोन आया और बताया कि ठेकेदार दिहाड़ी नहीं दे रहा है और उसने सिर पर हथौड़ा मारकर उसे घायल कर दिया है। उसके सिर पर गंभीर चोटें भी आई हैं। इतनी बातचीत होने के बाद पति का मोबाइल बंद हो गया। आरोप था कि प्रकरण को लेकर उसने रंपुरा चौकी पुलिस को तहरीर भी देकर जल्द कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कई दिन तक चौकी के चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

उत्साह | विभिन्न आयुवर्ग में हुई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

छात्रवृत्ति योजना में बच्चों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना-2024 के अंतर्गत नगरपालिका स्तर की प्रतियोगिता खेल विभाग के सौजन्य से मिनी स्टेडियम बाजपुर में आयोजित कराई गई। विभिन्न आयुवर्ग में हुई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभाग दिखाई।

बताया गया कि 8 से 14 आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में दीपराज सिंह, सत्यम, जयंतराज, विशाल, पूर्वी पांडे, जिया, अयान इमरान, जयदीप, गौरव सिंह, अरमान सिंह, अरमनदीप सिंह, गुरमुख सिंह, दक्षदीप सिंह, गीदोन सिंह, युवराज सिंह, यशदीप सिंह सिंधु, हर्षित, अंश गौतम, गगनदीप सिंह औलख, मो.गनी, अंश कुमार, गुड्डू, मो.अयान, राजू सिंह, नवरोज सिंह, हरदेव सिंह, गुरमनजीत सिंह, जतिन सिंह, नवनीत सिंह, विश्वजीत सिंह, मनजीत सिंह, भावना, कनिका पांडे, अल्फीजा, तन्वी, कोमलप्रीत कौर, चिंकी, मनीषा, राधिका, सुखजीत कौर, पवनीत कौर, दीपिका दिवाकर सहित कुल 42 बालक/बालिकाओं का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला स्तर पर 10 से 14 वर्ष बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 25 जुलाई एवं बालक वर्ग की प्रतियोगिता 26 जुलाई तथा 8-9 एवं 9-10 आयु वर्ग बालक/बालिका व समस्त छूटे बच्चों की प्रतियोगिता 27 जुलाई को मनोज सरकार स्टेडियम रुद्रपुर में प्रस्तावित की गई है।

इस मौके पर महेंद्र सिंह यादव, प्रभु दयाल ममगई, दिनेश चौहान, जीवन सिंह बिष्ट, शिवांकित लोचक, रेखा अग्रवाल, जयदीप प्रेमी, गणेश आर्य, हीरा सिंह, सुंदर लाल आर्य, हेमंत वण, मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

यश, देव, आरव, सानवी उदीयमान खेल योजना में चयनित

खटीमा : मुख्यमंत्री उदीयमान उन्नयन खेल योजना के लिए हिंद पब्लिक स्कूल के यश ज्याला, देव सिंह कार्की, आरव बोरा और सानवी देव का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिला स्तर पर चयन होने पर खिलाड़ी को 1500 रुपये प्रति माह सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। बच्चों की इस उपलब्धि पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज कुमार, मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चन्द्र जोशी, शारीरिक शिक्षक रंजीत मेहरा, उप प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, प्रिया भट्ट, गीता कन्याल, रेनू सिंह, रौली सक्सेना, शिखा पुनेठा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर आदि ने बधाई दी है।

नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड नेटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल बसई पीरूमदारा रामनगर के खेल मैदान में 42 वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 के लिए बालक एवं बालिका वर्ग का फाइनल ट्रायल लिया गया।

इस फाइनल ट्रायल में सभी चयनित बालक एवं बालिका वर्ग की टीम आगामी 25 से 28 जुलाई तक हरियाणा में प्रतिभाग करेगी। बालक वर्ग में वंश मलिक काशीपुर, सुखप्रीत सिंह रामनगर, अक्षत शर्मा काशीपुर, अमन श्रीवास्तव काशीपुर, योगेश शिव हारे काशीपुर, मनीष शर्मा काशीपुर, लक्ष्य बिष्ट रामनगर, दीपक सिंह रावत रुद्रप्रयाग, आयुष अग्रवाल हरिद्वार, तुषार गंभीर हरिद्वार, चंदन सिंह अल्मोड़ा, लविश कुमार वर्मा ऋषिकेश एवं बालिका वर्ग में अनिका शर्मा काशीपुर, स्मृति सक्सेना काशीपुर, महक जसपुर, गौरी डंगवाल रामनगर, सानवी सिंह घोष रामनगर, श्रेया रावत रामनगर, दृष्टि रावत रामनगर, गीतमान कौर रामनगर, श्रेया रिखाड़ी रामनगर, पूनम गोसाई कोटद्वार, रितिका पाठक देहरादून का चयन किया गया। बालक वर्ग की टीम के कोच के लिए दीप अलमीरा अल्मोड़ा एवं बालिका वर्ग की टीम कोच पूजा कुमांई उत्तरकाशी से चयनित की गई।

खेल भूमि नाम से भी जाना जाएगा उत्तराखंड: रेखा

कैबिनेट मंत्री ने एनएचबी स्टेडिय में हुए कार्यों का किया लोकार्पण, निर्माण के चलते 11 माह से बंद थी स्टेडियम में खिलाड़ियों की एंट्री

▸▸ दर्शक दीर्घा, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच, अंडर ग्राउंड टैंक आदि का किया गया है निर्माण

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा एनएचबी स्टेडियम में मंगलवार को निर्माण कार्य का लोकार्पण करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

अमृत विचार: हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में 11 माह बाद फिर से खेल गतिविधियां शुरू हो गई है। मंगलवार को प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने स्टेडियम में चार करोड़ की लागत से हुए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री का अल्मोड़ा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

दरअसल, बीते 11 माह से स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में निर्माण कार्य के चलते खेल गतिविधियों में पूरी तहर ब्रेक लगा हुआ था। जिसके चलते यहां विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इधर, मंगलवार को कैबिनेट मंत्री आर्या ने स्टेडियम में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार खेल मैदानों और स्टेडियम का निर्माण कर रही है। खिलाडियों के लिए खेल मैदानों की कमी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम अल्मोड़ा में दर्शक दीर्घा, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच, अंडर ग्राउंड टैंक, ड्रेनेज के कार्य, चाहर दिवारी, फेंसिंग, मैदान का समतलीकरण सहित कुल सात कार्यों का सुदृढ़ीकरण किया गया है। कहा कि अब मैदान में खिलाड़ी प्रैक्टिस कर सकेंगे। इससे जहां एक और उनकी खेल प्रतिभा निखरेगी तो वहीं वह अपने खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व में सुदृढ़ीकरण को लेकर घोषणा की गई थी। जिसे की आज पूरा करने के साथ ही खिलाडियों को समर्पित किया गया है। कहा कि हमारी कोशिश है कि जिस तरह हम उत्तराखंड को देवभूमि के नाम से जानते हैं वैसे ही हम इसे खेल भूमि के नाम से जाने।

डीएम विनीत तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, नगर अध्यक्ष अमित साह, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, भुवन जोशी, प्रशांत चौहान, जिला खेल अधिकारी महेश्वरी, उप जिला खेल अधिकारी अरुण बग्याल, लियाकत अली खान, फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश कनवाल, कोच मनीष कनवाल, यशवंत कुमार, प्रेम सिंह रावत समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रदेश में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का होगा आयोजन

स्टेडियम के लोकार्पण के दौरान कैबिनेट मंत्री आर्या ने कहा कि पूर्व में खिलाड़ियों की यह मांग रहती थी कि उन्हें रात में भी अपने खेल प्रैक्टिस के लिए स्टेडियम उपलब्ध कराया जाए। ऐसे में स्टेडियम में रात्रि में खेल अभ्यास नहीं हो पाने से खिलाड़ियों के खेल पर प्रभाव भी पड़ता था। लेकिन अब रात में भी खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम सुचारू रहेगा। जिससे खिलाड़ी अपने खेल को और बेहतर कर सकेंगे। कहा कि इस वर्ष राज्य में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना है। राज्य के लिए यह बड़ा ही गर्व का विषय है। राष्ट्रीय खेलों को बेहतर और यादगार बनाने के लिए खेल विभाग प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम नाबालिग से दुष्कर्म

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार : भैंसियाछाना ब्लाक के एक गांव में मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित नाबालिग के मां की तहरीर पर पुलिस ने पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार धौलछीना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस में तहरीर दी। कहना है कि गुरुवार को वो अपनी जेठानी के वहां अपने पति के साथ मांगलिक कार्य में शामिल होने गई थी। गांव के अन्य लोग भी वहां थे। बताया कि अपनी नाबालिग पुत्री जो न बोल सकती है और ना ही कुछ समझ सकती है को एक कमरे में बाहर से ताला लगाकर गए थे।

आरोप है कि जब वो शाम को वापस आए तो उन्होंने कमरे का दरवाजा टूटा देखा। जब कमरे के अंदर गए तो बगल गांव का एक युवक कमरे में था। मेरी पुत्री के कपड़े उतरे थे। आरोपित ने अपने कपड़े भी उतारे थे। यह देख वह दंग रह गए।

बताया कि हो हल्ला करने के बाद आरोपित वहां से फरार हो गया। गांव के कई अन्य लोग भी वहां एकत्र हो गए। उन्होंने पुलिस से मामले में आरोपित के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित के मां की तहरीर पर पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच की जा रही है।

युकां ने सीएम का पुतला फूंका

▸▸ भाजपा पर केदारनाथ धाम समेत अन्य मंदिरों का बाजारीकरण करने का आरोप

संवाददाता, बागेश्वर

बागेश्वर में मुख्यमंत्री व अन्य भाजपा नेताओं का पुतला फूंकते युकांई। ● अमृत विचार

अमृत विचार: भाजपा पर केदारनाथ धाम समेत अन्य मंदिरों का बाजारीकरण करने का आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी व सांसद अजय टम्टा का पुतला फूंका। कहा कि भाजपा नेता दीवालियापन का शिकार हो गए हैं।

युवक कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार के नेतृत्व में एसबीआई तिराहे पहुंचे। वहां सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के नेता दीवालियापन का शिकार हो गए हैं। इसलिए वह देवभूमि के धामों व मंदिरों का बाजारीकरण कर रहे हैं जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला महामंत्री संगठन कवि जोशी ने कहा कि भाजपा की आत्मा मर चुकी है तथा वे जनता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का पुतला फूंका तथा जनता से माफी मांगने को कहा।

चेतावनी दी कि यदि उनके द्वारा माफी नहीं मांगी गई तो तीनों नेताओं की नगर में शव यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र टंगणियां, संजय चन्याल, राहुल कुमार, कुंदन गोस्वामी, जयदीप कुमार, दिव्यांषु पिंडारी, चंदू कोरंगा, लोकेश गोस्वामी, पंकज परिहार, संस्कार भारती, गणेश कुमार, प्रेम दानू, राहुल बाराकोटी, दर्शन फर्स्वाण आदि उपस्थित थे।

लोअर मालरोड में चोरों ने दुकान से उड़ाई नगदी

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मंगलवार रात ताले तोड़कर दुकान में घुसे चोर

▸▸ दुकान स्वामी ने बेस चौकी में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई

अमृत विचार: नगर के लोअर मालरोड में सोमवार देर रात चोरों ने एक दुकान के ताले चटका दिए। अज्ञात चोर दुकान से नगदी लेकर फरार हो गए। चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। वहीं, तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात लोअर मालरोड के खोल्टा स्थित दिनेश चंद्र जोशी की जनरल स्टोर की दुकान पर चोरों ने धावा बोल दिया। दुकान के सेटर में लगे दो ताले तोड़कर चोर अंदर घुस गए और कैश काउंटर में रखे 15 हजार की नगदी में हाथ साफ कर ले गए। दुकान स्वामी ने मंगलवार सुबह जब ताला टूटा हुआ देखा तो वह हक्का बक्का रह गए। मामले को लेकर दुकान स्वामी ने बेस चौकी में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई है। इधर, पूर्व में भी नगर के कई घरों में चोरी की घटना सामने आई हैं। इनमें अब तक कई चोरियों का खुलासा नहीं हो सका है। इससे लोगों में दहशत बनी हुई है। कोतवाल जगदीश देऊपा ने बताया कि घटनास्थल पर जाकर पूछताछ कर ली गई है। आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्राचार्य प्रो. भैसोड़ा हुए सम्मानित

▸▸ देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया सम्मान

संवाददाता, अल्मोड़ा

देहरादून में सम्मान ग्रहण करते प्राचार्य डॉ. भैसोड़ा।

अमृत विचार: मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के प्राचार्य प्रो. सीपी भैसोड़ा को डॉक्टर ऑफ ईयर 2024 के सम्मान से सम्मानित किया गया।

बीते दिनों देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में प्राचार्य पद पर तैनात प्रो. सीपी भैसोड़ा सिमित संस्थानों के बीच भी मरीजों को बेहतर सेवा देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपना बेहतर योगदान दे रहे हैं। जिससे अल्मोड़ा समेत पर्वतीय जिलों के मरीजों को काफी हद तक राहत मिल रही है। इसी वजह से उनके बेहतर कार्यों के चलते दिव्य हिमगिरि की ओर से उन्हें डाक्टर आफ ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर एमएस डॉ. अशोक कुमार, सीएमओ डॉ. आरसी पंत, डॉ. अनिल पांडे, डॉ. अमित कुमार समेत तमाम स्वास्थ्य कर्मियों ने बधाई दी है।

अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मी काम पर लौटे

राहत

▸▸ दो सूत्रीय मांगों को लेकर कार्यबहिष्कार पर थे कार्मिक

▸▸ कर्मियों के काम पर लौटने से मरीजों ने ली राहत की सांस

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में आउटसोर्स से तैनात हड़ताली कर्मचारी कार्य पर लौट गए हैं। कर्मचारियों के काम पर लौटने से मेडिकल कॉलेज प्रशासन समेत मरीजों ने राहत की सांस ली। तीन माह के मानदेय भुगतान के बाद कर्मचारी मंगलवार से काम पर लौटे।

बेस अस्पताल में आउटसोर्स से तैनात कर्मचारी मानदेय का भुगतान समेत दो सूत्रीय मांगों को लेकर बीते सोमवार से कार्य बहिष्कार पर चले गए थे। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से अस्पताल में पर्चा काउंटर से लेकर वार्डों तक व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई थी। कालेज प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था कर काम कर रहा था।

लेकिन कर्मचारियों की हड़ताल ने कालेज प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी थी। मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इधर, अब कर्मचारी कार्य पर लौट गए हैं। मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि कर्मचारी कार्य पर लौट गए हैं। कर्मचारियों के पद सर्जन की मांग शासन स्तर पर लंबित है।

डीडीए की समाप्ति को लेकर संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

▸▸ जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा गांधी पार्क में डीडीए के विरोध में प्रदर्शन करते संघर्ष समिति के सदस्य।

अमृत विचार : पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग तेज हो गई है। मंगलवार को विभिन्न संगठनों के लोगों ने चौघानपाटा गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि बिना पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को समझे प्रदेश की भाजपा सरकार ने 2017 में तुगलकी फरमान से समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए लागू कर दिया था, जिसका स्थानीय जनता एवं सर्वलदीय संघर्ष समिति लगातार विरोध कर रही है।

लेकिन अब तक शासन ने डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं किया है। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं हो जाता संघर्ष समिति धरना प्रदर्शन पर डटे रहेगी।

यहां प्रदर्शन करने वालों में हेम चंद्र तिवारी, प्रत्येश पांडे, ललित मोहन पंत, हर्ष कनवाल, महेश चंद्र आर्या, प्रताप सिंह सत्याल, जीवन लाल, आनंद बगडवाल, शहाबुद्दीन, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, चंद्रमणि भट्ट, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, हेम चंद्र जोशी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-140

बाएं से दाएं

1.1. एक होने की अवस्था या भाव, अविरोध 2. मिलकर एक होना, समूहबद्धता, संगठन, (यूनिटी) 3. उद्देश्य

3. माल-विभाग का वह कर्मचारी जो ज़मीन की पैमाइश और बंटवारे आदि का प्रबंध करता है।

4.1. केवल एक अंगवाला 2. विकलांग।

6.1. सूखा फल, फल 2. किशमिश

7.1. जो फुसलाने या उकसाने का काम करता हो 2. छलपूर्ण, भरमाने वाला।

ऊपर से नीचे

1. छोटी इकाई, किसी बड़े संस्थान का एक विभाग।

2.1. हिजड़ा, नपुंसक 2. वह व्यक्ति जिनमें शारीरिक अक्षमता के कारण बच्चे उत्पन्न करने की शक्ति न हो 3. वह व्यक्ति जिसका हाव-भाव

3.1. बेमेल होना 2. अनौचित्य 3. अर्थालंकार का एक भेद

4. पृथ्वी के किसी देश-महादेश या स्थान विशेष के नक्शे की पुस्तक, मानचित्रावली।

5. पांव की चमड़ी का फटना, बेवाई, पैर की एड़ियों में दरारें पड़ना।



वर्ग पहेली -139 का हल

1 मि	से	ज़	■	2 भृ
ल	■	■	3 झ	गु
नी	■	4 सु	प	ठ
■	5 शिं	■	टा	■
■	6 शि	व	ना	7 मी
■	या	■	■	टिं
■	■	8 मं	जु	ग	ति

सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5			3			9
	4		1					
	7						8	
2				4				
9	8						2	3
				2		1		6
			9				7	
		3			5			
1			6			2		

सुडोकू -52 का हल

1	5	6	8	4	9	3	7	2
8	4	7	5	2	3	1	9	6
9	3	2	1	7	6	8	4	5
4	1	9	6	8	5	7	2	3
7	6	5	3	9	2	4	8	1
3	2	8	4	1	7	6	5	9
6	8	3	9	5	4	2	1	7
5	7	1	2	3	8	9	6	4
2	9	4	7	6	1	5	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 07.30 तक तत्पश्चात चतुर्थी 25 जुलाई 04.39 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

वृष — आज अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग उच्च पद पर आसीन हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लेना अत्यंत हितकारी होगा।

मिथुन — आज आप प्रकृति के बीच समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें। लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है।

कर्क — आज मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है। उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें।

सिंह — आज जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

कन्या — आज व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के बढ़ियां अवसर मिलेंगे। अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे।

तुला — आज नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। धार्मिक स्थल की यात्रा का विचार बनाएंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी।

वृश्चिक — आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। पिता का मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। जॉब की स्थितियां आपके लिए काफी प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

धनु — आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। आप घर पर आराम की और फिल्मों का आनंद उठाने की योजना बना सकते हैं।

मकर — आज सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कुंभ — आज जोखिम भरे कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। व्यवसायियों को अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आप अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने ला पाएंगे। महत्वपूर्ण मीटिंग का हिस्सा बन सकते हैं।

मीन — आज कर्मचारियों के साथ अच्छा तालमेल बनाकर रखें। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें। किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। तनाव का असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
भीष्मा — सुबह : 11.14
प्रेम — रात : 07.00
बादल — सुबह : 11.02
फोरेंसिक — रात : 08.00

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 10.25
घोस्ट राइडर — रात : 09.00

&pictures
ZEE CINEMA
वलाटी — दोपहर : 12.18
फुकरे 3 — रात : 08.00

colors CINEPLEX
मुंबईकर — सुबह : 11.08
इंस्पेक्टर विजय — शाम : 05.49

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पड़ोस की भाभी को देखने के लिए गप्पू पेड़ पर चढ़ गया।
तभी आंटी ने गप्पू को देख लिया
आंटी-बेटा पेड़ पर क्या कर रहो हो ?
गप्पू-बिजली देखने का इरादा है पर नागिन दिख गई।
फिर क्या पेड़ से उतरने पर गप्पू की जमकर कुटाई हुई।

इंटरव्यू में बॉस ने पूछा- क्या आपको ब्रिटिश भाषा आती है?
लड़का- हां
बॉस- कुछ बोल के दिखाओ
लड़का- डूगना लागान डेना पड़ेगा बुवन।
बॉस- बॉस बेहोश...

धौलछीना में 11 लाख की धोखाधड़ी करने का आरोपी चंडीगढ़ से दबोचा

वीजा व आफर लेटर दिखाकर की ठगी, आरोपी पर घोषित किया था 10 हजार का इनाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : धौलाछीना पुलिस ने 11 लाख की ठगी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11 लाख की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपी को चंडीगढ़ से दबोचा। वहीं, आरोपी पर दस हजार रुपयो का इनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित संतोष कुमार, निवासी नौगांव धौलछीना ने बीते फरवरी माह में पुलिस को तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा कि चंड़ीगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 11 लाख रुपये ठग लिए हैं। वहीं पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी है। तहरीर पर पुलिस ने थाना धौलछीना में अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद एसएसपी देवेंद्र पींचा ने भी फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी को टीम गठित कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

धौलछीना पुलिस की गिरफ्त में ठगी का आरोपी। ● अमृत विचार

इधर, बीते सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी असीम बिज (39) पुत्र राकेश कुमार, निवासी हाउस नंबर आठ ग्रीन पार्क जालंधर सीटी डिवीजन नंबर छह माडल टाउन जालंधर पंजाब हाल निवासी सेक्टर 63 चंड़ीगढ़ को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष सुशील कुमार, डेट कास्टेबल सुरेंद्र सिंह, धीरेंद्र बड़ाल आदि शामिल रहे।

आरोपित का रहा है आपराधिक इतिहास

नौकरी का झांसा देकर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पकड़ा गया आरोपित का आपराधिक इतिहास है। आरोपी पर ओल्ड इंडस्ट्रियल पानीपत हरियाणा, टोहाना, फतेहाबाद हरियाणा में दो और अंबाला सिटी हरियाणा में केस दर्ज है।

गीता महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बनीं

रानीखेत : उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने रानीखेत कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री गीता सजवाण को कांग्रेस की ब्लॉक ताड़ीखेत इकाई का महिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

गीता सजवाण को महिला ब्लॉक अध्यक्ष बनाने पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, जिलाध्यक्ष दीपक किरौला, ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व पीसीसी सदस्य त्रिभुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा साह माहरा, यूथ अध्यक्ष अंकित पंत पडालिया, कार्यकारी नगर अध्यक्ष पंकज जोशी, विश्व विजय सिंह माहरा, एससी जिलाध्यक्ष एडवोकेट ललित आर्या, कंचन आर्या आदि ने बधाई दी है।

मल्लाढेक गांव में जल्द होगा पेयजल समस्या का समाधान

- ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद हरकत में आया जल निगम ग्रामीणों के साथ की बैठक

संवाददाता, लोहाघाट/चम्पावत

अमृत विचार : पेयजल समस्या को लेकर बीते दिवस बिशंग के मल्लाढेक के ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन करने के बाद विभाग जागा है। मंगलवार को जल निगम के अवर अभियंता ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनीं। उन्होंने एक माह के भीतर हर घर जल योजना और पुरानी पेयजल लाइन का जीर्णोद्धार करने का आश्वासन दिया।

जल निगम के अवर अभियंता धीरज जोशी ने ग्रामीणों को बताया कि मायावती-मल्ला ढेक गांव के लिए सात किमी लंबी पेयजल लाइन का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गांव के मुख्य पेयजल टैंक से हर घर नल, हर घर जल के तहत पेयजल लाइन बिछाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने एक माह के अंदर सभी कार्य पूरे कर गांव में नियमित पेयजलापूर्ति करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि एक माह के भीतर समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन शुरू कर देंगे। एक दिन पूर्व सोमवार को मल्लाढेक की महिलाओं और ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर लोहाघाट तहसील परिसर में प्रदर्शन किया था। साथ ही तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान न होने पर विभागीय कार्यालय में तालाबंदी करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद विभाग के अभियंता गांव पहुंचे और समस्या का संज्ञान लिया। बैठक में गिरीश सिंह ढेक, पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ढेक, माधुरी देवी, ममता, बबीता ढेक, मीना ढेक, बबीता देव, निर्मला ढेक, विमला ढेक, केशवी देवी, मंजू ढेक, ज्योति ढेक, कविता ढेक आदि मौजूद रहे।

लोहाघाट में ग्रामीणों को आश्वासन देते जल निगम के अधिकारी। ● अमृत विचार

सड़क पर बह रहा सीवर, बीमारियों को दे रहा न्योता

नैनीताल, अमृत विचार : तल्लीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में पिछले दो दिन से सड़क पर सीवर ओवरफ्लो होकर बह रहा है। जिससे राहगीरों के साथ ही स्कूली बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं नैनीताल घूमने आ रहे सैलानियों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है।

बीच सड़क पर बह रहा सीवर संक्रामक बीमारियों को भी न्योता दे रहा है। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जबकि डीएम वंदना सिंह व मंडलायुक्त दीपक रावत ने संबंधित विभाग को सीवर लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिये हैं। कुछ समय पूर्व क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक लोगों में डायरिया की पुष्टि हुई थी। इसके बावजूद खुले में बह रहे सीवर को ठीक नहीं किया जा रहा है।

शिव कृपा से मिलता है मनवांछित फल : व्यास

- बालेश्वर मंदिर में संगीतमयी शिव महापुराण कथा जारी

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : नगर के प्रसिद्ध बालेश्वर मंदिर में चल रही संगीतमयी शिव महापुराण कथा मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रही। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

प्रवचन करते हुए आचार्य राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि भगवान शिव त्रिलोकी नाथ हैं। वे चराचर जगत की हर गतिविधि का संचालन करते हैं। बिना उनकी इच्छा से पत्ता भी नहीं हिल सकता। कथावाचक ने भगवान शिव की लीलाओं से संबंधित कई प्रसंग सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने श्रावण मास की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि सावन माह भगवान शिव को काफी प्रिय है। इस माह सच्चे मन से शिव को भजने वाला भक्त मनोवांछित फल प्राप्त करता है। बालेश्वर मंदिर समिति की ओर से आयोजित कथा के पहले दिन रविवार को महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। सुबह नित्य पूजा अर्चना और दोपहर दो बजे से कथा का प्रवचन हो रहा है। कमेटी अध्यक्ष देवीलाल वर्मा, महंत पवन गिरी, व्यापार संघ अध्यक्ष विकास साह, कमल गिरी, विजय वर्मा, रितेश राय, मोहन राय, विमल साह, नरेंद्र सिंह, वसंत वर्मा, मुक्तेश वर्मा, कमल पटवा, हेमंत वर्मा, रोहित तड़ागी आदि व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

आचार्य राजेंद्र प्रसाद।

29 से दो केंद्रों पर होगा मूल्यांकन का कार्य

रामनगर। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) का मूल्यांकन कार्य 29 जुलाई से 1 अगस्त के बीच प्रदेश के 2 मूल्यांकन केन्द्रों में सम्पादित किया जायेगा।

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 10,724 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 11,163 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिनकी लिखित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल स्तर पर 248 व इण्टर स्तर पर 241 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों के नियुक्ति पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किए गए हैं। साथ ही विद्यालय के पोर्टल पर भी अपलोड किए जा रहे हैं। इसके साथ ही मूल्यांकन सामग्री भी मूल्यांकन केन्द्रों को भेज दी गई है।

मलबा हटाने व पानी निकासी का कार्य शुरू

- भारी बारिश के कारण टनकपुर और बनबसा में जगह-जगह आया है मलबा

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह मलबा आने और जलभराव से दिक्कत बढ़ गई है। इधर जलभराव की समस्या का निस्तारण व मलबा हटाने के लिए प्रशासन और नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

यहां बता दें कि बरसात के दिनों में टनकपुर और बनबसा क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से कई घरों में पानी घुस जाता है। साथ ही मलबा आने से भी लोगों की दिक्कतें बढ़ जाती हैं। पिछले दिनों क्षेत्र में हुई भारी बरसात से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। नगर के कई वार्डों और टनकपुर, बनबसा के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। साथ ही मलबा आने से आवाजाही में लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी है। इधर एसडीएम आकाश जोशी और नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी के नेतृत्व में पानी की निकासी व मलबा हटाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई हैं।

साथ ही पालिका के ईओ जोशी की निगरानी में नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कचरा निकालकर चोक नालियों को खाला जा रहा है। वहीं किरोड़ा नाले के चैनेलाइजेशन के साथ अन्य नालों एवं पुलिया के नीचे भी सफाई अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि टनकपुर और बनबसा में मलबा हटाने व जलभराव के निस्तारण का काम जारी है।

टनकपुर में पुलिया के नीचे आए मलबा हटाने में जुटी जेसीबी मशीन। ● अमृत विचार

नाले पर बनाई पुलिया को किया ध्वस्त

- एसडीएम के नेतृत्व में हटाया गया अवैध अतिक्रमण
- विरोध कर रहे स्थानीय लोगों को पुलिस ने किया शांत

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : प्रशासन ने जल निकासी में बाधक बन रही बोरागोठ-घसियारामंडी नाले में लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई चार छोटी पुलिया को ध्वस्त कर दिया। नाले में बनी पुलिया की दीवारें किरोड़ा नाले से आने वाले पानी की निकासी में अवरोध पैदा कर रही थीं।

प्रशासन की इस कार्यवाही का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत करा दिया। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि लोगों ने नाले के आस-पास जल निकासी के रास्तों पर अतिक्रमण कर अपनी सुविधा के लिए आने-जाने के लिए छोटी-छोटी पुलिया बना दी हैं। साथ ही नाले के आस-पास अवैध रूप से मकान बना दिए हैं। पुलिया के कारण किरोड़ा नाले से आ रहा पानी रुककर गांवों में तबाही मचा रहा है। एसडीएम ने बताया कि किरोड़ा नाले के उफान पर आने से पानी बोरागोठ-घसियारामंडी नाले में तेजी से बहता है। अवरोध उत्पन्न होने पर यह पानी जल भराव का कारण बन रहा है।

उन्होंने बताया कि दो सप्ताह में दो बार जल भराव होने से लोगों को काफी नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने बताया कि जल निकासी में बाधक बने अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। बता दें कि सात जुलाई से 22 जुलाई के बीच दो बार घसियारा मंडी, बोरागोठ और पूर्णागिरि विहार में जल भराव से लोगों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। इससे प्रशासन को भी काफी फजीहत झेलनी पड़ी। अब प्रशासन यहां जेसीबी लगाकर अतिक्रमण ध्वस्त कर रहा है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

टनकपुर के बोरागोठ घसियारामंडी नाले पर अतिक्रमण कर बनाई गई पुलिया को तोड़ती मशीन। ● अमृत विचार

डीएनपी स्कूल को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री धामी

रानीखेत, अमृत विचारः भतरौजखान स्थित डीएनपी सीनियर सेकण्डरी स्कूल वर्ष 2017 से लगातार शैक्षिक पुरस्कार पाकर ऊंची फीस वाले स्कूलों के लिए चुनौती बना हुआ है। भिकियासैण विकास खंड के भतरौजखान में पद्मश्री देवकीनंदन पांडे (डीएनपी) नाम से चल रहे इस विद्यालय ने कठिन परिस्थितियों में प्रदेश स्तर पर वर्ष 2017 से अपना स्थान बनाया हुआ है। 2022 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में विद्यालय के प्रबंधक ललित करगेती को तीन लाख रुपये का चेक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। इस वर्ष भी 24 जुलाई को मुख्यमंत्री देहरादून में विद्यालय को सम्मानित करेंगे।

विधिक साक्षरता शिविर में छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के तत्वावधान में प्लान ऑफ एक्शन माह जुलाई के अंतर्गत जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुज कुमार संगल के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भवदीप रावते की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज पाटी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में, किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा नालसा द्वारा संचालित विभिन्न नियमों के विषय में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। हरेला महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया और लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करने की साथ ही उनकी देखभाल करने की भी अपील की गई। साथ ही सरल कानूनी ज्ञानमाला पुस्तकों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए पंपलेट का वितरण कर आम जनमानस एवं बच्चों को जागरूक किया गया।

शिविर में प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पीएलबी आदि मौजूद रहे।

पाटी जीआईसी में पौधरोपण करते शिक्षक। ● अमृत विचार

रक्तदान कर मरीज की जान बचाई

बागेश्वर। सामाजिक कार्यकर्ता व रेडक्रास सोसायटी के पूर्व चेयरमैन अशोक लोहनी ने मंगलवार को 47वीं बार रक्तदान करके मरीज की जान बचाई। बता दें कि जनपद में पहला रक्तदान कैंप अशोक लोहनी ने गरुड़ में आयोजित किया था। इसके बाद दूसरा कैंप रानीखेत से टीम को बुलाकर किया। मंगलवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती एक मरीज को ए पाजिटिव रक्त की आवश्यक्ता थी। इसकी जानकारी मिलते ही श्री लोहनी वहां पहुंचे तथा रक्तदान कर मरीज की जान बचाई।

वनाग्नि और वनों के अवैज्ञानिक दोहन पर जताई चिंता

अल्मोड़ा : एसएसजे परिसर के शिक्षा संकाय की ओर से पांच दिवसीय सामुदायिक कार्यशाला जारी है। मंगलवार को कार्यशाला के दूसरे दिन को प्रशिक्षणार्थियों में प्राकृतिक सौंदर्यानुभूति के लिए पौधारोपण किया गया। कार्यशाला में डॉ. रिजवाना सिद्दीकी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानव जीवन में पौधों का महत्व बताया। पौधों को मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। वहीं जंगलों में बढ़ती आग, वृक्षों और वनों के बढ़ते दोहन पर चिंता जताई। इस दौरान मोरपंखी, रीठा, पदम, गुडहल गुलाब आदि पौधे रोपे गए। वहीं बीएड के सभी प्रशिक्षणार्थियों की ओर से अल्पना कार्य किया गया। एमएड के प्रशिक्षणार्थियों ने आकड़ों का विश्लेषण किया। डॉ. संगीता पवार, डॉ. ममता कांडपाल, ललित रावल, अंकिता, मनोज कुमार, मनोज कार्की, विनीत पाल, सरोज जोशी आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा एसएसजे परिसर में पौधरोपण करते छात्र-छात्राएं।

हाईकोर्ट ने भूमि धोखाधड़ी पर दायर याचिका निस्तारित की

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने राज्य में भूमि की धोखाधड़ी व अवैध खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाने को दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा पेश रिपोर्ट के आधार पर याचिका निस्तारित कर दी।

पिछली तिथि को कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि वर्ष 2014 में लैंड फ्रॉड समवन्य कमेटी गठित हुई थी। इस कमेटी की कार्यप्रणाली, लैंड फ्रॉड की शिकायतों का डाटा मांगा था। सरकार ने रिपोर्ट पेश कर कहा कि अभी तक 426 शिकायतें आईं, जिन पर सुनवाई हुई है। इस रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित कर दी। मामले के अनुसार देहरादून निवासी सचिन शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2014 में प्रदेश में लैंड फ्रॉड व धोखाधड़ी को रोकने के लिए लैंड फ्रॉड समन्वय समिति का गठन किया था। इसमें अध्यक्ष कुमायूं व गढ़वाल मंडल के आयुक्त सहित परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक व कई अधिकारी शामिल हैं। जिनका काम राज्य में हो रहे लैंड फ्रॉड व धोखाधड़ी के मामलों की जांच, जरूरत पड़ने पर एसआईटी से जांच करवा कर मुकदमा दर्ज कराना था। आरोप लगाया था कि लैंड फ्रॉड व धोखाधड़ी की जो शिकायतें पुलिस को मिल रही हैं, पुलिस खुद अपराध दर्ज कर रही है जबकि ऐसे मामलों को लैंड फ्रॉड समन्वय समिति के पास भेजा जाना था। वर्तमान में कमेटी का काम थाने से हो रहा है जो शासनादेश के निर्देशों के विरुद्ध है, इस पर रोक लगाई जाए।

डीएम की बनाई एप में शिकायत दर्ज कराए याची

नैनीताल : हाईकोर्ट ने रामलीला ग्राउंड मंगल पड़ाव हल्द्वानी के मंदिर परिसर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को अपनी शिकायत जिलाधिकारी के अतिक्रमण शिकायती एप में दर्ज कराने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई दो माह बाद होगी। मामले के अनुसार रामलीला मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि धार्मिक संस्था रामलीला ग्राउंड मंगल पड़ाव हल्द्वानी की भूमि को मंदिर के व्यवस्थापक विवेक शर्मा खुर्द बुर्द करने व सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर उसका निजी उपयोग करने के लिए किया जा रहा है, इसलिए इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

चार सप्ताह में जवाब पेश करे राज्य सरकार

नैनीताल : हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के वर्ष 2021 के शासनादेश को जिसमें वर्ष 2016 के बाद अस्तित्व में आई नगर पालिका, नगर निगम व ग्राम पंचायतों में आए क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए नक्शा पास कराने की बाध्यता को समाप्त करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले में मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोटद्वार निवासी गिरी गौरव नैथानी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में एक शासनादेश पारित कर नगर पालिका, नगर निगम व जिला विकास प्राधिकरण में वर्ष 2016 के बाद अस्तित्व में आए क्षेत्रों में निर्माण के लिए नक्शा पास कराने की बाध्यता को समाप्त कर दिया। जिसके चलते सरकार को राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है।

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी दूर करने के लिए पहले राज्य सरकार के पास जाएं

नैनीताल : हाईकोर्ट ने नैनीताल के बीडी पांडे जिला पुरुष चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने के खिलाफ दायर पूर्व अध्यापक अशोक साह की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि अगर आपकी कोई शिकायत है तो अपना प्रत्यावेदन राज्य सरकार को दें। सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अभी भी अस्पताल में कई सुविधाओं की कमी है। जिस वजह से मरीजों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बदरीनाथ राजमार्ग पर शराब की दुकान खोलने पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल : हाईकोर्ट ने श्रीनगर-बदरीनाथ राजमार्ग पर पड़ने वाले श्रीकोट नामक स्थान पर शराब की दुकान खोलने के मामले में प्रदेश सरकार से जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। विमल नेगी की ओर से दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने पूर्व में एक जनहित याचिका में जवाब देते हुए कहा था कि प्रदेश में धार्मिक स्थानों और चारधाम यात्रा मार्ग पर नई शराब की दुकान नहीं खोली जाएंगी, लेकिन सरकार ने कुछ समय पहले श्रीनगर-बदरीनाथ राजमार्ग पर श्रीकोट नामक स्थान में शराब की दुकान को खोलने की अनुमति दे दी है।

विजय दिवस का जश्न

बीकानेर के आर्मी क्षेत्र में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस का जश्न मनाया गया। एक के बाद एक कर्तव्य करते हुए भारतीय सेना के जवानों ने लोगों में जोश भर दिया। ● एजेंसी

जाली नोट गिरोह में शामिल व्यक्ति को पांच साल कैद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भारतीय मुद्रा के उच्च गुवावत्ता के जाली नोट चलाने के एक प्रमुख आरोपी को यहां की एनआईए अदालत ने पांच साल कठोर कैद की सजा सुनाई। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। राज्य के मालदा में गोपालगंज इलाके के निवासी फैजुल एसके पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। राशि जमा करने में विफल रहने पर तीन महीने की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। एक फरार बांग्लादेशी नागरिक समेत तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई जारी है।

यूपीएससी परीक्षा में माता-पिता के अलग होने का दावा कर ट्रेनी आईएएस ने गलत तरीके से लिया लाभ

केंद्र ने वैवाहिक स्थिति की जानकारी मांगी

पुणे, एजेंसी

केंद्र ने पुणे पुलिस को निर्देश दिया है कि वह विवादों में घिरीं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता की वैवाहिक स्थिति से उसे अवगत कराए।

अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने यह निर्देश पूजा पर यह आरोप लगने के बाद दिया है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने माता-पिता के अलग होने का दावा कर यूपीएससी परीक्षा में गलत तरीके से ओबीसी गैर क्रीमी लेयर का लाभ लिया। खेडकर पर महाराष्ट्र के पुणे जिला कलेक्टरेट में प्रशिक्षण के

दौरान ऐसी सुविधाएं और भत्तों की मांग करके ताकत और विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप है, जिनकी वह हकदार नहीं थीं। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान आस-पास के सभी लोगों को धमकाया और अपनी निजी ऑडी (एक लग्जरी कार) कार के ऊपर लाल-नीली बत्ती (उच्च पदस्थ अधिकारी को दर्शाती) लगाई। पूजा खेडकर के खिलाफ पिछले हफ्ते दिल्ली में गलत जानकारी देने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

यूपीएससी ने कारण बताओ नोटिस किया जारी

यूपीएससी ने भी 2022 की परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं में भाग लेने से रोकने पर विचार कर रहा है। पुणे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि केंद्र सरकार ने यह बताने को कहा है कि क्या पूजा खेडकर की मां मनोरमा और पिता दिलीप का तलाक हो गया है। उन्होंने कहा हमें यह पता लगाने और केंद्र सरकार को सूचित करने को कहा गया है कि क्या पूजा खेडकर के माता-पिता का तलाक हो गया है। संक्षेप में हमसे उनकी शादी/तलाक की वास्तविक स्थिति को सत्यापित करने के लिए कहा गया है। यूपीएससी ने पिछले सप्ताह पूजा खेडकर के खिलाफ फर्जी पहचान के आधार पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी से शामिल होने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने सहित कई कार्रवाई की थी।

एक नजर

रक्षा मंत्री को दी युद्धपोत में आग के कारण हुई क्षति की जानकारी

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नौसेना के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के कारण हुई क्षति की जानकारी दी है। आईएनएस ब्रह्मपुत्र में सोमवार को आग लग गई थी। इस हादसे में युद्धपोत को काफी नुकसान पहुंचा है। नौसेना के अनुसार बाद में यह युद्धपोत एक तरफ झुक गया और कोशिशों के बावजूद इसे सीधा नहीं किया जा सका। एडमिरल त्रिपाठी ने सिंह को सोमवार शाम को इस हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अज्ञात बदमाशों ने रेलवे लाइन पर सरिया डाला, हादसा टला

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले में कुछ अज्ञात बदमाशों ने रविवार देर रात रेलवे लाइन पर सरिया डाल दिया। हालांकि, वहां से गुजरने वाली ट्रेन के चालक ने समय पर ब्रेक लगा दिया, जिससे संभावित हादसा टल गया। पुलिस ने बताया कि असारवा-जयपुर एक्सप्रेस के रविवार रात करीब 11 बजे डूंगरपुर स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद यह घटना घटी। पुलिस के मुताबिक, लगभग चार किलोमीटर की यात्रा के बाद लोको पायलट ने पटरियों पर पड़े सरिये को दूर से देख लिया और ब्रेक लगा दिए।

मुंबई में इमारत ढहने से तीन लोग घायल

मुंबई। महाराष्ट्र में मध्य मुंबई के धारावी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा नजदीक की चॉल पर गिर जाने से तीन लोग घायल हो गये। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार देर शाम को हुई। निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा पास के एक घर पर गिर गया, जिसमें एक महिला अनीता सिंह (28), एक शिशु कियांश पटवाल (नौ) और एक बालक मनप्रीत सिंह (पांच) घायल हो गये।

प्रख्यात गायक रमन बरुआ का नहीं लगा सुराग

गुवाहाटी। असम पुलिस ने सोमवार से लापता प्रख्यात गायक, संगीतकार और निर्देशक रमन बरुआ की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुवाहाटी के लतासिल इलाके में रहने वाले 84 वर्षीय बरुआ सोमवार सुबह मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन जब देर शाम तक नहीं लौटे तो उनके परिवार के सदस्यों ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक वह मंदिर के नजदीक स्थित गुवाहाटी उच्च न्यायालय की नई इमारत के पास सुबह करीब सवा 10 बजे आखिरी बार देखे गए थे।

नीट-यूजी : आईआईटी के विशेषज्ञों ने कहा- केवल एक उत्तर ही सही था

भौतिकी के प्रश्न को लेकर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को भौतिकी के इस विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

सुनवाई शुरू होने पर सीजेआई ने रिपोर्ट में लिखी बातों का हवाला दिया और कहा हमें आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट मिली है। आईआईटी निदेशक रंगन बनर्जी ने भौतिकी विभाग की एक समिति गठित की और वे बताते हैं कि तीन विशेषज्ञों की एक टीम ने प्रश्न की जांच की। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प सही जवाब है। सीजेआई ने कहा कि चौथा विकल्प, जो कहता है कि 'पहला कथन सही है, लेकिन

दूसरा कथन गलत है, सही जवाब है। पीठ ने कहा समिति ने साफ तौर पर कहा है कि केवल एक सही विकल्प था, जो कि चौथा विकल्प है। इसलिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपनी उत्तर पुस्तिका में सही थी, जिसमें चौथे विकल्प को सही बताया गया था। अभी इस मामले की सुनवाई जारी है। केंद्र और एनटीए की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दलीलें पेश कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को इस आधार पर दोबारा कराने का अनुरोध करने संबंधी याचिका भी शामिल है कि इसका प्रश्न पत्र लीक किया गया तथा परीक्षा के आयोजन में अन्य अनियमितताएं भी थीं। सोमवार को पीठ को दिन भर चली बहस के दौरान भौतिकी के एक प्रश्न को लेकर असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ा। ऐसी दलील दी गई कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिसने दो सही उत्तर में से एक विशेष उत्तर दिया था, उसे चार अंक दिए गए। कुछ वकीलों ने यह भी कहा कि अभ्यर्थियों के तीन समूह थे, और एक समूह को सही उत्तर के लिए माइनस पांच अंक मिले, दूसरे समूह को दूसरे सही उत्तर के लिए चार अंक मिले, और तीसरे समूह में वे लोग शामिल थे, जिन्होंने या तो जवाब पता न होने या नेगेटिव अंक मिलने के डर से इसे छोड़ दिया था। पीठ को बताया गया कि इसका सफल अभ्यर्थियों की योग्यता सूची पर काफी असर पड़ेगा। इस दलील के बाद कोर्ट ने आईआईटी के निदेशक से तीन विषय विशेषज्ञों की समिति गठित करने को कहा था।

प्रश्न पर मांगी गई थी प्रतिक्रिया

इस विवादित प्रश्न पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर और आईआईटी, मद्रास के पूर्व छात्र नवीन गौड़ से प्रतिक्रिया मांगी थी। प्रश्न में लिखा है नीचे दो कथन दिए गए हैं। कथन 1 : परमाणु विद्युत रूप से न्यूट्रल होते हैं, क्योंकि उनमें समान संख्या में धनात्मक और ऋणात्मक आवेश होते हैं। कथन 2 : प्रत्येक तत्व के परमाणु स्थिर होते हैं और अपने विशिष्ट स्पेक्ट्रम का उत्सर्जन करते हैं। उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें

- (1) कथन 1 गलत है, लेकिन कथन 2 सही है।
- (2) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
- (3) कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत हैं।
- (4) कथन 1 सही है, लेकिन कथन 2 गलत है।

दयाल सिंह कॉलेज में पढ़ाने वाले प्रोफेसर गौड़ ने कहा कि विकल्प चार ही एकमात्र सही उत्तर है। पांच मई को 23.33 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) दी थी। इन शहरों में 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। देशभर के सरकारी और निजी मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है।

आईएएस की पत्नी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखा मैं निर्दोष

अहमदाबाद। गुजरात के आईएएस अधिकारी रंजीत कुमार जे. की अलग रह रही पत्नी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में उन्होंने दक्षिणी राज्य में उनके खिलाफ दर्ज दो मामलों में खुद को निर्दोष बताया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूर्या (45) की 21 जुलाई को गांधीनगर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। एक दिन पहले उन्होंने अपने पति के सरकारी आवास के पास एक उद्यान में जहर खा लिया था। कुमार 2005 बैच के आईएएस अधिकारी है। कुमार वर्तमान में गुजरात विद्युत नियामक आयोग (जीईआरसी) के सचिव के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि आठ महीने पहले पति को छोड़कर गईं सूर्या शनिवार को जब वापस लौटीं तो वह घर पर नहीं थे।

अस्पताल में भर्ती की आड़ में विलासिता की अनुमति नहीं दे सकते

मुंबई, एजेंसी

● मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में 80 वर्षीय व्यवसायी याचिका खारिज की

मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार 80 वर्षीय व्यवसायी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की आड़ में किसी आरोपी को विलासिता की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीएमएलए अदालत ने सोमवार को एसोसिएट हाई प्रेशर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष मनोहरलाल अगीचा की अस्पताल में रहने की अवधि बढ़ाने की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

आरोपी व्यवसायी को ईडी ने नवंबर 2023 में एक बैंक से 149.89 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के आदेश के अनुसार, न्यायिक हिरासत में रहते हुए अगीचा को मार्च 2024 में 15 दिनों के इलाज के लिए बांद्रा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब से, आदेश को कई बार बढ़ाया गया और वह लगातार अस्पताल में भर्ती रहे।

हाल में, अगीचा ने आगे के इलाज के लिए अस्पताल में अपने रहने की अवधि को कुछ और महीनों के लिए बढ़ाने की याचिका दायर की। हालांकि, विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश ए.सी. डागा ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया और आर्थर रोड जेल अधिकारियों को आरोपी को मध्य मुंबई की जेल में वापस ले जाने का निर्देश दिया।

मालेगांव विस्फोट : निर्णायक चरण में सुनवाई

● एनआईए अदालत 24 जुलाई से सुनेगी अंतिम दलील

मुंबई। मालेगांव में बम विस्फोट के करीब 16 साल बाद इस मामले की सुनवाई निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामलों की विशेष अदालत अंतिम दलीलों की सुनवाई बुधवार से करेगी।

वर्ष 2008 में हुए इस बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज इस मामले के सात आरोपियों में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर शामिल हैं। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने उनमें से एक समीर कुलकर्णी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अदालत ने मंगलवार को बचाव पक्ष के अंतिम गवाह के परीक्षण के साथ साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग पूरी कर ली। न्यायाधीश ए के लाहोटी अब फैसला सुनाने से पहले अभियोजन और बचाव पक्ष की आखिरी बार दलील सुनेंगे।

दुष्कर्म पीड़िता की प्रसव के दौरान मौत, मामला दर्ज

ठाणे, एजेंसी। यहां के वाशी पुलिस थाने में 18 वर्षीय लड़की की प्रसव के दौरान मौत के बाद दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चूंकि कथित अपराध दिघी में हुआ था इसलिए इस संबंध में शून्य प्राथमिकी दर्ज कर उसे रायगढ़ जिले के दिघी पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रीवर्धन निवासी आरोपी हेमंत और पीड़िता की मुलाकात पिछले साल कंप्यूटर की कक्षा के दौरान हुई थी जिसके बाद दोनों दोस्त बन गए। लड़की के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उसने कथित तौर पर दो मौकों पर उसके साथ दुष्कर्म किया जिसके बाद लड़की गर्भवती हो गई।

मुस्लिमों के बिना अमरनाथ यात्रा संभव नहीं : उमर

श्रीनगर, एजेंसी

● कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नाम लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का किया स्वागत

नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक लगाने का मंगलवार को स्वागत किया और कहा कि मुस्लिमों के सहयोग के बिना अमरनाथ यात्रा तक संभव नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने संबंधी आदेश देना नहीं चाहिए था। वार्षिक अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्राओं का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि ये मुसलमानों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। अमरनाथ यात्री मुसलमानों के कंधों पर यात्रा करते हैं। जो लोग माता वैष्णो देवी यात्रियों को घोड़ों या पिट्ठुओं पर ले जाते हैं, वे किस धर्म से ताल्लुक रखते हैं? उन्हें (भाजपा को) वहां धर्म नहीं दिखता। आरएसएस के कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के केंद्र के फैसले के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि अगर उन्हें ऐसा करना है तो सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में शिरकत से भी प्रतिबंध को हटाया जाना चाहिए(



भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को गोवा तट के पास एमवी मार्सक फ्रैंकफर्ट पर अग्निशमन अभियान चलाया। ● एजेंसी

राष्ट्रगान गाने को मजबूर किए गए युवक की मौत की जांच सीबीआई को

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में पुलिस कर्मियों द्वारा फैजान को चार अन्य मुस्लिम पुरुषों के साथ कथित तौर पर राष्ट्रगान और वंदे मातरम गाने के लिए मजबूर करते हुए एवं पीटते हुए देखा जा सकता है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने फैजान की मां द्वारा (एसआईटी से जांच कराने के लिए दायर याचिका पर कहा मैं याचिका को स्वीकार कर रहा हूं। मैं मामले को सीबीआई को स्थानांतरित कर रहा हूं। किस्मतुन ने 2020 में दाखिल याचिका में आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके बेटे के साथ मारपीट की और उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा एवं उसे अति आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित किया। इसकी वजह से रिहाई के बाद उसी साल 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति वाली याचिका पर रोक

मुंबई, एजेंसी

● शीना बोरा हत्याकांड में की आरोपी हैं इंद्राणी मुखर्जी, यूरोप जाने की मांगी थी अनुमति

बंबई उच्च न्यायालय ने शीना बोरा हत्याकांड में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को यूरोप की यात्रा पर जाने की अनुमति देने वाले विशेष अदालत के आदेश पर मंगलवार को अंतरिम रोक लगा दी। इंद्राणी मुखर्जी पर 2012 में अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या का आरोप है और वह फिलहाल जमानत पर है। न्यायमूर्ति एसवी कोतवाल की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर न्यायमूर्ति एस सी चांडक की नियमित पीठ के समक्ष 29 जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति चांडक मंगलवार को उपलब्ध नहीं थे। सीबीआई ने न्यायमूर्ति कोतवाल की वैकल्पिक पीठ के समक्ष याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा कि बेहतर होगा कि याचिका पर नियमित पीठ सुनवाई करे। उन्होंने कहा कि तब तक विशेष अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई जाती है। इंद्राणी के वकील रंजीत सांगले ने बताया कि वह वैसे भी यात्रा नहीं कर सकती, क्योंकि उसके पास पासपोर्ट नहीं है। सीबीआई कोर्ट ने 19 जुलाई को इंद्राणी को अगले तीन महीनों के दौरान बीच-बीच में दस दिनों के लिए यूरोप (स्पेन और ब्रिटेन) की यात्रा करने की अनुमति दी थी।

देश छोड़ने की इजाजत देना उचित नहीं : श्रीराम

जांच एजेंसी के वकील श्रीराम शिरसाट ने मंगलवार को अदालत को बताया कि इंद्राणी हत्या के एक मामले में मुख्य आरोपी है, जिसकी सुनवाई अभी जारी है। उन्होंने दलील दी कि इस समय आरोपी को देश छोड़ने की इजाजत देना उचित नहीं होगा। विशेष अदालत ने अनुमति देते हुए इंद्राणी पर कुछ शर्तें भी लगाई थीं। अदालत ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान उन्हें कम से कम एक बार भारतीय दूतावास या उसके संबद्ध राजनयिक मिशन के कार्यालय में उपस्थित होना होगा और उपस्थिति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

आठ हजार रुपये की रिश्वत के आरोप में अधिकारी गिरफ्तार

पालघर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पालघर जिले के विक्रमगढ़ में आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी सहायक अभियंता (श्रेणी-2) संदीप जवाहर विक्रमगढ़ में तैनात है। पालघर एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने पिता के नाम पर दो बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था। स्थानीय लाइनमैन ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और स्वीकृति के लिए अपनी रिपोर्ट अनुभाग कार्यालय को भेज दी। लेकिन दो मीटर लगाने की स्वीकृति देने के लिए आरोपी इंजीनियर ने शिकायतकर्ता से आठ हजार रुपये की मांग की। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सुनवाई | आपत्तिजनक पोस्ट पर एक्स, गूगल व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नोटिस जारी

लोस अध्यक्ष की बेटी के खिलाफ पोस्ट हटाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

● आईआरपीएस अधिकारी की बेटी की तस्वीर हटाने के आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक्स कॉर्प और गूगल इंक को भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) अधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नवीन चावला ने अंतरिम आदेश में अज्ञात पक्षों को अंजलि बिरला द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में उल्लिखित कथित मानहानिकारक सामग्री को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पोस्ट करने, प्रसारित करने, संचारित करने, ट्वीट करने या रीट्वीट करने से भी रोक दिया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट को मध्यस्थों द्वारा 24 घंटे के भीतर हटाया जाएगा, और यदि वादी को समान तरह की किसी

अन्य पोस्ट के बारे में पता चलता है, तो वह इसके बारे में एक्स और गूगल को सूचित करेंगी। उच्च न्यायालय ने इस मामले में एक्स, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा अज्ञात पक्षों को भी नोटिस जारी किया तथा चार सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा। अधिकारी ने सोशल मीडिया पर उन पोस्ट को हटाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने पिता के प्रभाव के कारण पहले ही प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास कर ली और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी बन गईं।

अंजलि के वकील ने बताया कि वह यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) में शामिल हुई थीं और उनका चयन 2019 की समेकित आरक्षित सूची में हुआ था। वह आईआरपीएस अधिकारी के रूप में भारतीय रेलवे में शामिल हुईं। सुनवाई के दौरान अंजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने कहा तीन साल बाद, यह सोशल मीडिया अभियान फिर से शुरू हो गया है जो न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार को भी बदनाम करता है, जिसमें उनके पिता भी शामिल हैं जो एक राजनीतिक व्यक्ति होने के साथ संवैधानिक पद पर आसीन हैं।

मॉडल का हवाला दे पोस्ट की जा रहीं थी निजी तस्वीरें

अधिवक्ता ने कहा कि उनकी मुवक्किल 2021 में एक अधिकारी बनी, लेकिन अब नीट और यूपीएससी परीक्षा विवाद के कारण अचानक ये चीजें फिर से सामने आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से ऐसा महसूस होता है जैसे हम सब इसका हिस्सा हैं। अधिवक्ता ने कहा कि अंजलि (वादी) की निजी तस्वीरें यह कहते हुए ऑनलाइन पोस्ट की जा रही हैं कि वह एक मॉडल हैं। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि साइबर अपराध विभाग में भी इसकी शिकायत की गई है। अंजलि ने एक्स कॉर्प, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और अज्ञात व्यक्तियों को मुकदमे में पक्षकार बनाया है।

केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ आवंटित

नई दिल्ली, एजेंसी

जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपये में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपये के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपये अधिक है।

इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि की गई है। खेल मंत्रालय के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के लिए पिछले चक्र का बजट 3,396.96 करोड़ रुपये था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खेलो इंडिया में भारी निवेश किया है क्योंकि यह कार्यक्रम देश के सभी हिस्सों से प्रतिभाओं को सामने लाने का काम करता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपये था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इसे

596.39

करोड़ रुपये खेलो इंडिया के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में हुआ था आवंटित

हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपये किया गया था।

खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरुआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है। मंत्रालय ने उसी वर्ष खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और 2023 में खेलो इंडिया पैरा खेलों शुरू करने के साथ 2020 में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की शुरुआत की। देश भर में सैकड़ों खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभाशाली उदीयमान खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। खेलो इंडिया के कई एथलीट वर्तमान में भारतीय ओलंपिक दल में शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को सरकार की सहायता में भी 15 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। यह 2023-24 में 325 करोड़ रुपये से बढ़कर नवीनतम बजट में 340 करोड़ रुपये हो गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) का बजट भी 795.77 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 822.60 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसमें 26.83 करोड़ रुपये का उछाल है। साइ देश भर में अपने स्टेडियमों के रख रखाव अलावा वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का प्रबंधन भी करता है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को बजट में मामूली वृद्धि मिली है। नाडा और एनडीटीएल का काम खिलाड़ियों की डोपिंग जांच करना है। नाडा के बजट को 21.73 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22.30 करोड़ रुपये कर दिया गया है जबकि एनडीटीएल के बजट को 19.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है।

पाकिस्तान ने यूएई को हराकर किया सेमीफाइनल का दावा मजबूत

महिला एशिया कप

दाम्बुला, एजेंसी

बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के नाबाद अर्धशतक से पाकिस्तान ने महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में यूएई को 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। यूएई के 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुल की 55 गेंद में आठ चौकों से नाबाद 62 रन की पारी और मुनीबा अली (नाबाद 37) के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने 14.1 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की।

यूएई की टीम इससे पहले सादिया (11 रन पर दो विकेट), तुबा हसन (17 रन पर दो विकेट) और नासरा संधू (22 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश ने 36 गेंद में पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशा ओझा (16) और खुशी शर्मा (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। इस जीत से पाकिस्तान के तीन मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम का सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत हो गया है। यूएई की टीम तीनों मैच हारकर बाहर हो चुकी है।

भारत ने नेपाल को दिया 179 रन का लक्ष्य

दाम्बुला। भारत ने महिला एशिया कप टी-20 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में मंगलवार को यहां नेपाल के खिलाफ तीन विकेट पर 178 रन बनाये। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 81 जबकि दयालन हेमलता ने 47 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। नेपाल के लिए सीता राणा मागर ने दो विकेट चटकाए।

खेल डायरी

हरमनप्रीत, शेफाली 11वें स्थान पर, मंधाना पांचवें पर

दुबई। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट रैंकिंग में पांचवां स्थान बनाए रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। हरमनप्रीत को एक पायदान का फायदा मिला जबकि शेफाली बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर आ गई। शीर्ष 20 में भारत के चार खिलाड़ी हैं। जेमिमा रौड्रिग्स 19वें स्थान पर हैं। रिचा घोष 24वें स्थान पर है। बेथ मूनी 769 अंक लेकर शीर्ष पर है। गेंदबाजों की सूची में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह नौवे स्थान पर हैं। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव 20वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं।

विश्व जूनियर टीम स्क्वाश में भारत के सामने इंग्लैंड

ह्यूस्टन। भारतीय लड़कों ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया जबकि लड़कियों की टीम इंग्लैंड से इसी अंतर से हार गई। लड़कों की टीम का सामना पांचवें स्थान के लिए इंग्लैंड से होगा जबकि लड़कियों की टीम सातवें स्थान के लिये हांगकांग से खेलेगी। लड़कों की टीम में शौर्य बावा ने कोनोर एर्ल को 12-10, 7-11, 11-6, 11-7 से हराया जबकि अयान वाजिराली ने जुडा फिलिप्स को 11-4, 11-4, 11-8 से हराया। लड़कियों की टीम में शमीना रियाज इंग्लैंड की एमेली हावर्थ से 8-11, 4-11, 10-12 से हार गई जबकि उन्नति त्रिपाठी को एमिली कूचेर पोर्टर ने 11-8, 14-12, 11-4 से हराया।

वोंड्रोसोवा और हुरकाज ने वापस लिया नाम

पेरिस। तोक्यो ओलंपिक टेनिस रजत पदक विजेता मरकेटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने भी घुटने की चोट से कारण नाम वापिस लेने का फैसला किया है। पिछले साल विंबलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विम्बलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले अमेरिकी ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ बृहस्पतिवार को निकाले जायेंगे जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।

पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगे एंडी मर्रे

पेरिस। दो बार ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मर्रे ने पुष्टि की कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह खेल से संन्यास लेंगे। 37 वर्ष के मर्रे ने एक्स पर पोस्ट किया अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मर्रे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर जीता था जिसमें उन्होंने रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद 2016 में रियो दि जिनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन देल पोत्रो को हराकर खिताब जीता था। मर्रे ने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।

गंभीर के साथ श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम

तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टी-20 मुकाबला 27 को होगा, वनडे श्रृंखला के लिए बाद में पहुंचेगे दिग्गज खिलाड़ी

पाल्लेकल, एजेंसी

नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम कोलंबो के रास्ते यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया। पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई।

इससे पहले गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने मीडिया को संबोधित किया था। कोलंबो में कुछ देर रूकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकल पहुंच गई। भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 और वनडे श्रृंखला खेलनी है। पहला टी-20 मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा जबकि बाकी दो 28 और 30 जुलाई को होंगे। भारतीय टीम दो, चार और सात अगस्त को तीन वनडे खेलेगी। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा मुंबई से कोलंबो के रास्ते पाल्लेकल। टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची।

टी-20 विश्वकप जश्न पर द्रविड़ चीख और रो रहे थे : अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद विराट कोहली का पूर्व कोच द्रविड़ को टी-20 विश्व कप ट्रॉफी सौंपना और कोच का खुशी में चीखना और रोना कुछ ऐसा था जो हमेशा उनकी यादों में रहेगा।

पिछले महीने भारत ने दक्षिण अफ्रीका को करीबी फाइनल में हराकर अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता था जिसके बाद पूर्व कोच द्रविड़ ट्रॉफी को हाथ में उठाकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते नजर आए थे। अश्विन ने स्वीकार किया कि यह 51 साल के द्रविड़ के लिए विशेष लम्हा था जो खिलाड़ी के रूप में आईसीसी का खिताब नहीं जीत पाए लेकिन अंततः कोच के रूप में ऐसा करने में सफल रहे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल कहा मेरे लिए सबसे शानदार लम्हा वह है जब विराट कोहली राहुल द्रविड़ को बुलाते हैं और उन्हें कप देते हैं। मैंने उन्हें कप को गले लगाते हुए और रोते हुए देखा।

भारत के खिलाफ टी-20 में असलंका संभालेंगे श्रीलंका की कमान, 16 सदस्यीय टीम घोषित

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने 27 जुलाई से भारत के साथ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए चरिथ असलंका को टीम का नया कप्तान बनाया है। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के साथ होने वाली तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। वह हाल ही में कप्तानी से इस्तीफा देने वाले वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे। असलंका ने इस वर्ष की शुरुआत में बंगलादेश दौरे पर दो टी-20 मैचों में श्रीलंका टीम की कप्तानी की थी। उन्होंने श्रीलंका अंडर-19 की भी कप्तानी की है। 34 वर्षीय दिनेश चांदीमल की श्रीलंका की टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2022 की शुरुआत में टी-20 मैच खेला था। इस साल एलपीएल में 168.82 के स्ट्राइक रेट से आठ मैचों में 287 रन बनाए। जो कि उनके करियर के 123.03 के स्ट्राइक रेट से कहीं अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में वानिंदु हसरंगा के छह महीने के कार्यकाल के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल जेनिथ परेरा (विकेटकीपर), अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, चामिंडु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंथा चमीरा और बिनुरा फर्नांडो को शामिल किया गया है।

यातायात महंगा, सीन की सुरक्षा पर सवाल

पेरिस, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिये यहां पहुंचे करीब 45,000 वालिंटियर का यहां आना सार्थक हो गया जब उन्हें हवाई अड्डे पर टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से मिलने का मौका मिला। पेरिस में 100 साल बाद ओलंपिक हो रहे हैं और वालिंटियर्स के लिए यह जिंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव है। पेरिस हवाई अड्डे पर एक उत्साही वालिंटियर ने कहा मैं 60 साल का हो चुका हूं और मेरे जीवन में तो पेरिस में फिर ओलंपिक नहीं होने वाला। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए जीवन भर नहीं भूलने वाला अनुभव है। बीस मिनट पहले अल्काराज यहां पहुंचे और मैंने उन्हें एक्रिडिटेशन (पहचान पत्र) दिलाने में मदद की। यह अनुभव यादगार हो गया है।

ओलंपिक 2 दिन शेष

- **100 साल बाद पेरिस में ओलंपिक, गर्व पर दर्द का भी बना है सबब**

स्थानीय यातायात महंगा

पेरिस में रहने वाले सभी लोग ओलंपिक के आयोजन से खुश नहीं है क्योंकि इसका उनके दैनंदिनी जीवन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय यातायात 2.15 यूरो से बढ़कर 4 यूरो तक पहुंच गया है और आठ सितंबर को पैरालंपिक के खत्म होने तक यही किराया रहेगा। ओलंपिक आयोजन स्थलों के आसपास आवागमन पर भी पाबंदियां हैं। शहर के सबसे व्यस्त ट्रेन स्टेशन पर खड़ी विक्टोरी डेलारू ने कहा पेरिसवासियों के लिए ओलंपिक की मेजबानी गर्व का विषय है लेकिन इससे लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

आधे होटल हैं खाली

ओलंपिक के दौरान होटलों की भारी मांग दिखाई गई जिससे पेरिस के कई लोगों ने कमाई के लिए अपने घरों को किराये पर लगा दिया लेकिन होटलों की उतनी मांग है नहीं। पेरिस में यह पर्यटन का मौसम है लेकिन मांग फिर भी कम है। एक होटल के मैनेजर समीर ने कहा इस समय हमारे होटल में एक रात का किराया 120 यूरो रहता है लेकिन हम आधे दाम पर लगा रहे हैं। ओलंपिक की मेजबानी हमारे लिए अच्छी नहीं रही। काफी पाबंदियां हैं और कई जगहों पर जाने के लिए क्यूआर कोड चाहिए।

क्या वाकई साफ है सीन नदी

ओलंपिक के लिए स्थानीय प्रशासन का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट सीन नदी की सफाई था जहां उद्घाटन समारोह, ट्रायथलन और मैराथन तैराकी होनी है। इतिहास में पहली बार पानी पर उद्घाटन समारोह हो रहा है जिसमें सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सीन नदी में तैराकी पर 100 साल पहले प्रतिबंध लग गया था लेकिन इसकी सफाई पर डेढ़ अरब यूरो खर्च किए गए। पिछले सप्ताह बारंबार देरी के बाद आखिरकार डुबकी लगाकर इसे तैराकी के लिये सुरक्षित करार दिया।

असम के मुख्यमंत्री ने अभिनव को ओलंपिक आर्डर मिलने पर दी बधाई

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक मूवमेंट में उनके असाधारण योगदान के लिये ओलंपिक आर्डर मिलने पर बधाई दी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा उम्मीद है कि वह आने वाली पीढियों को खेलों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने बिंद्रा को बताया कि उन्हें ओलंपिक आर्डर दिया गया है और पुरस्कार समारोह 10 अगस्त को पेरिस में आईओसी के 142वें सत्र के दौरान होगा। असम सरकार ने गुवाहाटी और जोरहट में दो हाई परफार्मेंस खेल ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने के लिए असम सरकार के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के 250 सरकारी और गुवाहाटी के निजी स्कूलों में ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) लागू करने के लिए भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद बदलती जीवन शैली, एकाग्रता के अभाव और स्कूल से बच्चों का नाम वापिस लेने जैसी समस्याओं से निपटना है।

विश्वास, टीम भावना सफलता की कुंजी : क्रेग

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले साल भारतीय पुरुष हॉकी टीम से जुड़े कोच क्रेग फुल्टोन का लक्ष्य आपसी विश्वास मजबूत करना था और उन्हें यकीन है कि उनके प्रयासों का नतीजा पेरिस ओलंपिक में पदक के बेहतर रंग के रूप में मिलेगा।

14 माह पहले पदभार संभालने वाले फुल्टोन ने कहा मुझे नहीं पता कि तोक्यो ओलंपिक से पहले क्या तैयारियां थी लेकिन 14 महीने पहले मेरे आने के बाद से फोकस खिलाड़ियों में आपसी विश्वास बेहतर करने पर रहा है। उन्होंने बेहतर नतीजों के लिये दक्षिण अफ्रीका के मानसिक अनुकूलन कोच पैडी उपटन की सेवाएं ली जो 2011 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम कर चुके हैं। उपटन टीम के साथ पेरिस में हैं। मानसिक दृढता के लिये उन्होंने इस महीने की शुरूआत में स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिन का शिविर लगाया। फुल्टोन ने कहा मैने अल्पकालिन और दीर्घकालिन रणनीति बनाई और उसके हिसाब से काम किया।

- **भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टोन बोले- आपसी तालमेल को बेहतर करने पर रहा पूरा ध्यान केंद्रित**

उन्होंने कहा हमारी तैयारियां अच्छी रही और स्विट्जरलैंड में तीन दिन का शिविर बहुत अच्छा साबित हुआ। हमने आपसी विश्वास, टीम भावना और एकजुटता बढाने पर काम किया । इसके बाद नीदरलैंड में नौ दिन अभ्यास किया और कुछ अभ्यास मैच भी खेले। तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक विजेता से अपेक्षाओं के बारे में उन्होंने कहा मुझे अपेक्षाओं का पता है और मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। भारत का हॉकी का गौरवमयी इतिहास रहा है और हम उस विरासत को आगे बढाना चाहते हैं। मैं पोडियम पर रहने के बारे में कयास नहीं लगा सकता क्योंकि ओलंपिक में 12 टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। पहले तीन मैच अहम है जिन पर फोकस रहेगा।

ओलंपिक से इतर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सितंबर में चीन में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरू में सीनियर पुरुष टीम के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन खिलाड़ियों को बुलाया है जो पेरिस ओलंपिक की टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसमें विकास ग्रुप और जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक टीम में शामिल खिलाड़ी छोटे ब्रेक के बाद 24 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे जो चार सितंबर तक चलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा सीनियर टीम पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत की तैयारी में जुटी है लेकिन हमारे पास उससे इतर भी खिलाड़ियों का मजबूत पूल है जो भारत के लिये फिर खेलने के मौके के इंतजार में हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक के कुछ सप्ताह बाद ही है लिहाजा इसके लिये बेंगलुरू के साइ केंद्र में शिविर लगाया जा रहा है । ये खिलाड़ी उसके लिये तैयारी करेंगे और ओलंपिक टीम 24 अगस्त को उनसे जुड़ेगी।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है।कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। फिल्म ''खेल खेल में'' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज फिल्म, वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन की फिल्म खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया हैं। यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

जियो सिनेमा पर 9 से स्ट्रीम होगी घुड़चढ़ी

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म ''घुड़चढ़ी'' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 9 अगस्त से स्ट्रीम होगी। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित ''घुड़चढ़ी'' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। ''घुड़चढ़ी'' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त, रवीना टंडन, पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है। ''घुड़चढ़ी'' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी। संजय दत्त ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म घुड़चढ़ी का पोस्टर शेयर किया है।पोस्टर में रवीना-संजय और पार्थ-खुशाली रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है, प्यार डबल और कन्फ्यूजन डबल।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

नेपाल में भारतीयों को टक्कर मारकर घायल वाला चालक गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में एक कार चालक को नशे में वाहन चलाने और उससे (कार से) टक्कर मारकर तीन भारतीय राहगीरों को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात कालीमाटी-कुलेश्वर सड़क खंड पर हुई। उन्होंने बताया कि गलत लेन से आ रही कार ने फुटपाथ पर चल रहे तीन भारतीयों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मेडिकल जांच में पता चला कि कार चालक भूपेंद्र श्रेष्ठ (40) ने मादक पदार्थ का सेवन कर रखा था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों की पहचान प्रियांशु कुमार (18), भोला कुमार (25) और श्याम बाबू ठाकुर (18) के रूप में हुई है।

अमेरिका में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत में सोमवार को एक एयर शो स्थल के पास खेत में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। विन्नेबागो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि कल दोपहर पूर्वी विस्कॉन्सिन शहर नेकिमी में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मृतकों के रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई है। मृतकों के नाम का अभी खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमान दुर्घटना की जांच में जुट गया है।

म्यांमार के प्रधानमंत्री बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

नाएप्यीडॉ। म्यांमार के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय प्रशासन परिषद के अध्यक्ष मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद की गतिविधियों से संबंधित मामलों को हल करने के लिए अस्थायी रूप से कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियां दी गई हैं। एमडब्ल्यूडी न्यूज ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। सैन्य सरकार ने कहा, "कार्यवाहक राष्ट्रपति के कर्तव्य राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं।" रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति माइंट स्वे बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है।

अमेरिका की अधीनस्थ अदालत पर साइबर हमला

लॉस एंजिलिस। अमेरिका की सबसे बड़ी अधीनस्थ अदालत 'सुपीरियर कोर्ट ऑफ लॉस एंजिलिस काउंटी' पिछले सप्ताह रैनसमवेयर हमले के कारण कम्प्यूटर प्रणाली में खराबी आ जाने के कारण सोमवार को बंद रही। शुक्रवार की सुबह साइबर हमले का पता चलने पर अदालत की कंप्यूटर प्रणाली को बंद कर दिया गया था, जो सप्ताहांत तक बंद रही। अदालतें शुक्रवार को काम-काज के लिए खुली रहीं, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि काउंटी की सभी 36 अदालतें सोमवार को बंद रहेंगी।

मशहूर कन्नड़ निर्देशक ने धोंडले ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। जाने-माने कन्नड़ टीवी सीरीज निर्देशक विनोद वी धोंडले ने अपनी पहली फिल्म के बढ़ते बजट और फिल्म के वास्ते लिए गए तीन करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण से कथित रूप से परेशान होकर 20 जुलाई को आत्महत्या कर ली। उनके साझेदार और फिल्म के निर्माता 'वृद्धि क्रिएशन' के वर्धन हरि ने कहा कि उन्हें वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि फिल्म की शूटिंग की अवधि निर्धारित दिनों से लगभग दोगुनी हो गई। हरि ने कहा, "हमारा मूल बजट करीब 1.5 करोड़ रुपये था, लेकिन हम कई गुना ज्यादा खर्च कर बैठे। अब हमें कुछ दृश्यों के साथ-साथ एक गाना और एक लड़ाई का दृश्य भी दोबारा शूट करना था। इन सबके लिए और अधिक पैसे की जरूरत थी।"

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की मुखिया चीटल का इस्तीफा

वाशिंगटन, एजेंसी

- डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को बताया था सबसे गंभीर चूक

अमेरिकी खुफिया सेवा की निदेशक किंबरले चीटल ने एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की घटना को लेकर मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। चीटल ने विभाग के सहयोगियों को किए गए ई-मेल में यह जानकारी दी। चीटल ने अपने ई-मेल में कहा, 'मैं सुरक्षा चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। हाल की घटनाओं के मद्देनजर, भारी मन से मैंने निदेशक पद से इस्तीफा देने का कठिन निर्णय लिया है।'

ट्रंप पर हमले की घटना के बाद से ही खुफिया सेवा पर गंभीर चूक करने के आरोप लग रहे थे। इसे लेकर अगस्त, 2022 से ही निदेशक पद संभाल रहीं चीटल पर इस्तीफा देने का चौतरफा दबाव था। एक दिन पहले ही चीटल ने सांसदों के समक्ष स्वीकार किया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या का प्रयास, 1981 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारे जाने की घटना के बाद से 'सबसे गंभीर' सुरक्षा चूक है। चीटल ने ट्रंप की हत्या के प्रयास को लेकर सदन की निगरानी व जवाबदेही समिति के समक्ष अपनी पेशी के दौरान यह बात स्वीकार की।

भारत ने बजट में पड़ोसियों का भी रखा ख्याल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालदीव को मदद बरकरार, भूटान के लिए सबसे ज्यादा आवंटन

भारत ने 'पड़ोसी पहले की नीति' के तहत बजट 2024-25 में भूटान को मदद का सबसे बड़ा हिस्सा दिया है। इस वित्तीय वर्ष में उसे 2,068 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भूटान में विभिन्न योजनाओं के लिए 2400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। वहीं, बांग्लादेश को मौजूदा आम बजट में 120 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपये था।

वहीं, मॉरीशस के लिए मदद भी 2024-25 के केंद्रीय बजट में वित्तीय मदद कम की गई है। उसके लिए 370 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 400 करोड़ रुपये थी। म्यांमार के लिए भी इस साल का बजट 400 करोड़ रुपये से घटकर 250 करोड़ रुपये हो गया।

इस बीच, मालदीव के लिए आवंटन में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस साल भारत सरकार ने केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए मालदीव को 400 करोड़ रुपये आवंटित किए।

मालदीव और भारत के बीच राजनयिक संबंध इस साल जनवरी की शुरुआत में तनावपूर्ण हो गए थे। दोनों देशों के बीच विवाद उस समय पैदा हुआ, जब मालदीव के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, बाद में इन सांसदों को निलंबित भी किया गया। मोहम्मद मुइज्जी के मालदीव के राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद विवाद शुरू हुआ। चीन के समर्थन माने जाने वाले मुइज्जी ने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध किया था। इस कदम ने भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों को और प्रभावित किया था। इसके अलावा, ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए भी 100 करोड़ रुपये का आवंटन बरकरार रखा गया है।

नेपाल-श्रीलंका के लिए भी बजट आवंटन में वृद्धि

नेपाल और श्रीलंका के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेपाल को सहायता के रूप में 700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो कि पिछले साल 550 करोड़ रुपये था। श्रीलंका के लिए इस साल 245 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि पिछले साल यह राशि 150 करोड़ रुपये थी।

इथियोपिया: भूस्खलन में बच्चों समेत 157 लोगों की मौत

अदीस अबाबा। इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गोफा जोन के संचार कार्यालय के प्रमुख कासाहुन अबेयनेह ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 157 हो गई। सोमवार रात तक 55 लोगों की मौत की सूचना थी। गोफा जोन वह प्रशासनिक इलाका है, जहां भूस्खलन हुआ है।

कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़

खालिस्तान समर्थकों ने स्वामीनारायण मंदिर की दीवार पर लिखे आपत्तिजनक नारे

ओटावा, एजेंसी

एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर पर हमले में खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। अलबर्टा प्रांत की राजधानी एडमॉन्टन में एक हिंदू मंदिर में मंगलवार को तोड़फोड़ की गई और उन पर घृणित भित्तिचित्र बनाए गए। इसके पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को विरूपित किए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, "पिछले कुछ वर्षों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को घृणित भित्तिचित्रों के साथ नष्ट किया जा रहा है।"

ऐसी घटनाओं को भड़काने वाले चरमपंथी तत्वों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बहुसांस्कृतिक मुद्दों पर अपनी वकालत के लिए जाने जाने वाले लिबरल सांसद का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नून ने पिछले साल सार्वजनिक रूप से हिंदुओं को भारत वापस जाने के लिए कहा था। खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन और वैंकूवर में घातक हथियारों की तस्वीरें लहरा कर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का सार्वजनिक रूप से जश्न मनाया था।

आर्य ने जोर देकर कहा, "जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच जाते हैं।" उन्होंने मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवार की एक तस्वीर के साथ आग्रह करते हुए अपनी पोस्ट समाप्त की, "एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह मैं फिर से कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं, इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू-कनाडाई लोगों के खिलाफ भौतिक कार्रवाई में तब्दील हो जाए।"

तोड़ी गई मंदिर की दीवार पर लिखा है, "प्रधानमंत्री मोदी सांसद आर्य हिंदू आतंकवादी कनाडा विरोधी हैं।" पिछले साल नवंबर में एक वकालत संस्था 'कनाडा-इंडिया फाउंडेशन' ने देश के राजनेताओं से अपनी चुप्पी तोड़ने और बहुत देर होने से पहले कट्टरपंथियों पर लगाम लगाने के लिए कहा था।

कनाडाई राजनेताओं और मीडिया ने हालांकि इस खतरे को नजरअंदाज कर दिया। स्थिति के जवाब में उन्होंने एक खुले पत्र में कहा था, "हमें इस बात से और भी निराशा हुई है कि हमारे नेताओं ने इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। आतंकवाद और खतरों से निपटने के लिए यह चयनात्मक दृष्टिकोण इस दुनिया को सुरक्षित जगह नहीं बनाएगा।"

हाल के दिनों में तोड़े गए हिंदू मंदिरों में मिसिसॉगा में राम मंदिर, रिचमंड हिल में विष्णु मंदिर, टोरंटो में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर शामिल हैं। इन हमलों को धर्म की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखा जाता है और एक खतरनाक प्रवृत्ति माना जाता है। वकालत संस्था ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि चरमपंथियों ने आम हिंदुओं को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है और उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है।

हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं: सांसद आर्य

सांसद चंद्र आर्य ने अपनी पोस्ट में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ हमलों में तब्दील हो जाए।'

जेल में अच्छी सुविधाओं के लिए कोर्ट पहुंचे इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में अंतर्राष्ट्रीय मानक की सुविधाएं दिए जाने का अनुरोध करते हुए इस्लामाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद इमरान और बुशरा ने वहां उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के अनुरोध को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर की। इमरान को वर्ष 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किया गया था।

ऋषि सुनक 2 नवंबर तक नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे

लंदन, एजेंसी

- नवंबर तक सुनक के उत्तराधिकारी का किया जाएगा चुनाव

ब्रिटेन की संसद में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 2 नवंबर तक अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी की समय सारिणी के अनुसार नवंबर तक उनके उत्तराधिकारी का चुनाव किया जाएगा और इसके लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। टोरी (कंजर्वेटिव पार्टी) का नेतृत्व कौन करेगा, यह तय करने के लिए संसद के बैकबेंच सदस्यों की 1922 समिति ने सोमवार शाम को दो चरण की चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसके तहत दो नवंबर को नए नेता की नियुक्ति की जाएगी।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक (44) ने आम चुनाव में पार्टी की सबसे बुरी हार के बाद 5 जुलाई को अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुना जाता, तब तक वह टोरी के अंतरिम नेता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। सुनक ने कहा, 'पार्टी का नेतृत्व हासिल करने के उम्मीदवारों या इससे जुड़े अभियान के बारे में कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अनुचित होगा।'

अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंची कमला

वाशिंगटन। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने के लिए अपनी डेमोक्रेट पार्टी के 'डेलीगेट' का समर्थन जुटाने के वास्ते मंगलवार को अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंचीं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेताओं के हैरिस के पक्ष में लामबंद होने के बीच वह राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनने के लिए रविवार से शुरू किए गए अपने अभियान के तहत मिलवॉकी से समर्थन जुटाना शुरू करेंगी। बाइडन (81) ने गत रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा कर सबको चौंका दिया था।

फिलिस्तीन के दो विरोधी गुटों हमास और फतह में समझौता

रामल्ला (वेस्ट बैंक), एजेंसी

- वर्षों से जारी मतभेद खत्म करने के लिए बीजिंग में घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच फिलिस्तीन के प्रतिद्वंद्वी समूहों हमास और फतह ने वर्षों से जारी आपसी मतभेदों को खत्म करने के लिए बीजिंग में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच यह घोषणापत्र फलस्तीनी क्षेत्र में मिलकर सरकार बनाने के मकसद से हमास और फतह को एकजुट करने के लिए जारी कई दौर की बातचीत का नतीजा है।

हालांकि दोनों पक्ष आपसी मतभेद दूर करने के लिए पहले भी कई ऐसे घोषणापत्र पर दस्तखत कर चुके हैं, जो विफल रहे हैं। ऐसे में इस बात को लेकर संदेह पैदा हो गया है कि क्या चीन प्रायोजित वार्ता से वास्तव में कोई समाधान निकल सकता है। इस घोषणापत्र पर ऐसे समय में हस्ताक्षर किए गए हैं, जब इजराइल और हमास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघर्ष-विराम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जो गाजा पट्टी में नौ महीने से जारी युद्ध को समाप्त कर सकता है और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की आजादी का रास्ता खोल सकता है। हालांकि, समझौते पर सहमति बनने के बावजूद युद्ध के बाद गाजा पट्टी की स्थिति को लेकर संशय बरकरार रहेगा, क्योंकि इजराइल इस क्षेत्र के शासन में हमास की किसी भी भूमिका के खिलाफ है। उसने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा को फतह-प्रभुत्व वाले फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित करने के अमेरिका के आह्वान को भी खारिज कर दिया है।

माली में हिंसक हमले में 26 ग्रामीणों की मौत

बमाको। बुर्किना फासो की सीमा के समीप माली के मध्य क्षेत्र के एक गांव पर एक सशस्त्र समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। बैंकोस कस्बे के मेयर मौलाये गुइंडो ने बताया कि डेंबो गांव में हमलावरों ने रविवार शाम को ग्रामीणों पर उस समय हमला कर दिया, जब उनमें से अधिकतर लोग अपने खेतों में काम कर रहे थे। देश की सैन्य सरकार उत्तरी क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए संघर्ष कर रही है।

मध्य माली में ऐसे हमले लगातार बढ़ रहे हैं। रविवार के हुए हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन इसके पीछे अल-कायदा से जुड़े चरमपंथी संगठन 'जेएनआईएम' का हाथ माना जा रहा है, जो ग्रामीणों को अक्सर निशाना बनाता है। विद्रोहियों ने जुलाई में भी इसी तरह एक विवाह समारोह पर हमला किया था।

ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' दोषी करार

पाकिस्तान मूल के ब्रिटिश नागरिक अंजम चौधरी को हो सकती है उम्रकैद

लंदन, एजेंसी

- आतंकी संगठन अल-मुहाजिर में कार्यवाहक की भूमिका निभाता था

ब्रिटिश-पाकिस्तानी कट्टरपंथी इस्लामवादी उपदेशक अंजम चौधरी को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को दिशा-निर्देश देने का दोषी पाया गया है। संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय जांच के बाद ब्रिटेन में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। अंजम चौधरी को ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' भी कहा जाता है।

अंजम चौधरी (57) को अल-मुहाजिर (एएलएम) में कार्यवाहक की भूमिका निभाते पाया गया था और लंदन के 'वूलविच क्राउन कोर्ट' में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि उसने 2014 के बाद एक महत्वपूर्ण अवधि के लिए आतंकवादी समूह को दिशा-निर्देश दिए थे और ऑनलाइन माध्यम से की गई बैठकों को संबोधित करके संगठन के लिए समर्थन को प्रोत्साहित किया था। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को उसे सजा सुनाई जाएगी। माना जा रहा है कि उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस, न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की ओर से की गई जांच के परिणामरूप दोषसिद्धि हो पाई।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद-रोधी कमांड के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने कहा, 'अल-मुहाजिर दुनिया भर में अपनी पहुंच बना चुका है और इसका जन सुरक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।' अल-मुहाजिर को पहली बार 2006 में अल घुरबा नाम से ब्रिटेन द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। अल-मुहाजिर को 2010 में वैकल्पिक नाम के रूप में प्रतिबंध में शामिल किया गया। चौधरी इसके मूल तीन सदस्यों में से एक था।

पिछले साल जुलाई में लंदन के एक एयरपोर्ट से चौधरी के एक सहयोगी 29 वर्ष के खालेद हुसैन को हिरासत में लिया गया था। उसे एएलएम का सदस्य होने का दोषी पाया गया था। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि जून 2022 से अपनी गिरफ्तारी होने तक चौधरी ने छोटे-छोटे समूहों में ऑनलाइन उपदेश देकर ब्रिटेन में इस्लामिक स्टेट की स्थापना पर जोर दिया।

श्रीलंका ने नौ भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को कथित तौर पर अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। इसी के साथ इस वर्ष श्रीलंका द्वारा ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 261 हो गई है। नौसेना ने कहा कि उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के डेल्फ्ट द्वीप पर नौ मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी दो नौकाएं जब्त की गई। नौसेना ने 11 जुलाई को कहा था कि इस साल अवैध शिकार करने को लेकर 252 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। इस माह के आरंभ में श्रीलंका ने भारत के समक्ष एक नौसैनिक की मौत के मामले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी। दोनों देशों के मछुआरों को अक्सर अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के जरिये करेंगे हल: ओली

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल के प्रधानमंत्री ने एक सांसद के सवाल का दिया जवाब

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा है कि भारत के साथ लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी जैसे क्षेत्रों सहित सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के माध्यम से हल करने के लिए समझ बनी हुई है। ओली ने प्रतिनिधि सभा में एक सांसद के सवाल का जवाब देते हुए सोमवार को उल्लेख किया कि नेपाल-भारत सीमा पर सीमा चौकियों का निर्माण और बहाली चल रही है।

'माई रिपब्लिका' ने ओली के हवाले से कहा, "संघीय संसद, नेपाल सरकार और सभी नेपाली नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के संबंध में स्पष्ट और दृढ़ रहे हैं। 17 जून, 2020 को नेपाल के संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से नए मानचित्रों को संविधान की अनुसूची-3 में शामिल किया गया है और सीमा मुद्दों पर एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय सहमति है। वर्ष 1816 की सुगौली संधि के अनुसार, नेपाल सरकार दृढ़ और स्पष्ट है कि लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित काली (महाकाली) नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाल के हैं।" उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं के अवसर पर हुई बैठकों के दौरान, स्थापित राजनयिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने पर सहमति बनी थी।

खोज-खबर | सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर के आपसी संपर्क को किया उजागर

भौतिकीविदों का अंतिम पारसेक समस्या के निदान का प्रस्ताव

संवाददाता, नैनीताल



ब्लैक होल की तस्वीर।

अमृत विचार: खगोल भौतिकीविदों ने अंतिम पारसेक समस्या के निदान के लिए नया समाधान प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में सुपरमैसिव ब्लैक होल व डार्क मैटर कनेक्शन को उजागर किया गया है। जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

दरअसल, पारसेक एक खगोलीय मापन मात्रक है, जो सर्वाधिक दूरी को मापने के लिए उपयोग में लाई जाती है। मगर अंतिम पारसेक समस्या वैज्ञानिकों के लिए अभी तक रहस्य बना हुआ था। इसे नए शोध के जरिए सुलझाने का प्रयास किया गया है, जिसमें एक सुपरमैसिव ब्लैक होल बाइनरी सिस्टम द्वारा उत्सर्जित प्रकाश पर शोधकर प्रस्ताव दिया गया है। शोध में वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड की कुछ सबसे बड़ी और छोटी वस्तुओं के बीच एक संबंध पाया है।

यह संबंध सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर कण के बीच है। उनकी नई गणना से पता चलता है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल (एसएमबीएच) के जोड़े डार्क मैटर कणों के पहले से नजरअंदाज किए गए व्यवहार के कारण एक बड़े ब्लैक होल में विलीन हो सकते हैं और यही अंतिम पारसेक समस्या के समाधान का प्रस्ताव है।

यह शोध प्रतिरूपित डार्क मैटर कणों के बीच परस्पर क्रिया गैलेक्टिक डार्क मैटर हेलो के आकार को भी स्पष्ट करता है। साथ ही डार्क मैटर के व्यवहार में भी प्रकाश डालता है। शोध में टोरंटो विश्वविद्यालय, मैकगिल विश्वविद्यालय, ट्रॉटियर अंतरिक्ष संस्थान, स्विट्जरलैंड के सीईआरएन सैद्धांतिक भौतिकी विभाग के वैज्ञानिक और शोध छात्र शामिल थे।

खगोलीय मापन की इकाइयां

नैनीताल: खगोलीय मापन में तीन प्रकार की इकाइयां उपयोग में लाई जाती हैं। जिनमें सबसे छोटी इकाई को खगोलीय मात्रक यानी पृथ्वी व सूर्य के बीच की औसत दूरी को लिया जाता है। इसे एक खगोलीय इकाई कहा जाता है। दूसरी इकाई प्रकाश वर्ष यानी एक वर्ष में चलने वाले प्रकाश की दूरी होती है। इसके अलावा सबसे लंबी दूरी को मापने के लिए पारसेक इकाई का उपयोग किया जाता है। यह सबसे बड़ा मात्रक है। जिसका मान 3 गुणा 6 प्रकाश वर्ष होता है।

मुस्लिमों के जबरन दाह संस्कार पर माफी मांगेगा श्रीलंका

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति की थी लागू

श्रीलंका की सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह कोविड-19 से जान गंवाने वाले मुस्लिम व्यक्तियों के जबरन दाह संस्कार के लिए देश के मुस्लिम समुदाय से औपचारिक रूप से माफी मांगेगी। श्रीलंकाई सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति लागू की थी।

वर्ष 2020 में कोविड-19 पीड़ितों के दाह संस्कार का अनिवार्य आदेश जारी किया गया था, जिससे मुसलमानों सहित कई अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को उनके धार्मिक अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। हालांकि, बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बीच फरवरी 2021 में इस आदेश को रद कर दिया गया था। एक कैबिनेट नोट के अनुसार, श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने सोमवार को एक बैठक में मार्च 2020 में थोपे गए आदेश के लिए मुस्लिम समुदाय से माफी मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने सरकार की ओर से सभी समुदायों से माफी मांगने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने ऐसे विवादास्पद कदमों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानून लाने का भी निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने धर्म के आधार पर शवों को दफनाने या दाह संस्कार पर एक प्रस्तावित कानून को भी मंजूरी दे दी है।